
इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, परिवार का महत्व और बदलता स्वरूप व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।
www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

वैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -261, पृष्ठ -18+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 39.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 23 | सूर्यास्त 18 : 47

कानपुर, रविवार, 12 मई 2024

सरफरोश के सीक्वल में काम करना चाहते हैं आमिर...-2

# दूल्हे सहित चार बाराती जिंदा जले

कार्यालय संवाददाता, जालौन


हादसे के बाद धू-धू कर जलती कार।

- झांसी-कानपुर हाईवे पर बड़ागांव क्षेत्र के पारीछा ओवरब्रिज पर हुआ हादसा
- एरच थाना क्षेत्र के बिलाटी गांव से बड़ागांव क्षेत्र के छापर जा रही थी बारात

**अमृत विचार :** झांसी-कानपुर हाईवे पर शुक्रवार देर रात डीसीएम और कार की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। इससे कार सवार दूल्हे समेत चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। बारात एरच थाना क्षेत्र के बिलाटी गांव से बड़ागांव थाना क्षेत्र के छापर जा रही थी। पुलिस और दमकल टीम ने कार से दो घायलों को निकालकर झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। हादसे के बाद वर-कन्या पक्ष में मातम पसर गया।

एरच थाना क्षेत्र के बिलाटी गांव से आकाश (23) बारात लेकर बड़ागांव थाना क्षेत्र के छापर गांव जा रहा था। उसके साथ कार में भतीजा ईशु (7) और आशीष (20) समेत अन्य परिजन सवार थे। शुक्रवार रात करीब 12 बजे कार जैसे ही परीछा ओवरब्रिज के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज रफ्तार आए डीसीएम ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार में आग लग गई। सभी बाराती कार के अंदर फंस गए। कोई भी बाहर नहीं निकल पाया।

दूल्हे की कार के पीछे परिवार के लोग दूसरी गाड़ी से चल रहे थे। जब तक वे लोग पहुंचे, तब तक कार आग की लपटों से घिर गई। परिजनों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी। पुलिस के साथ पहुंची दमकल टीम ने किसी तरह आग बुझाकर कार के अंदर से लोगों को निकाला। तब तक आकाश, ईशू, आशीष समेत कार ड्राइवर की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए।

## मणिशंकर अय्यर के परमाणु बम वाले बयान पर प्रधानमंत्री ने कसा तंज

# पाकिस्तान बम बेचने के लिए तलाश रहा खरीददार : मोदी

ओडिशा, एजेंसी



- ओडिशा में बोले प्रधानमंत्री-50 सीट भी नहीं जीत पाएगी कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 50 सीट भी नहीं जीत पाएगी और चुनाव के बाद उसे विपक्षी दल का दर्जा भी नहीं मिलेगा। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के पाकिस्तान के पास परमाणु बम संबंधी बयान पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि इन डरे हुए लोगों (कांग्रेस) ने देश की जनता के उत्साह को खत्म कर दिया है। आज पाकिस्तान ऐसी स्थिति में है कि वह अपने पास मौजूद बम को संभाल नहीं पा रहा है। वे अब अपने बम बेचने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन उन्हें खरीदार नहीं मिल रहे हैं क्योंकि लोगों को पता है कि उनके बम खराब गुणवत्ता के हैं।

कंधमाल, बोलंगीर और बारगढ़ लोकसभा सीट पर चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि ओडिशा की 'अस्मिता' खतरे में है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार बनेगी और ओडिशा में भाजपा सरकार का मुख्यमंत्री वही बेटी या बेटा बनेगा जो उड़िया भाषा और उड़िया संस्कृति को समझता हो। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस को लोकसभा में प्रमुख विपक्षी दल बनने के लिए 10 प्रतिशत सीट नहीं मिल पाएंगी। राहुल गांधी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे 2014 के चुनाव के बाद से वही स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं...।

### मोदी के चुनावी भाषण में होती हैं खोखली बातें: प्रियंका



**नंदूरबार।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने चुनावी भाषणों में खोखली बातें करते हैं, उनकी बातों में कोई विजन नहीं होता है। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी के साहस और दृढ़ संकल्प जैसे गुणों को अपनाने चाहिए। वह नंदूरबार से कांग्रेस प्रत्याशी गोवाल पाडवी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रही थीं।

### मोदी की डोर टेंपो वाले अरबपतियों के हाथ : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए उन्हें टेंपो वाले अरबपतियों का एक कठपुतली राजा बताया। कांग्रेस को अडाणी और अंबानी से टेंपो में नकदी मिलने की टिप्पणी को लेकर मोदी पर हमलावर हुए गांधी ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया जिसमें शुक्रवार को लखनऊ में एक कार्यक्रम में उनके भाषण के कुछ अंश शामिल हैं।

# तीन बच्चों, मां-पत्नी की हत्या कर खुद को भी गोली मारकर दी जान

## साले का आरोप- जमीन के विवाद में पूरे परिवार को सुलाया गया मौत की नींद

संवाददाता, सीतापुर


अनुराग अपनी पत्नी प्रियंका और तीन बच्चों के साथ (फाइल फोटो)।

**मौत का तांडव**

- वर्ष 2023 में पिता की मौत के बाद अनुराग और उसके भाई अजीत के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहा था विवाद

> अनुराग द्वारा मां, पत्नी व तीन बच्चों की हत्या करने के बाद स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर लेने की बात सामने आ रही है। घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त असलहा व हथौड़ा बरामद किया गया है। सामूहिक हत्या प्रत्येक पहलू की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।
> –चक्रेश मिश्रा, एसपी सीतापुर

**अमृत विचारः** रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के मां, पत्नी और तीन बच्चों की हत्या करने के बाद अधेड़ ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पत्नी को हथौड़े से, मां को गोली मारकर और बच्चों को छत से फेंककर हत्या की गई। पांच हत्याओं व आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुटी हुई है। इस प्रकरण पर ग्रामीणों का कहना है कि हत्या करने वाला युवक नशे का आदी था। जबकि मृतका प्रियंका का भाई भूमि विवाद के चलते हत्या का दावा कर रहा है।

क्षेत्र के ग्राम पाल्हापुर निवासी अनुराग सिंह (45) पुत्र स्व. वीरेंद्र सिंह ने शनिवार तड़के तीन बजे घर में सो रही मां सावित्री (65) व पत्नी प्रियंका (39) को पहले गोली मारी। यही नहीं, पत्नी के सिर पर हथौड़े से वार किया, ताकि वो जिंदा न बचे। इसके बाद अनुराग ने बेटी आर्ना (12), आरवी (8) और पुत्र आद्विक (5) को छत से नीचे फेंक दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पांचों की हत्या करने के बाद अनुराग ने स्वयं को गोली मार आत्महत्या कर ली। अनुराग के भाई अजीत की सूचना पर पहुंची पुलिस व एफएसएल टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मौके से खून से सना हथौड़ा भी बरामद किया। अजीत ने बताया कि शुक्रवार देर शाम अनुराग की पत्नी और उसके बच्चे लखनऊ से आए थे। देर शाम दोनों के बीच शुरू हुआ विवाद देर रात तक चलता रहा। इस दौरान वह जाकर कमरे में सो गया। मां, भाभी व तीनों बच्चों की मौत के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है। छह मौतों के बाद भाई अजीत की यह बात किसी के गले नहीं उतर रही है।

पुलिस के मुताबिक अनुराग की पत्नी प्रियंका लखनऊ स्थित जानकीपुरम में निजी फ्लैट में अपने तीन बच्चों के साथ रहकर एक निजी इंश्योरेंस कंपनी में सेवा देती थी। परिजनों ने बताया कि प्रियंका अपने तीनों बच्चों को लखनऊ स्थित सीएमएस अलीगंज में पढ़ा रही थी। गुरुवार को स्कूल बंद होने के बाद अगले दिन पत्नी बच्चों को लेकर गांव पहुंच गई थी। अनुराग और प्रियंका की शादी करीब 14 साल पहले हुई थी। अनुराग ने सिविल सेवा के लिए तैयारी भी की थी। सफलता न मिलने पर अनुराग गांव जाकर खेती करने लगा, अपने पिता का हाथ बंटाने लगा था। वहीं, प्रियंका के भाई आदित्य का कहना है कि वर्ष 2023 में पिता की मौत के बाद अनुराग व उसके भाई अजीत के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। आदित्य ने दावा किया कि सभी छह लोगों की हत्या की गई है।

# शाह बनेंगे प्रधानमंत्री, हटा दिए जाएंगे योगी

नई दिल्ली, एजेंसी

**केजरीवाल का दावा**



- भाजपा लोकसभा चुनाव जीतती है तो जेल में होंगे विपक्षी नेता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अगले साल रिटायर हो जाएंगे। वह (मोदी) अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। यह भी कहा कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो पार्टी दो महीने के भीतर उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बदल देगी। दावा किया कि यदि भाजपा लोकसभा चुनाव जीतती है तो पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव समेत सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया जाएगा।

केजरीवाल ने यहां आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि भाजपा सत्ता में वापस नहीं आएगी और चार जून को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी केंद्र में सरकार का हिस्सा बनेगी।

केजरीवाल ने कहा कि ये लोग इंडिया गठबंधन से उनके चेहरे के बारे में पूछते हैं। मैं भाजपा से पूछता हूं कि उनका प्रधानमंत्री कौन होगा? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। उन्होंने नियम बनाया था कि 75 साल की उम्र वालों को 'रिटायर' कर दिया जाएगा। उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन को रिटायर (सेवानिवृत्त) कर दिया। उन्होंने कहा कि मोदी भी अगले साल रिटायर हो जाएंगे।

### शाह का जवाब-मोदी ही करते रहेंगे नेतृत्व



**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल के दावे पर गृहमंत्री अमित शाह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। शाह ने कहा पूर्व हो, पश्चिम हो, उत्तर हो या दक्षिण होइस देश की जनता हर कोने में प्रधानमंत्री मोदी के प्रचंड समर्थन में खड़ी है। इंडिया गठबंधन के नेताओं को पता है कि भाजपा 400 पार करने जा रही है और मोदी तीसरी बार इस देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इसलिए, केजरीवाल इस प्रकार की अफवाह फैला रहे हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि नरेंद्र मोदी ही 2029 तक नेतृत्व करेंगे और मोदी ही आने वाले चुनाव का नेतृत्व करेंगे।

## प्रख्यात पंजाबी कवि और लेखक सुरजीत पातर का निधन



**लुधियाना।** प्रख्यात पंजाबी कवि एवं लेखक सुरजीत सिंह पातर (79) का शनिवार की सुबह निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे उनकी पत्नी भूपिंदर कौर ने उन्हें जगाने की कोशिश की लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पातर के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं जिनमें से एक ऑस्ट्रेलिया में रहता है। पातर के करीबी सहयोगी गुरभजन गिल ने कहा कि सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया जा सकता है।

## दिल्ली में तूफान से दो की मौत, 23 घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

- तेज हवाओं से उखड़े पेड़ और बिजली के खंभे

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तूफान से संबंधित घटनाओं में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। कई स्थानों पर तेज हवाओं के कारण पेड़, बिजली के खंभे उखड़ गए और दीवारों के कुछ हिस्से गिर गए। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार देर रात आई धूल भरी आंधी के कारण कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति भी बाधित हो गई। पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में जनकपुरी फ्लाईओवर के पास एक पेड़ की शाखा गिरने से दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना में एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उसमें सवार लोग सुरक्षित हैं। रात करीब 11 बजे केएन काटजू मार्ग पर आईबी ब्लॉक के पास एक पेड़ के नीचे दबने एक मजदूर की मौत हो गई।

वहीं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शुक्रवार रात आई तेज आंधी के चलते नोएडा के सेक्टर 62 स्थित एलआईसी भवन के पास स्थित एक इमारत में लोहे की शटरिंग गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई है और तीन अन्य की हालत नाजुक बताई जाती है। ये मजदूर शटरिंग गिरने से लोहे के पाइप के नीचे दब गए थे।

## चौथे चरण की सीटों पर चुनाव प्रचार थमा

- मतदान के लिए आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

**लखनऊ।** प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों व एक विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए शनिवार की शाम प्रचार थम गया। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां 12 मई को रवाना होंगी। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण के सभी लोकसभा सीटों के लिए 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जबकि शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिए 10 प्रत्याशी हैं।

# सीएम आवास पर होता था दंगाइयों का महिमामंडन

संवाददाता, कन्नौज/कानपुर/उन्नाव



- इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो फिर से लौट आएगा आतंकवाद का दौर
- मुख्यमंत्री ने कन्नौज, कानपुर व उन्नाव में पार्टी प्रत्याशियों के लिए जनसभा की

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा शासन में मुख्यमंत्री आवास पर दंगाइयों का महिमामंडन होता था। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो फिर से आतंकवाद का दौर लौट आएगा। मुख्यमंत्री शनिवार को कन्नौज, कानपुर व उन्नाव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे।

तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री ने तीनों सीट पर क्रमशः सुब्रत पाठक, रमेश अवस्थी, साक्षी महाराज व अकबरपुर से देवेंद्र सिंह 'भोले' को विजय दिलाने की अपील की। उन्होंने कन्नौज में सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन को यहां प्रत्याशी नहीं मिल रहा था, इसलिए वह चुनाव लड़ रहे हैं। पहले किसी को टिकट दिया, फिर उसका टिकट काट दिया। दूसरे को दिया तो वह मैदान छोड़कर भाग गया। तीसरे की घोषणा की तो उसने मना कर दिया। जब कोई नहीं मिला तो सपा अध्यक्ष कह रहे हैं कि वह सेवा करना चाहते हैं। इनके पास जब मौका था, तब कन्नौज के इत्र में बदबू फैलाने का काम कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने आम लोगों से आह्वान किया कि वह घर-घर जाएं और कहें कि उन्हें रामभक्त चाहिए, रामद्रोही नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कहा था कि 'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे।' तब सपा के लोग रामभक्तों पर गोलियां चलाते थे। इनके समय में अयोध्या में आतंकी हमला हुआ था। यह लोग आतंकियों के मुकदमे वापस लेते थे। कांग्रेस ने देश और सपा ने यूपी की जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया।

वर्ल्ड कप विजेता श्री कपिल देव द्वारा होम्योपैथिक रत्न अवार्ड से सम्मानित किए गए डॉक्टर अतुल मिश्रा




बर्निट कम्पनी के सीएमडी डॉ. नितीश चन्द्र दुबे, डॉक्टर राम जी सिंह (सीसी एच प्रेसिडेंट), डिप्टी सीएम श्री ब्रजेश पाठक जी, राज्य सभा सांसद पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा जी, श्री दया शंकर मिश्रा दयालू (आयुष मिनिस्टर), 1983 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के भूत पूर्व कप्तान श्री कपिल देव जी, क्रिकेटर मदन लाल, केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे जी, कैलाश खेर, हरिओम पवार जी (राष्ट्रीय कवि) डॉक्टर कुमार विश्वास जी, (राष्ट्रीय कवि) और आजतक न्यूज़ चैनल के एंकर विक्रांत गुप्ता जी, जर्मनी से आए डॉक्टर शेर गिल की विशेष उपस्थिति में एक शानदार समारोह में डॉक्टर अतुल मिश्रा जी को होम्योपैथिक चिकित्सा रत्न सम्मान से कपिल देव जी ने सम्मानित किया।

सबका साथ | सबका विकास | सबका इलाज

रोगोन्मूलनम् | डा0 अतुल मिश्रा जर्मन होम्यो क्लीनिक | दीर्घजीवनम्

डॉ. अतुल मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S., R.N.S.H.M.C. (Gwalior)
M.D. (German Homoeo Gastro Liver Hospital)
& Dr. Herring German Homoeo Clinic
गेस्ट्रोलीवर एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

डॉ. प्रीति मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S. Indore
Mob.: 7800006601, 7800005505

त्वचा रोगः खुजली, मुंहासे, सफेद दाग, सोराइसिस, छाजन, मस्से, झाईंया एक्जिमा दाद।
श्वास रोगः छींक आना एलर्जी, जुकाम, अस्थमा, साइनोसाइटिस।
पेट रोगः जलन गैस, अपचन, छाले, एसीडिटी, फैटी लीवर, कब्ज, गैस, बवासीर भगन्दर, मस्से।
पथरीः गुर्दे की पथरी, पित्त की थैली की पथरी।
मूत्र रोगः पेशाब में जलन, प्रोस्टेट।
हड्डी रोगः गठिया, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, सरवाइकल, साइटिका
पुरुषों में रोगः शीघ्र पतन, स्वप्न दोष नपुंसकता, धातु रोग।



अटल अरोग्य®
जर्मन होम्यो क्लीनिक
आधुनिक मशीन द्वारा पूरे शरीर की निःशुल्क जाँच
अब नहीं कराना होगा आपरेशन, जटिल एवं असाध्य रोगों को जर्मन होम्योपैथिक दवाओं द्वारा सफल इलाज

बाल झड़ना एवं गंजापनः डैंड्रफ बालों का झड़ना व सफेद होना।
मस्तिक का रोगः सर दर्द, अधकपारी, ट्यूमर, याददास्त में कमी, चिड़चिड़ापन।
स्त्री रोगः बच्चे दानी की गाँठ, स्तन में गाँठ, बाँझपन, अनियमित महावारी, सफेद पानी।
अन्य रोगः पैरालिसिस, मिर्गी, कमजोरी, नींद न आना, दाँतों की बीमारी पार्किन्सन, डिप्रेशन, एलाजाइमर, बी.पी., थॉयराइड, हार्निया, डायबटीज, हाथ पैरों में झनझनाहट व सुन्न होना।



उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री बृजेश पाठक जी द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

विधान सभा अध्यक्ष मा. सतीश महाना जी का स्वागत एवं अभिनन्दन करते डा. अतुल मिश्रा



लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान श्री केशव प्रसाद मौर्य (उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार) द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।


माननीय सांसद साक्षी महाराज जी से आशिर्वाद लेते हुए डॉ. अतुल मिश्रा


कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता "नन्दी" से एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करते हुए अटल आरोग्य जर्मन होम्यो क्लीनिक के एमडी डा. अतुल मिश्रा व डा. प्रीति मिश्रा।


माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को स्मृति चिन्ह भेंट करते डॉ. अतुल मिश्रा | माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. अतुल मिश्रा | माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. प्रीति मिश्रा

फ्री परामर्श व जांच सुविधा
30 जून 2024 तक उपलब्ध
मुफ्त जाँच | मुफ्त परामर्श

कानपुर
घन्टाघर चौराहे के पास गणेश मन्दिर के सामने
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 3.00 से 4.00 बजे तक

मरियमपुर चौराहे के पास शनि मन्दिर के सामने नियर फजलगंज चौराहा
डॉ अतुल मिश्रा
प्रातः 8.00 बजे से 11.00 बजे तक सायं 6.00 बजे से 8.30 बजे तक
डॉ प्रीति मिश्रा
पूर्वाहन 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक (बृहस्पतिवार अवकाश)

ग्वालटोली- 12/226, ग्वालटोली, स्टेट बैंक के बगल में
(प्रत्येक बृहस्पतिवार) प्रातः 9.00 से 10.00 बजे तक

लाल बंगला-हरिजन्दर नगर चौराहा खालसा स्कूल के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा वाली बिल्डिंग
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 01.00 से 02.00 बजे तक

इसमें निःशुल्क जांच व निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा

9889970047, 7052873333
8299527940, 6389040009

## आज का मुकाबला

चेन्नई सुपरकिंग्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
दोपहर 3:30 बजे

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 12 | 634 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

# रॉयल्स को हराकर सीएसके मजबूत करना चाहेगी दावा

चेन्नई, एजेंसी



चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल के प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सुपर किंग्स की टीम अभी 12 मैच में 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को हार के कारण उस पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है और उसे अब बाकी बचे दोनों मैच में जीत दर्ज करने की जरूरत है।

दूसरी तरफ रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है लेकिन पिछले दो मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के कारण उसका मनोबल गिरा है। रॉयल्स की टीम पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा नहीं मंडरा रहा है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम नॉकआउट चरण से पहले जीत की राह पर लौट के लिए बेताब होगी। सुपर किंग्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सबसे बड़ी निराशा शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों अजिंक्य रहाणे, रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड से मिली। यह तीनों बल्लेबाज रॉयल्स के खिलाफ उसकी भरपाई करना चाहेंगे। डेरिल मिचेल और मोईन अली का अच्छा प्रदर्शन सुपर किंग्स के लिए इस मैच में सकारात्मक पहलू रहा। विश्व कप टीम में चुने गए शिवम दुबे गुजरात के खिलाफ 13 गेंद पर 21 रन ही बना पाए थे।

# अब भी प्लेआफ में जा सकती है गुजरात, चमत्कार होते हैं : गिल

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल को उम्मीद है कि उनकी टीम आईपीएल के प्लेआफ में जगह बनायेगी हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स को 35 रन से हराने के बावजूद उसके लिए राह आसान नहीं है।

गुजरात 12 मैचों में 10 अंक लेकर आठवें और चेन्नई 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। गिल ने कहा हमारी क्वालीफाई करने की संभावना 0.1 या 1 प्रतिशत है। हम सभी को लगता है कि हम अभी भी प्लेआफ में जगह बना सकते हैं। क्योंकि मैने देखा है कि इस टीम ने चमत्कार किए हैं और हम फिर कर सकते हैं। चेन्नई के खिलाफ शतक जमाकर टीम को तीन विकेट पर 231 रन तक पहुंचाने वाले गिल का मानना है कि उनकी टीम कुछ रन पीछे रह गई। 15 ओवर में बिना किसी नुकसान के स्कोर 195 रन था और 250 तक पहुंचना चाहिए था।



### धीमी ओवरगति के लिए गिल पर लगा जुर्माना

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। यह टीम का इस सत्र में धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध था। इसके लिए हर खिलाड़ी पर छह लाख रूपये या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया है।

# आरसीबी के लिए दिल्ली से करो या मरो का मुकाबला

बेंगलुरू, एजेंसी



लगातार चार मैच जीतकर प्लेआफ की दौड़ में बनी हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को अपना दावा बनाए रखने के लिए आज दिल्ली कैपिटल्स को हर हालत में हराना होगा। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को दो बार हराने के अलावा पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है। गुजरात और पंजाब से आरसीबी को कोई चुनौती नहीं मिली और सनराइजर्स को उसने करीबी मुकाबले में हराया। दूसरी ओर दिल्ली के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम ने 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस पर दस रन से मिली जीत में चार विकेट पर 257 रन बनाये थे तो 29 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी।

आरसीबी 12 मैचों में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर है और अब हारने से उसके लिये रास्ते बंद हो जाएंगे। कोहली के अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार, कैमरन ग्रीन और दिनेश कार्तिक ने भी अच्छा पारियां खेली हैं। वहीं, दिल्ली के जैक फ्रेसर मैकगुर्क के सामने होगी जो 235.87 के स्ट्राइक रेट से सात मैचों में 309 रन बना चुके हैं। सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने भी 157 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं पर प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी।

## खेल डायरी

### स्ट्राइक रेट बेहतर करने की जरूरत : यूनिस खान



**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान यूनिस खान ने बाबर आजम, फखर जमां और मोहम्मद रिजवान जैसे अन्य अनुभवी खिलाड़ियों को आधुनिक क्रिकेट की आवश्यकताओं के अनुरूप स्ट्राइक रेट बढ़ाने की सलाह दी है। यूनिस ने कहा कि खिलाड़ियों को टी 20 प्रारूप में किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहना चाहिए। इसी तरह गेंदबाजों को दबाव की स्थिति में गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहना चाहिए। पाकिस्तान को 2009 में टी20 विश्व कप खिताब दिलाने वाले यूनिस ने कहा मुझे लगता है कि बाबर, रिजवान, फखर जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को स्ट्राइक रेट पर काम करना शुरू करना होगा।

### विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में रमित

**नई दिल्ली।** भारत के रमित टंडन ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के फराज खान को हराकर काहिरा में चल रही विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 36वें नंबर के खिलाड़ी और इस टूर्नामेंट में सीधा प्रवेश पाने वाले टंडन ने विश्व में 57वें नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी को केवल 13 मिनट में 11-1, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त दी। इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी टंडन का अगला मुकाबला रविवार को इंग्लैंड के सातवीं वरीयता प्राप्त मोहम्मद अल शोरबागी से होगा।

### नडाल इटैलियन ओपन में हुर्काज से हारे

**रोम।** राफेल नडाल डेढ़ साल में पहली बार शीर्ष 10 के खिलाड़ी के सामने थे लेकिन उन्हें इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में नौवीं रैंकिंग के हुबर्ट हुर्काज से हार का सामना करना पड़ा। नडाल अपने पसंदीदा क्ले कोर्ट पर हुर्काज से 1-6, 3-6 से हार गए। अब हुर्काजा का सामना टॉमस एचेवेरी से होगा जिन्होंने थियागो सेबोथ को 6-3, 7-5 से मात दी। अगर नडाल फ्रेंच ओपन में अंतिम बार प्रतिस्पर्धी होना चाहते हैं तो उन्हें 26 मई से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट से पहले कड़ा अभ्यास करना होगा। नडाल पहले ही संकेत दे चुके हैं कि यह टूर पर उनका अंतिम सत्र होगा।

### धीमी ओवर गति के कारण हुआ पंत का निलंबन



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत आरसीबी के खिलाफ आज के अहम मैच में नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें मौजूदा सत्र में तीन बार धीमी ओवर गति के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सात मई को दिल्ली कैपिटल्स की 20 रन की जीत के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए पंत पर 30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस मैच के आखिरी ओवर में तय समय से 10 मिनट पीछे थी। ऋषभ पंत पर सात मई 2024 को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ धीमी ओवर गति के कारण आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया है और उन्हें एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है।

### वेस्टइंडीज ने जारी किया वार्षिक कार्यक्रम

**मुबंई।** वेस्टइंडीज की टीम 23 मई से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 शृंखला खेलेगी। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने इस साल के अपने घरेलू अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की है जिसके अनुसार टीम मई से दिसंबर के बीच दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका सीरीज के तुरंत बाद टी20 विश्व कप की शुरुआत होगी, जिसकी सह मेजबानी अमेरिका के साथ वेस्टइंडीज कर रहा है। विश्व कप के बाद जुलाई में टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज, इंग्लैंड की मेजबानी करेगा। अगस्त में साउथ अफ्रीकी टीम फिर से वेस्टइंडीज पहुंचेगी, जहां उन्हें दो टेस्ट और तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलना है। टेस्ट सीरीज से पहले दोनों टीमों के बीच टारौबा में चार दिनों का एक अभ्यास मैच भी होगा। नवंबर में फिर से इंग्लैंड की टीम तीन वनडे और पांच टी20 मैचों के लिए कैरेबियन द्वीप का दौरा करेगी।

# तीन साल बाद घरेलू दर्शकों के सामने नीरज फेकेंगे भाला

## ओलंपिक की तैयारी में जुटे चोपड़ा ने पिछले फेडरेशन कप में जीता था स्वर्ण

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा रविवार से यहां शुरू होने वाली राष्ट्रीय फेडरेशन कप एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र होंगे लेकिन कई अन्य शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के कारण चार दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता की चमक थोड़ी काम हो गई है।

26 वर्षीय खिलाड़ी तीन साल बाद पहली बार किसी घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इससे पहले चोपड़ा ने फेडरेशन कप में ही 21 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 में विश्व चैंपियन बने। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था। चोपड़ा ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहा है। उनका सर्वश्रेष्ठ



व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

यह स्टार खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक की तैयारी में जुटा है और उन्हें उम्मीद है कि वह ओलंपि क खेलों में अपने खिताब का बचाव करने में सफल रहेंगे। उन्होंने इस सत्र की शुरुआत दोहा में डायमंड लीग से की जिसमें वह दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने लंबे समय बाद भारत में खेलने के संबंध में कहा मेरे लिए मेरा खेल सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। अगर मैं भारत में खेलता हूं तो यह मेरे प्रोफाइल के लिए अच्छा होगा। तोक्यो ओलंपिक से पहले मैं भारत में ही अभ्यास करता था लेकिन अभी मैं केवल अपने खेल पर ध्यान देना चाहता हूं। मैं बाद में भारत में अभ्यास करूंगा। गोला फेंक के एथलीट तेजिंदर पाल सिंह तूर जैसे कुछ खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के यह क्वालीफाई करने या रैंकिंग अंक हासिल करने की कोशिश करेंगे। दोहा डायमंड लीग में नौवें स्थान पर रहे किशोर जेना भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ऐसे में सभी की निगाहें पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा पर टिकी रहेंगी।

भाला फेंक में क्वालीफाइंग राउंड 14 मई को और फाइनल 15 मई को होगा। एशियाई खेलों के पदक विजेता अविनाश साबले (पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज़), ज्योति याराजी (महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़), पारुल चौधरी (महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़), अन्नू रानी (महिलाओं की भाला फेंक) और हरमिलन बैंस (महिलाओं की 800 मीटर और 1500 मीटर) उन शीर्ष एथलीटों में शामिल हैं जो विदेशों में अभ्यास करने के कारण इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएंगे। फर्राटा धावक मणिकांत होबलीधर (100 मीटर) और अमलान बोरगोहेन (200 मीटर) भी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं।



# 16 ओवर का हुआ केकेआर-मुंबई का मैच

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और मुबंई इंडियंस (एमआई) के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 60वां मुकाबला बारिश की वजह से विलंब से शुरु होने की संभावना है। ईडन गार्डन मैदान पर खेले जाने वाले मैच का टॉस बारिश के कारण नहीं हो सका था। बारिश फिलहाल रुक गई है और गीली आउटफील्ड को सुखाने के लिए ग्राउंड स्टाफ कड़ी मशक्कत कर रहा है। मैदानी अंपायर मैदान का निरीक्षण करने के बाद खेल के शुरु कर दिया है और यह मुकाबला 16-16 ओवरों का हुआ। केकेआर के लिहाज से यह मैच बेहद महत्वपूर्ण है। अगर यह मैच मेजबान टीम जीतती है तो वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन जाएगी वहीं नौवें स्थान पर काबिज और खिताबी दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी मुबंई इस मैच को जीतकर अपना मनोबल बनाए रखने की पुरजोर कोशिश करेगी। मुबंई ने टॉस जीत कर कोलकाता को पहले बल्लेबाजी का निमंत्रण दिया है।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | +0.406 |
| चेन्नई | 12 | 6 | 6 | 12 | +0.491 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 12 | 5 | 7 | 10 | +0.217 |
| गुजरात | 12 | 5 | 7 | 10 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.423 |



# एंडरसन वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के बाद लेंगे संन्यास

लंदन, एजेंसी

महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शनिवार को घोषणा की कि इस सत्र में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला का पहला टेस्ट उनके अर्रालाष्ट्रीय करिअर का आखिरी मैच होगा। एंडरसन ने अपने 20 साल के करिअर में 700 टेस्ट विकेट लिए है। 2003 में पदार्पण करने वाले एंडरसन सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज के साथ इस प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली सूची में मुथैया मुरलीधरन (800) और शेन वार्न (708) के बाद तीसरे स्थान पर है।

एंडरसन ने अपने इंस्टाग्राम पर



लिखा, सभी को नमस्कार। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि आगामी घरेलू सत्र में लॉर्डस मैदान पर खेला जाने वाला पहला टेस्ट मेरा आखिरी टेस्ट होगा। जिस खेल को मैं बचपन से पसंद करता था उसमें अपने देश का 20 साल तक प्रतिनिधित्व करना अविश्वसनीय रहा है। इंग्लैंड के लिए खेलने की कमी मुझे बहुत खलेगी।

# भारत को ओलंपिक में अच्छे नतीजे मिलेंगे : किम

नई दिल्ली, एजेंसी

मशहूर तीरंदाजी कोच और मेंटोर किम ह्युंग ताक का मानना है कि हाल ही में विश्व कप में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने वाले भारतीय तीरंदाजों को मजबूत तकनीकी अभ्यास का फायदा ओलंपिक में मिलेगा जहां वे स्वर्ण पदक जीत सकते हैं। अभी तक तीरंदाजी में भारत के लिये एकमात्र ओलंपिक कोटा धीरज बोम्मादेवरा ने जीता है। किम ने सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में कोचों के सेमिनार के बाद कहा भारतीय रिकर्व टीम ने काफी दमदार तकनीकी अभ्यास किया है । इससे उन्हें ओलंपिक में अच्छे नतीजे मिलने में मदद मिलेगी। अभ्यास और तैयारियों में निरंतरता बनाये रखने से पेरिस में पदक जीतना संभव है।

भारतीय रिकर्व तीरंदाज तुर्की के अंताल्या में 14 से 17 जून तक होने वाले आखिरी



क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में टीम कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। बोम्मादेवरा, तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव ने 28 अप्रैल को शंघाई में ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को हराकर 14 साल बाद विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। किम ने कहा कि भारत के सीनियर तीरंदाज युवाओं की मदद करने को तत्पर रहते हैं। दीपिका और तरूणदीप जैसे सीनियर उन्हें मार्गदर्शन देते हैं। इससे टीम बनाने में मदद मिलती है।

### मनु और अनीश ओलंपिक चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान पर

**भोपाल।** ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर और अनीश भानवाला शनिवार को राइफल और पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में अपनी स्पर्धाओं के क्वालीफिकेशन राउंड में मजबूत स्कोर से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। अनीश ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में 587 अंक के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि मनु महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में 585 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। फाइनल आज होगा जिसमें क्वालीफाई करने वाले पांच निशानेबाजों महत्वपूर्ण पोडियम अंक जुटाने होंगे। महिलाओं की पिस्टल स्पर्धा में रिदम सांगवान 586 अंक से शीर्ष पर रहीं जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 585 अंक के साथ मनु को पछाड़कर दूसरे स्थान पर रहीं। ईशा सिंह चौथे और अभिदन्या अशोक पाटिल पांचवें स्थान पर रहीं।

# ब्राजील की टीम से बाहर हुए नेमार



**रियो डी जनेरियो।** घुटने की गंभीर चोट से उबर रहे नेमार को कोपा अमेरिका अभियान के लिए ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है।अक्टूबर में बाएं घुटने के क्रूसिएट लिगामेंट के टूटने के बाद से नेमार ने नहीं खेला है और 32 वर्षीय खिलाड़ी के अमेरिका में 20 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए फिट होने की बहुत कम संभावना जताई गई थी।मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर कासेमिरो और टोटेनहम हॉटस्पर के फॉरवर्ड रिचर्डसन भी टीम में जगह बनाने से चूक गए। दोना अपने-अपने क्लबों में खराब फॉर्म और चोटों से जूझ रहे हैं। मैनेजर डोरिवल जूनियर ने 23 सदस्यीय टीम में पाल्मेरास के किशोर एंड्रिक को नामित किया है। फारवर्ड जुलाई में 18 साल का होते ही रियल मैड्रिड में शामिल हो जाएगा, उन्होने वेम्बली स्टेडियम में इंग्लैंड पर 1-0 की जीत में और मार्च में सैंटियागो बर्नब्यू में स्पेन के खिलाफ 2-2 से ड्रा में ब्राजील के लिए गोल किया था। ब्राजील अपने कोपा अमेरिका अभियान की शुरुआत 24 जून को लॉस एंजिल्स में कोस्टा रिका के खिलाफ करेगा और ग्रुप चरण में पराग्वे और कोलंबिया से भी भिड़ेगा।

## बॉलीवुड हलचल



# सरफरोश के सीक्वल में काम करना चाहते हैं आमिर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान अपनी सुपरहिट फिल्म सरफरोश के सीक्वल में काम करना चाहते हैं। वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म सरफरोश में आमिर खान, सोनाली बेन्द्रे और नसीरउद्दीन साह ने मुख्य भूमिका निभायी थी। इस फिल्म में आमिर खान ने एक आईएएस ऑफिसर की भूमिका अदा की थी।फिल्म सरफरोश को रिलीज हुए 25 साल पूरे हो गए हैं। फिल्म के 25 साल पूरे होने पर आमिर खान और सरफरोश की टीम ने एक शानदार पार्टी रखी थी और जूहू के पीवीआर में स्पेशल स्क्रीनिंग रखी थी। आमिर खान ने खुलासा किया कि वह इस फिल्म के सीक्वल की तैयारी कर रहे हैं। सरफरोश 2 को लेकर आमिर खान ने कहा, मैं एक बात के बारे में कमिटेड हो सकता हूं, कि हम निश्चित रूप से इसके लिए सही स्क्रिप्ट और सही तरह की फिल्म के साथ आने के लिए वाकई में सीरियस होकर काम करेंगे।

# जापान में धूम मचा रही टाइगर 3

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म टाइगर 3, जापान में धूम मचा रही है। यशराज बैनर तले बनी मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म टाइगर 3 पिछले साल प्रदर्शित हुई थी। टाइगर 3 में सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म टाइगर 3 जापान में रिलीज की गई है। जापान में इंडियन फिल्मों का बहुत क्रेज है। जापान में फिल्म टाइगर 3 के रिलीज के एक सप्ताह पूरे हो गए हैं। जापान में फिल्म की रिलीज से पहले सलमान खान ने जापानी फैंस के लिए एक मैसेज भी छोड़ा था। सलमान खान इस वीडियो में कहते दिख रहे थे कि वह फिल्म टाइगर 3 के जापान में रिलीज होने पर बेहद एक्साइटेड हैं और फिल्म की रिलीज के मौके पर जापान में होना चाहते थे। टाइगर 3 ने जापान में सात दिनों में करीब 15 मिलियन की कमाई कर ली है।



### निर्देशन की दुनिया में आए बोमन ईरानी

मुंबई। बॉलीवुड के जाने-माने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने द मेहता बॉयज के साथ निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। बोमन ईरानी एक दशक से अधिक समय से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। वह अब एक फिल्म निर्माता के रूप में, अपनी बहुप्रतीक्षित निर्देशित पहली फिल्म द मेहता बॉयज के साथ चर्चा में हैं। अपने निर्देशन की पहली फिल्म द मेहता बॉयजमें बोमन ईरानी ने अविनाश तिवारी और श्रेया चौधरी के साथ अभिनय किया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



मंच से लोगों का अभिवादन करते सीएम योगी आदित्यनाथ, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व अन्य जनप्रतिनिधि।



मुख्यमंत्री की जनसभा में मौजूद भीड़। अमृत विचार

# 'सपा ने किया कन्नौज के इत्र में बदबू फैलाने का काम'

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कन्नौज लोकसभा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के समर्थन में झींझक में जनसभा कर मांगे वोट

**कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात**

**अमृत विचार।** अखिलेश यादव कन्नौज से चुनाव इसलिए लड़ रहे हैं कि इंडी गठबंधन को यहां प्रत्याशी नहीं मिल रहा था। पहले को टिकट दिया, फिर उसका टिकट काट दिया। दूसरे को दिया तो वह मैदान छोड़कर भाग गया। तीसरे की घोषणा की तो वह मना कर दिया। जब कोई नहीं मिला तो सपा अध्यक्ष कह रहे हैं कि सेवा करना चाहता हूं। जब मौका था तब कन्नौज की इत्र में बदबू फैलाने का काम कर रहे थे। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को करियाझाला मैदान झींझक में आयोजित जनसभा में कही।



झींझक में जनसभा को संबोधित करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

उन्होंने कहा सपा शासन में बेटियों-व्यापारियों की सुरक्षा से खिलवाड़ होता था। गरीबों के हक पर डकैती पड़ती थी। मुख्यमंत्री आवास बुलाकर दंगाइयों का महिमामंडन किया जाता था, लेकिन अब नए भारत का नया उत्तर प्रदेश दंगाइयों व कर्फ्यू लगाने वालों से कैसे निपटता है यह आप भी देख रहे होंगे। उन्होंने कन्नौज के सांसद व 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक को फिर से दिल्ली भेजने की अपील की।

सीएम ने लोगों से आह्वान किया कि घर-घर जाकर कहिए कि हमें रामभक्त चाहिए, रामद्रोही नहीं। सपा रामभक्तों पर गोली चलाती थी और आतंकियों के मुकदमे वापस लेती थी। भाजपा राम मंदिर बनवाती है।

आपके योगदान की बदौलत अयोध्या में 500 वर्ष के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। प्रभु ने इस अंतराल के बाद अपनी जन्मभूमि पर होली खेली। जन्मोत्सव मनाया और उनका सूर्य तिलक भी हुआ। नई अयोध्या के दर्शन कर यह लोक धन्य हुआ। पूर्वजों की आस और संकल्प को हमने अपनी आंखों के सामने पूरा होते भी देख लिया।

इस दौरान सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री असीम अरुण, संदीप सिंह, रसूलाबाद विधायक पूनम शंखवार, जिला प्रभारी अशोक राजपूत, जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजू, नगर पालिका अध्यक्ष झींझक अमित तिवारी, पूर्व विधायक निर्मला शंखवार, ऋषि सिंह, सोनू तिवारी, रसूलाबाद चेयरमैन देवशरण कमल, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### नया भारत केवल बोलता नहीं, करके दिखाता है

सीएम योगी ने कहा कि नया भारत केवल बोलता ही नहीं, करके दिखाता भी है। कांग्रेस ने देश और सपा ने यूपी की जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया। दोनों एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। एक बार फिर मिलकर जोर आजमाइश करना चाहते हैं। अब मोदी जी के आत्मनिर्भर व विकसित भारत के निर्माण के संकल्प से जुड़ने का अवसर आ गया है। कांग्रेस अपने और सपा सैफई परिवार को धन-संपदा से परिपूर्ण करने के लिए मैदान में है तो भाजपा राष्ट्रहित के लिए चुनाव लड़ रही है।

### माफिया की मौत पर मातम मनाने गए अखिलेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा सरकार में प्रदेश में हर तीसरे दिन दंगे होते थे। अराजकता चरम पर थी। गुंडागर्दी का आलम यह थी कि प्रदेश की बेटियां रिश्तेदारों या छात्रावास में जाकर रहने को विवश होती थीं, लेकिन नए भारत का नया प्रदेश कहता है कि माफिया-अपराधी के लिए प्रदेश की धरती पर कोई जगह नहीं है। माफिया-अपराधियों को उनकी जगह बता दी गई है, फिर भी सपा की संवेदना माफिया के साथ है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए सीएम ने कहा कि शिष्टाचार होता है। मुलायम सिंह यादव के निधन पर मैं व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष गए थे। प्रधानमंत्री ने संवेदना भी व्यक्त की थी। वहीं अखिलेश यादव ने रामभक्त, पूर्व मुख्यमंत्री-राज्यपाल कल्याण सिंह की मृत्यु पर संवेदना तक नहीं व्यक्त की, लेकिन माफिया की मौत पर मातम मनाने गए थे।

# 'यह चुनाव कौरव और पांडवों के बीच'

**कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात**

**अमृत विचार।** इस बार का चुनाव कौरव और पांडवों का है। एक तरफ भ्रष्टाचारी व वंशवादी पार्टी है और दूसरी तरफ भाजपा है। जिसका मुख्य उद्देश्य अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का विकास करना है। यह बात शनिवार को माती स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने कही।



पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी, सांसद देवेंद्र सिंह भोले।

- भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता कर अकबरपुर प्रत्याशी के लिए मांगा वोट

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं कि हम पांचवी अर्थव्यवस्था से अगले पांच सालों में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं। यह सब मोदी के विजन पर संभव हुआ। सपा के लोग शराब बेचने का काम करते थे और प्रशासन पूरी मदद करता था। कानपुर देहात में 22 लोगों की नकली शराब से मौत हुई थी। उन्होंने अकबरपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के पक्ष में समर्थन मांगा। सांसद देवेंद्र सिंह भोले, जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, पूर्व विधायक निर्मला शंखवार, जितेंद्र सिंह गुड्डन, सौरभ मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से दस साल के बच्चे की मौत

**संवाददाता रसूलाबाद**

**अमृत विचार।** ननिहाल आए दस वर्षीय बालक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।



हसनैन अली।

रठगांव बिधूना निवासी हसनैन अली (10) अपने ननिहाल कटरा निवासी सलीम के घर आया हुआ था। वह शनिवार को घर के बाहर सड़क किनारे खड़ा था। तभी मकनपुर की तरफ से रसूलाबाद की ओर रही तेज रफ्तार कार ने बालक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों ने कार को घेर कर हंगामा शुरू कर दिया। बाद में लोग कार रसूलाबाद थाने ले गए। चालक मौके से फरार हो गया। वहीं बालक की मौत पर मां सबीना बेगम पिता निजामुद्दीन, बहन सबा बानो, कशिश बानो, मामा सलीम, कलीमआदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार का पैर टूटा

**रूरा।** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार का पैर टूट गया। गुलाबपुर निवासी भूरा ने बताया कि उनका पुत्र नरेंद्र बाइक से अपने निजी काम से डेरापुर जा रहा था। तभी किशनपुर गांव के पास एक बिल्डिंग मेटेरियल दुकान के सामने ट्रक ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार नरेंद्र का बायां पैर टूट गया और अन्य चोट भी आई। ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन में घायल को सीएचसी रूरा में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लिया गया है। चालक मौके से फरार हो गया है। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सार-संक्षेप

### पीठासीन अधिकारी एमपीएस एप से देंगे मतदान की रिपोर्ट

**कानपुर देहात।** लोकसभा चुनाव में पीठासीन अधिकारी मतदान पोलिंग स्टेटस (एमपीएस) से भी मतदान की रिपोर्ट भेजेंगे। एप पर पीठासीन अधिकारी को बताना होगा कि कितने प्रतिशत महिला व पुरुष उनके केंद्र पर मतदान कर चुके हैं। यह एप पीठासीन अधिकारी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर डाउनलोड होगा। जनपद की लोकसभा अकबरपुर, इटावा व कन्नौज में 13 मई तथा जालौन गरौटा लोकसभा की विधानसभा भोगनीपुर में 20 मई को मतदान होने जा रहा है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए आयोग कर कदम उठा रहा है। ऐसे में चुनाव आयोग की नजर मतदान प्रतिशत पर भी रहेगी। इसके चलते असयोग ने एमपीएस एप लांच किया है। जिसपर पीठासीन अधिकारी हर दो घंटे के अंतराल पर मतदान प्रतिशत की रिपोर्ट देंगे। साथ ही मैनुअल तरीके से कागज पर भी रिपोर्ट बनाएंगे। पीठासीन अधिकारी एप से अपनी रिपोर्ट असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफीसर को देंगे। एआरओ यह रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को देंगे। जिसे चुनाव आयोग को भेजा जाएगा।



कसोलर में जनसभा को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

### सपा की सरकार में हावी रहते थे माफिया: राकेश सचान

**संदलपुर।** इटावा लोकसभा क्षेत्र की सिकंदरा विधानसभा के कसोलर गांव में शनिवार को कैबिनेट मंत्री जनसभा की। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया के पक्ष में समर्थन मांगा। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने जनसभा में कहा कि समाजवादी पार्टी माफिया के मरने पर फातिया पढ़ने के लिए जाती है। इनकी सरकार पर माफिया हावी रहते थे, लेकिन भाजपा सरकार में प्रधानमंत्री मोदी ने विकास किया है। किसानों की आय बढ़ाने के साथ ही बहन-बेटियों की सुरक्षा, समृद्धि के लिए प्रयास किए गए हैं। देश की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए काम किया गया है। आज कहीं देश में कोई पटाखा भी फट जाता है तो पाकिस्तान डरकर पूरी दुनिया को सफाई देता है। ग्राम प्रधान कासोलर प्रदीप कटियार, प्रधान मुहम्मदपुर सुल्तानपुर विनोद कटियार, प्रधान खालागांव गौरव कटियार, प्रधान डबरापुर रमेशचंद्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



# टाटा प्रोजेक्ट के हाईटेंशन यार्ड में लगी आग, करोड़ों का नुकसान

## वाहन की टक्कर से बिजली के खंभे से निकली चिंगारी से यार्ड में लगी आग

संवाददाता रनियां

**अमृत विचार।** क्षेत्र के खानचंद्रपुर से मटियामऊ रोड पर किराए की जगह पर हाईटेशन यार्ड के बगल में लगे 33 केवीए के खंभे में वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे इंसुलेटर टूट जाने से तार आपस में टकरा गए और निकली चिंगारी यार्ड में रखे सामान में गिर गई और सामान धू-धू कर जलने लगा। मौके पर पहुंची दमकल ने तीन घंटे के बाद आग पर काबू पाया। प्रबंधक ने करोड़ों रुपये के नुकसान की बात कही है।



यार्ड में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

खानचंद्रपुर से मटियामऊ रोड पर करीब दस वर्षो से टाटा प्रोजेक्ट लिमिडेट का यार्ड बना हुआ है। जिसमे हाईटेशन लाइन के खंभे लगाने वाले उपकरण जमा हैं। यार्ड में लगभग 60 मजदूर काम करते हैं और करोड़ों रुपये का सामान रखा है। शनिवार को यार्ड के बगल में सड़क किनारे 33 केवीए के विद्युत पोल में किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे इंसुलेटर टूट जाने से तार आपस में भिड़ गए और निकली चिंगारी यार्ड में जा गिरी। इससे उपकरणों में आग लग गई और वह धू धूकर जलने लगे। आग देखकर यार्ड में काम कर रहे मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया और सूचना दमकल को दी। मौके पर पहुंचे दो दमकल वाहन ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस संबंध में अग्निशमन अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि कोई जनहानि नहीं हुई है। आग पर काबू पा लिया गया है। वहीं टाटा प्रोजेक्ट के प्रबंधक नीरज कुमार चंदेल ने बताया कि यार्ड में करोड़ों रुपये का माल जमा है। किसी वाहन की टक्कर से विद्युत पोल के इंसुलेटर टूट जाने के कारण चिंगारी निकलकर उपकरणों में गिर गई। जिससे आग लग गई। कई करोड़ रुपये का नुकसान होने की संभावना है।



हाईटेंशन यार्ड में लगी भीषण आग व उठता धुएं का गुबार। अमृत विचार

# ...तो हेडमास्टर पहुंचेंगे बच्चों के घर

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- परिषदीय स्कूलों में छात्रों की हाजिरी 75 प्रतिशत से अधिक करने पर जोर

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की औसत उपस्थिति 75 प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य लेकर विभाग कार्य कर रहा है। ऐसे में यदि बच्चा छह दिन स्कूल नहीं आएगा तो हेड मास्टर उसके घर तक पहुंचेंगे।

परिषदीय स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए तमाम कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत विभाग इस तरह योजना बना रहा है कि अगर कोई छात्र कुछ दिनों तक लगातार अनुपस्थित रहे तो इस बारे में उसके पैरेंट्स से बात की जाए। साथ ही अगर ये अनुपस्थिति और लंबी खिंचती है तो पैरेंट्स से पहले फोन पर बात की जाएगी और बाद में टीचर उनके घर विजिट करेंगे। इसके अलावा भी तमाम तरीके अपनाए जा रहे हैं। ताकि स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाई जा सके।

### छात्र उपस्थिति बढ़ी तो सम्मानित होंगे गुरुजी

स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने के लिए बच्चों को हर तरह से प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत हर विकासखंड के ऑफिस में लगे बोर्ड पर उस ब्लॉक के पांच ऐसे स्कूल और उनके प्रधानाध्यापकों का नाम लिखा होगा, जहां सबसे ज्यादा स्टूडेंट्स उपस्थित होते हैं। इतना ही नहीं हर महीने होने वाली ब्लॉक स्तरीय मीटिंग्स में इन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा।

बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि अभी परिषदीय स्कूलों में हर रोज तकरीबन 60 प्रतिशत स्टूडेंट्स आ रहे हैं। बाकी के छात्रों को भी स्कूल बुलाने की कवायद तेज कर दी गई है। इसके अंतर्गत योजना बनाई गई है कि कोई छात्र तीन दिन तक लगातार स्कूल न आए तो अभिभावकों से फोन पर बात की जाए। वहीं छह दिन तक लगातार स्कूल न आने पर शिक्षक उसके घर जाएंगे।

### बच्चों के घर जाकर शिक्षक जांचेंगे हकीकत

टीचर घर जाकर देखेंगे कि बच्चों के स्कूल न आने की वजह क्या है। अगर छोटे भाई-बहनों की देखभाल के कारण बच्चा स्कूल नहीं आ रहा है तो उसके भाई-बहनों को आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रवेश कराया जाएगा। इसके लिए तमाम स्कूलों के कैंपस में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-प्राइमरी स्कूलों में बदला गया है। अगर खेती या घर के दूसरे कामों की वजह से बच्चा स्कूल नहीं आ रहा है तो टीचर उसके पैरेंट्स को समझाएंगे कि स्कूल और शिक्षा का क्या महत्व है। ऐसे में बच्चों को और उनके अभिभावकों को स्कूल की महत्ता समझाकर रोज स्कूल आने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से राजमिस्त्री की मौत

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के चौरा गांव के सामने सड़क किनारे खड़े होकर लघुशंका कर रहे राजमिस्त्री को वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुखरायां सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। मृतक की तीन महीने बाद शादी होनी थी।



सहबान।

सटटी थाना क्षेत्र के अफसरिया गांव निवासी सहबान (25) राजमिस्त्री का काम करता है। शनिवार को वह बाइक से कालपी में मकान बनाने के लिए काम देखने जा रहा था। तभी चौरा गांव के सामने वह सड़क किनारे बाइक खड़ी कर लघुशंका करने लगा। तभी भोगनीपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सहबान को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर भोगनीपुर पुलिस घायल को पुखरायां सीएचसी ले गई। जहां डॉ. अनूप कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने सहबान को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया। मां किशवरी, छोटा भाई अयान, बहन मुस्कान, अजरा, बुशरा बिलखते रहे।

## घर में विवाद के बाद अधेड़ ने खाया जहर

**पुखरायां।** विवाद के बाद अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गौर गांव निवासी लोकनाथ ने बताया कि उसके भाई लाखन सिंह (50) ने घर में किसी विवाद से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी होने पर परिजन अर्द्धबेहोशी की हालत में सीएचसी ले गए। जहां डॉ. आरती सिंह ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## मधुमक्खियों के हमले से युवक गंभीर

**पुखरायां।** खेतो में मधुमक्खियों के काटने से युवक की हालत बिगड़ गई। डींघ गांव के राम नरेश ने बताया कि उनका नाती आयुष शनिवार को खेता गया था। वहीं पर नलकूप के पास मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया।

## सार-संक्षेप

### बाइकों की भिड़ंत में दो लोग गंभीर

**पुखरायां।** बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। भोगनीपुर क्षेत्र के श्यामसुंदरपुर गांव के सुमित ने बताया कि जिला हमीरपुर के बछौली गांव निवासी उनके जीजा गौतम सिंह (30) बाइक में सवार होकर अपनी ससुराल आ रहे थे। तभी दूसरी तरफ से आ रहे बाइक सवार माचा गांव निवासी ओम प्रकाश (50) की गौतम सिंह की बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉ. आरती सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### शिक्षिका से मारपीट के मामले में पुलिस ने दर्ज किए बयान

**राजपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के खासबरा संविलियन विद्यालय में गुरुवार को एमडीएम के भोजन में कीड़े निकलने का विरोध करने पर रसोईया ने शिक्षिका के साथ मारपीट की थी। शिक्षिका की शिकायत पर शनिवार को जांच करने स्कूल पहुंचे चौकी इंचार्ज ने शिक्षकों, रसोईया व बच्चों के बयान दर्ज किए। राजपुर के संविलियन विद्यालय खासबरा में गुणवत्ता विहीन एमडीएम भोजन बच्चों को परोसा जा रहा था। बीती 9 मई को स्कूल में बनाए गए एमडीएम में दाल में कीड़े निकलने की शिकायत बच्चों ने सहायक अध्यापक यासमीन से की। साफ-सफाई से भोजन न पकाए जाने व दाल में कीड़े होने की शिकायत पर सहायक अध्यापिका यासमीन ने रसोईया विमला देवी से बात कही तो वह गालीगलौज करने लगी। विरोध करने पर रसोईया ने शिक्षिका के साथ मारपीट की थी। पीड़िता ने शिकायत डीएम कार्यालय, पुलिस व बीईओ से की थी। जांच करने पहुंचे बीईओ संजय गुप्ता ने घटना की पुष्टि होने पर ग्राम शिक्षा समिति को आरोपी रसोईया विमला देवी को स्कूल से हटाने के निर्देश दिए थे। इधर पीड़ित शिक्षिका ने राजपुर थाने में शिकायत की। चौकी इंचार्ज पंकज कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है।

# 'वोट डालने जाना है अपना फर्ज हर हाल में निभाना है'

संवाददाता राजपुर

- बीईओ ने जागरुकता रैली को किया रवाना

**अमृत विचार।** शनिवार को कस्बे के न्यू लाइट एजूकेशन सेंटर इंग्लिश मीडियम विद्यालय पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरुकता रैली को रवाना किया। रैली कस्बे के मुगल मार्ग होते हुए वापस विद्यालय पहुंची। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सबकी जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार, जैसे स्लोगन लिखे थे। बीईओ ने कहा कि जरूरी है कि हम शत-प्रतिशत मतदान करें। शुजात खान, दिव्यम सक्सेना, अनुज सोनी, रिषभ वर्मा, निशात खान, अर्निका कटियार आदि रहीं।




राजपुर कस्बे में मतदाता जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते बीईओ।

## सेल्फी प्वाइंट बना मतदाताओं को किया गया जागरूक




स्कूल में बने सेल्फी प्वॉइंट पर सेल्फी

**कानपुर देहात।** लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरुकता के लिए जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत स्वीप गतिविधि के अंतर्गत झींझक विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय गाउपुर के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। साथ सेल्फी प्वॉइंट से सेल्फी लेकर मतदान की अपील की। संविलियन विद्यालय गाउपुर में शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी शैलेश द्विवेदी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन कराया गया। जिसमें एआरपी सूर्य प्रताप सिंह, आत्म प्रकाश मिश्रा व आलोक गुप्ता के द्वारा स्लोगन, सेल्फी पॉइंट एवं मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से स्कूल में बच्चों द्वारा सेल्फी प्वॉइंट बनाए गए।

# मूसानगर के पिंक शौचालय में ताला

संवाददाता मूसानगर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर दस बालाजी धाम में बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाखों रुपये की लागत का पिंक शौचालय लगभग एक वर्ष से शोपीस बना खड़ा है। सुविधाओं का टोटा होने के कारण अभी तक वह संचालित नहीं हो पाया और ताला लटक रहा है। जिससे महिलाओं को दिक्कत उठानी पड़ती है। सबसे बड़ी बात नगर पंचायत अध्यक्ष के भी महिला होने पर भी समस्या का निस्तारण नहीं हो रहा है।




मूसानगर स्थित पिंक शौचालय में लटकता ताला। अमृत विचार

- व्यवस्थाएं न होने से शोपीस बना शौचालय, महिलाएं होती परेशान

मूसानगर कस्बा निवासी अर्जुन सिंह, फूल सिंह, रामशंकर, सुजीत पाल आदि ने बताया कि नगर पंचायत बनने के बाद मनकी संपर्क मार्ग स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं के लिए पिंक शौचालय का निर्माण लाखों रुपये की लागत कराया गया था। लेकिन उसमें पानी के लिए सबमर्सिबल, प्रकाश, पानी की टंकी समेत अन्य कोई व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है। जिसके कारण पिंक शौचालय अभी तक संचालित नहीं हो सका है और निर्माण के बाद से उसमे ताला लटका हुआ है। लोगों का कहना है पिंक शौचालय का संचालन न होने के कारण महिलाओं को प्रशाधन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं लोगों ने मुख्य बाजार व मंडी समिति रोड में भी एक सार्वजनिक शौचालय के निर्माण की मांग की है। ताकि दूरदराज से आने वाले लोगों को प्रसाधन की सुविधा मुहैया हो सके। इस बावत अधिशासी अधिकारी संजय पटेल ने बताया कि पिंक शौचालय का निर्माण अधूरा होने के कारण संचालित नहीं हो सका है। कार्य को पूरा करा कर जल्द ही उसका संचालन कराया जाएगा।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **जूली पुत्री सुरेश कुमार निवासी- नवीपनाह माल लखनऊ** की रहने वाली हूँ। दिनांक 6-5-2024 को मेरी इंटरमीडिएट की मार्क सीट जिसका अनुक्रमांक 219547131 व हाई स्कूल अनुक्रमांक 1341744 वास्तव में कही खो गयी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम लंठु गुप्ता से बदलकर राजकुमार गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।- **राजकुमार गुप्ता पुत्र सुरेश, निवासी- मरकड़ी, पोस्ट- पिडहनी, मर्करी, गोरखपुर, (उ0प्र0)-273402**

**सूचना**

सूचित हो कि मै वैभवी सिंह पुत्री इतेंद्र सिंह, निवासी- ग्राम-सरौती, पोस्ट- अर्जुनामऊ, ब्लॉक- नवाबगंज, तहसील- हसनगंज जनपद उन्नाव की निवासिनी है। मेरी एलआईसी पालिसी संख्या 214708342 में त्रुटिवश मेरा नाम वैभवी सिंह के स्थान पर हनी सिंह पुत्री इतेंद्र सिंह अंकित हो गया है। जबकि हनी सिंह पुत्री इतेंद्र सिंह व वैभवी सिंह पुत्री इतेंद्र सिंह दोनों नाम एक ही महिला के है इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। इतेंद्र सिंह के मात्र एक पुत्री वैभवी सिंह है जो उपरोक्त पते कि निवासी है। अत: मेरी पॉलिसी में मेरा नाम हनी सिंह के स्थान पर वैभवी सिंह अंकित किया जाय।

**सूचना**

मैं सूचित करता हूं कि **मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद अयूब, निवासी- गौरा मजरे डीह, थाना- डीह, जिला रायबरेली** का हूं। मैं अपने दूसरे नंबर के पुत्र मोहम्मद शमीम को गलत आचरण व्यवहार से त्रस्त आकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में दूसरे नंबर के पुत्र मोहम्मद शमीम के कृत्यों से मेरा कोई लेना देना और सरोकार नहीं है।

**Notice**

My daughter is a student of Fatima higher secondary school. My daughter's name has been written as Ananya in the records, whereas my daughter's correct name is Ananya Singh. The correct name is Ananya Singh written in the Aadhar card. Therefore, it is necessary to mention Ananya Singh in the school records. Manish Kumar son of Gopal Singh resident of Rupni Jogaulia Tola East Champaran Bihar.

**Notice**

My son is a student of Fatima Higher Secondary School. My son's name has been written as Vivan in the records, whereas my son's correct name is Atharv Singh. The correct name is Atharv Singh written in the Aadhar card. Therefore, it is necessary to mention Atharv Singh in the school records. Manish Kumar son of Gopal Singh resident of Rupni Jogaulia Tola East Champaran Bihar.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **छोटे पुत्र स्व0 रोशन, निवासी- खेरवा पुरवावां, थाना- मल्लावां तहसील बिलग्राम जिला हरदोई,** मेरे पुत्र वाहिद व पुत्रवधू हिना के द्वारा मुझे व मेरे परिवार के अन्य सभी लोगों को हमेशा परेशान किया जाता है मेरे पुत्र व पुत्रवधु मेरी बात को मानने से इनकार करते है इनका चाल चलन ठीक नही है उनके इन कृत्यों से तंग आकर मैने अपने पुत्र वाहिद व पुत्रवधु हिना को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है अब हमारा इन लोगों से कोई भी वास्ता व सरोकार नही रहेगा। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी धारक हूं। पालिसी संख्या 219320700 में मेरा नाम प्रांशू सिंह दर्ज है जबकि बैंक खाता, आधार कार्ड एवं वोटर लिस्ट में मेरा नाम अर्पिता सिंह है। दोनों ही नाम प्रांशू सिंह व अर्पिता सिंह मेरे हैं। अत: पालिसी में मेरा नाम प्रांशू सिंह उर्फ अर्पिता सिंह दर्ज किया जाय। **-प्रांशू सिंह उर्फ अर्पिता सिंह पुत्री राजेश कुमार सिंह, निवासी अमदही पूरे राम सरन, पोस्ट-अमदही पूरे राम अधीन गोंडा।**

**सूचना**

मेरी पुत्री फातिमा हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा है। मेरी पुत्री का नाम अभिलेखों में अनन्या लिख गया है, जबकि मेरी पुत्री का सही नाम अनन्या सिंह (ANANYA SINGH) है। अधारकार्ड में सही नाम अनन्या सिंह ही लिखा है। अतरू विद्यालय के अभिलेख में अनन्या सिंह अंकित किया जाना आवश्यक है।**-मनीष कुमार पुत्र गोपाल सिंह, निवासी- रूपनी जोगौलिया टोला पूर्वी चंपारण बिहार।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र फातिमा हायर सेकेंडरी स्कूल का छात्र है। मेरे पुत्र का नाम अभिलेखों में विवान लिख गया है, जबकि मेरे पुत्र का सही नाम अथर्व सिंह (ATHARV SINGH) है। अधारकार्ड में सही नाम अथर्व सिंह ही लिखा है। अत: विद्यालय के अभिलेख में अथर्व सिंह अंकित किया जाना आवश्यक है। **- मनीष कुमार पुत्र गोपाल सिंह, निवासी- रूपनी जोगौलिया टोला पूर्वी चंपारण बिहार।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे शैक्षिक रिकार्ड में मेरा नाम शालू साहू दर्ज है। जबकि शादी के उपरान्त मेरा नाम शालू पाल हो गया है जो कि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में दर्ज है। अत: मुझे भविष्य में शालू साहू के स्थान पर शालू पाल के नाम से जाना जाये। **शालू पाल पत्नी महेन्द्र पाल निवासी 24/239 ब्रहम नगर पोनी रोड शुक्लागंज गंगाघाट उन्नाव।**

**सूचना**

सूचित हो कि मै विनोद कुमार उर्फ पुत्ती कौशल पुत्र छोटेलाल अपने पूरे होशोहवास में अपने बड़े पुत्र शुभम कौशल पुत्र विनोद कुमार उर्फ पुत्ती कौशल को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा समाज मे किए गए किसी भी गलत कार्य या लेन-देन से मेरा कोई संबंध नही है। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। वह अपने कार्य का स्वयं जिम्मेदार होगा। विनोद कुमार उर्फ पुत्ती कौशल पुत्र छोटेलाल निवासी डिहवा शेर बहादुर, पीपल वाली गली नगर पंचायत कैसरगंज बहराइच।

**लोकसभा चुनाव -2024** शनिवार शाम 5 बजे से चौथे चरण का थम गया चुनाव प्रचार, 845 मतदान केंद्रों के 1173 बूथों पर कल मतदान

# वोटिंग कराने के लिए आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले की तीन लोकसभा सीटों पर होने वाले मतदान को लेकर प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार शनिवार शाम को थम गया। रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर से पोलिंग पार्टियों की रवानगी की जाएगी। जिसके लिए देर शाम तक जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई है।

माती कलेक्ट्रेट स्थित वेयर हाउस से ईवीएम मशीन व अन्य चुनाव सामग्री देकर रविवार को पोलिग पार्टियों की रवानगी की जाएगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट, मतदान कार्मिक के साथ ही सुरक्षा बलों को केंद्र तक पहुंचाने के लिए परिवहन विभाग की ओर से 271 भारी व 396 हल्के वाहनों को अधिगृहीत किया गया है। कलेक्ट्रेट परिसर में विधानसभावार पंडाल लगाए गए है, जहां से संबंधित क्षेत्र की पोलिग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अकबरपुर लोकसभा सीट से जुड़ी अकबरपुर-रनियां विधानसभा में कुल 273 मतदान केंद्र और 384 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इसी तरह कन्नौज लोकसभा से जुड़ी रसूलाबाद विधानसभा में 260 मतदान केंद्र व 384 मतदेय स्थल, इटावा लोकसभा से जुड़ी सिकंदरा विधानसभा में कुल 312 मतदान केंद्र और 405 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इस तरह तीनों लोकसभा सीटों के 845 मतदान केंद्रों के 1173 बूथों पर सोमवार को मतदान होना है।



पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में लगा टेंट।



चुनाव को लेकर निर्देश देते डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति। अमृत विचार

## डीएम-एसपी ने फोर्स को बैठक में दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** जनपद में चौथे चरण में 13 मई को होने वाले लोकसभा मतदान को लेकर शनिवार को पुलिस लाइन माती में डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने निर्वाचन प्रक्रिया में लगे पुलिस, पीएसी व अर्द्धसैनिक बलों के साथ बैठक की। उन्होंने चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करने के निर्देश दिए। कहा कि सभी जवान अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। इस दौरान एएसपी राजेश पांडेय समेत सीओ आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवान। अमृत विचार

## संदिग्ध हालात में बेसुध मिली महिला की मौत

**कानपुर देहात।** अकबरपुर में किराये के मकान में बच्चे के साथ रह रही महिला कमरे के अंदर संदिग्ध हालत में बेसुध मिली। मकान मालिक उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अकबरपुर कस्बा के कन्हैया नगर में अनंतराज हॉस्पिटल के पीछे रिषभ यादव के मकान में कमरा लेकर नीशू (25) तीन वर्षीय बच्चे के साथ पिछले दो महीने से रह रही थी। शनिवार को वह संदिग्ध हालत में कमरे में बेसुध अवस्था में मिली। जिसपर वहां रहने वाले अन्य किरायेदारों ने जानकारी मकान मालिक को दी। मकान मालिक रिषभ यादव उसे तत्काल जिला अस्पताल ले गए। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया और मेमो भेजकर पुलिस को सूचना दी।

# किशोरी के ऊपर गिरा हाईटेंशन का तार, मौत

## छत पर काम करते हुआ हादसा, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर



किशोरी के घर पर मौजूद भीड़ व पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हाईटेंशन लाइन का जर्जर तार शनिवार को टूटकर छत पर गिर गया। जिसकी चपेट में आई किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं किशोरी की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

ललौली थाना क्षेत्र के देवगांव मोसेपुर गांव निवासी सैयद अली की पुत्री सिमरन (15) शनिवार को घर की छत पर कुछ काम कर रही थी। घर के छत के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन का एक तार टूटकर छत पर गिर गया। जिसकी चपेट में सिमरन आ गई और करंट से चिपक गई। चीख पुकार सुनकर जब तक परिवार के



सिमरन।

लोग मौके पर पहुंचे तो बेटी के शव देखकर पुलिस को सूचना दी। ग्राम प्रधान की सूचना पर बिजली सप्लाई को बन्द किया गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। किशोरी की मां आसमा ने बताया

- पिता की तहरीर के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई : पुलिस

कि बेटी घर के छत पर काम कर रही थी। तभी बिजली का तार टूटकर बेटी पर गिर जाने से बेटी की मौके पर मौत हो गई। थाना प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पिता के तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कूलर में उतरे करंट की चपेट में आने से युवक की गई जान

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- 14 दिन पहले ही हुआ था युवक का विवाह
- गाजीपुर कस्बे का मामला परिजन रो रोकर हुए बेसुध

**अमृत विचार।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के कस्बे में युवक की शुक्रवार देर रात कूलर के करंट से मौत हो गई। युवक अपने कमरे के कूलर की मरम्मत कर रहा था। बताया कि युवक की शादी 14 दिन पहले ही हुई थी। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

गाजीपुर कस्बा निवासी संतोष उर्फ पप्पू द्विवेदी पुत्र आदित्य द्विवेदी के कमरे का कूलर खराब हो गया था। वह कूलर की मरम्मत कर रहा था। इसी बीच कूलर में करंट आ गया। इसकी चपेट में आकर पप्पू बुरी तरह झुलस गया। घरवाले उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक का देर रात शव घर पहुंचा। मां, पत्नी और दिव्यांग भाई बेहाल हो गए। परिजनों ने बताया कि युवक की शादी 26 अप्रैल को शहर की एक युवती के साथ हुई थी। पति की मौत से पत्नी बेसुध है। पप्पू घर-घर जाकर आचार्यी का काम करता था। दो भाइयों में छोटा भाई बब्लू दिव्यांग है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# चुनाव कर्मियों को लेकर जाएंगी 35 बसें

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव में पांचवे, छठवें और अंतिम चरण में कार्मिकों लेकर रोडवेज डिपो से 35 बसें भेजी जाएंगी।

संचालन प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि बसों को 21, 22 व 27 मई को भेजा जाएगा। जबकि पूर्व में भेजी जाने वाली 23 बसों के सापेक्ष नौ बसें वापस आ चुकी है। बाकी दस बसें 14 मई तक वापस होंगी। हालांकि चार बसें चुनाव सम्पन्न कराकर ही लौट सकेंगी। उन्होंने बताया कि पोलिंग पार्टियों व पुलिस पार्टियों को लेकर जाने के लिए दोआबा की 13 बसों को बलिया, 10 बसों को सुल्तानपुर, एक को प्रयागराज, दस को मिर्जापुर और एक बस को गोरखपुर के लिए रवाना किया जाएगा। जिसके बाद रोडवेज के बेड़े में शामिल 89 बसों के सापेक्ष 35 बसों के अलावा पूर्व में भेजी जाने वाली चार बसों सहित कुल 39 बसें कम हो जाएंगी, जिससे यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

# मामूली बात को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

संवाददाता बिन्दकी, फतेहपुर

- बीच बचाव को पहुंची मां बेटी को भी पीटा
- बिन्दकी के अमेना गांव का मामला, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** बाइक चलाते समय अचानक बकरी का बच्चा आ जाने के कारण टक्कर हो गई। मामले में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई।

बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के अमेना गांव निवासी दिनेश कुमार पुत्र बसंत लाल ने कोतवाली पहुंच कर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार की शाम उसका बेटा संदीप बाइक से घर से निकला था, तभी रास्ते में बकरी का बच्चा दौड़ते हुए आकर बाइक से टकरा गया। जिससे बकरी के बच्चे के पैर मे चोट आ गई। तभी गांव के करण सिंह, अमर सिंह व जयकरन और नीतू पत्नी करण सिंह आकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मारपीट देखकर उसकी पत्नी प्रेमा व पुत्री अर्चना व सोनी दौड़कर पहुंची और बीचबचाव करने लगी। जिस पर उन लोगों ने उन पर हमला बोल दिया और मारपीट करने लगे। जिससे सोनी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## किशोरी को बहला-फुसला कर ले जाने पर रिपोर्ट दर्ज


**औंग।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को गांव का ही एक युवक चार दिन पहले बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। बेटी की तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# गर्मी में लोड बढ़ा तो शुरू हो गए फाल्ट और टूटने लगे तार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- भीषण गर्मी में लड़खड़ाई बिजली, अघोषित कटौती से जूझ रहे लोग
- दिन और रात में कई-कई घंटे गुल रहने लगी बिजली

**अमृत विचार।** गर्मी में जिले की बिजली व्यवस्था फिर लड़खड़ाने लगी है। लोकल फाल्ट और तारों के टूटने से दिन से लेकर रात तक कई कई घंटे की अघोषित कटौती से जूझ लोग गर्मी में हलकान हो रहे हैं। ग्रामीण इलाकों के साथ मुख्यालय की भी बिजली व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। जिले में ग्रामीण और शहरी इलाकों की बात छोड़ो यहां मुख्यालय की बिजली व्यवस्था भी दिनों दिन बदहाल होती जा रही है। जर्जर तारों के टूटने और लोकल फाल्ट से कई कई घंटे हो रही अघोषित बिजली कटौती अब लोगों को रास नहीं आ रही है। शुक्रवार की रात शहर के शादीपुर चौराहो में अभी हाल ही में बिजली विभाग द्वारा डाली गई बंच केबिल में अचानक आग लग गई और दीपावली जैसे फुलझड़ी की झलक दिखाई दी।



आसपास के लोग चौकन्ना हो गए। थोडी ही देर में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जो घंटों पर बहाल हो सकी। बिजली आपूर्ति बंद होने से सबसे ज्यादा पानी के लिए लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कड़ी मशक्कत के बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों ने रात में खराब हो गई बंच केबल को बदला, तब जाकर जैसे तैसे आपूर्ति बहाल हो सकी।

## भीषण गर्मी में शट डाउन कोढ़ में खाज

बिजली समस्याओं को दुरुस्त करने के लिए बिजली विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। पुराने जर्जर तारों को बदल कर बंच केबिल डाली जा रही हैं। इस दौरान उस क्षेत्र के फीडरों में शट डाउन कर दिया जाता है। सुबह से लेकर देर शाम तक आपूर्ति बाधित रहती है। शनिवार की सुबस साउथ सिटी में स्थित राधानगर पावर हाउस से संचालित जोनिहां फीडर में सुबह सात बजे से आपूर्ति ठप कर दी गई। पता चला कि विभाग द्वारा कार्य कराया जा रहा है, जिस कारण आपूर्ति ठप है। इस दौरान श्यामनगर, खम्भापुर, विष्णुपुरी कालोनी, रघुवंशपुरम, जयराम नगर समेत अन्य कई मोहल्लों में पेयजल का संकट खड़ा हो गया। वहीं सूरज चढ़ते ही गर्मी लोगों को परेशान करने लगी।

# सैफी-सैडी सिस्टम से लैस हो रहा है बिजली विभाग

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- इस सिस्टम के माध्यम से रहेगी ट्रिपिंग पर नजर
- शहर के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा है काम

**अमृत विचार।** बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर विभाग ने कवायद शुरू की है। उपकेंद्रों को सैफी-सैडी सिस्टम से लैस किया गया है, सिस्टम शहर सहित इंडस्ट्रियल इलाकों में ही काम कर रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में इसे लेकर लगातार विभाग काम कर रहा है।

एसई एसके लोहाट ने बताया कि सिस्टम ऐवरेज इंड्रेप्शन फ्रिकवेंसी इंडेक्स (सैफी), सिस्टम ऐवरेज इंड्रेप्शन ड्यूरेशन इंडेक्स (सैडी) एक प्रकार के क्वालिटी मापक यंत्र हैं। जिसके माध्यम से होने वाली ट्रिंपिंग की संख्या व समय की जानकारी ली जा सकेगी। सैफी से होने वाली ट्रिपिंग की संख्या का पता चलेगा तो सैडी के माध्यम से ट्रिपिंग के समय का पता लगाया जा सकेगा। सारा ब्योरा स्क्रीन पर होने से ट्रिपिंग में सुधार कर निर्वाध पूर्ति



के प्रयास जारी है।

सैफी-सैडी के माध्यम से स्थानीय से लेकर आलाअफसर नजर रख सकेंगे। बेवजह होने वाली कटौती से तो निजात मिलेगी ही, बल्कि फाल्ट आने पर उसे जल्द से जल्द बनवाया भी जाएगा। अगर अफसर को किसी भी उपकेंद्र सहित फीडर की दशा की जानकारी करनी है तो आईडी पासवर्ड के माध्यम से वह कहीं से भी जानकारी कर सकेंगे।

# युवती समेत तीन लोगों ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- राधानगर, सुल्तानपुर घोष व ललौली में हुई घटनाएं
- पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार।** जनपद के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक युवक और दो युवतियों ने घर के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह हुई घटनाओं की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मचा रहा। एक मामले में मायकेपक्ष की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

राधानगर थाना क्षेत्र के खम्भापुर गांव के रहने वाले जागेश्वर की बेटी पूनम देवी ने घर के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह जब परिजनों को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती के पिता जागेश्वर ने बताया कि बेटी ने फांसी क्यों लगाई है इसकी जानकारी नहीं है। रात में खाना खाने के बाद सब लोग सो गए थे। सुबह देखा तो फांसी पर शव लटका हुआ था।

इसी तरह सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के तौरा गांव निवासी प्रदीप की पत्नी कुसमा देवी का शव घर



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद दुखी परिजन। अमृत विचार

के अंदर फंदे से लटका हुआ था। सुबह पति ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पति प्रदीप ने बताया कि पत्नी रात में कमरे में सो रही थी और वह छत पर सोने चला गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। पिता की तहरीर पर पति प्रदीप, ससुर मलखान, सास बदामा देवी, देवर पवन कुमार, गुलशन कुमार, ननद किरन देवी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

वहीं, ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे में रज्जू निवासी बरगहनी जनपद बांदा ईंट-भट्ठा में ईंट पथाई का काम करता था और पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़े के बाद फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पत्नी ने पति का शव देखकर ईंट-भट्ठा मालिक को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मौरंग कारोबारी के भतीजे को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

**अमृत विचार।** कहासुनी के दौरान मौरंग कारोबारी के भतीजे को गोली मार दी गई। गोली आंख के पास लगने से हालत गंभीर है। उसे लखनऊ में भर्ती कराया गया है। ।

सदर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी जय कुमार सिंह मूलरूप से गाजीपुर थानाक्षेत्र के गढ़ी के रहने वाले हैं। वह मौरंग कारोबारी हैं। उन्होंने बताया कि भतीजा सतेंद्र सिंह उर्फ सोनू से आठ मई को किसी बात पर राधानगर के विकास उर्फ पहलवान, सामियाना निवासी बंटू सिंह की कहासुनी हुई थी। समझौते को लेकर बातचीत के लिए रात दस बजे सामियाना शुक्ला होटल में भतीजे को विकास ने बुलाया। भतीजा साथी राघवेंद्र सिंह के साथ पहुंचा था। विकास, बंटू अपने दो अन्य साथियों संग पहुंचा। भतीजे से आरोपी गाली-गलौज करने लगे। विकास ने तमंचे से भतीजे पर फायर किया। गोली भतीजे की बाई आंख के पास लगी। दोबारा विकास सिंह ने तमंचा लोडकर जान से मारने की धमकी दी। भतीजा जान बचाकर खेत की ओर भागा। शोर शराबा सुनकर ग्रामीण पहुंचे। ग्रामीणों के आने पर हमलावर भाग निकले। भतीजे को लखनऊ में भर्ती कराया गया है।

# टीम के पहुंचने से पहले बदली सीएचसी की सूरत

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- तीन सदस्यीय टीम पहुंची सीएचसी हरदों
- निरीक्षण के दौरान कुछ सवालों पर अटके स्वस्थ्य कर्मी

**अमृत विचार।** राज्य की कायाकल्प तीन सदस्यीय टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान टीम ने अस्पताल की सेवाओं, व्यवस्थाओं और संसाधनों की भौतिक स्थिति को देखा। निरीक्षण के दौरान टीम व्यवस्थाओं से व स्वास्थ्य कर्मियों के जवाबों से असंतुष्टि जताई।

स्वच्छ भारत अभियान शुरू होने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने अस्पतालों के लिए कायाकल्प योजना चलाई है। इसके तहत अस्पतालों की सेवाओं, साफ-सफाई, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। जांच में अव्वल आने पर तीन



स्वास्थ्य कर्मियों से पूछताछ करती टीम। अमृत विचार

श्रेणियों में पुरस्कार राशि दी जाती है। स्वास्थ्य विभाग की भेजी गई टीम के सदस्य डा. तरन्नुम सिद्दीकी, डॉ. मनीष और पूजा गौतम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।

उन्होंने सीएचसी की ओपीडी, दवा भंडार, पैथोलॉजी लैब, प्रयोगशाला कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, आयुष्मान कक्ष, हर्बल गार्डन, ऑपरेशन थियेटर और प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान सीएचसी प्रभारी डा. मनीष शुक्ला के अलावा डा. सरल सोनी, सरताज, चीफ फार्मासिस्ट जेपी सिंह, कामता प्रसाद, प्रतीक जयसवाल समेत सभी स्वास्थ कर्मी मौजूद रहे।

## टीम के सवालों का जवाब नहीं दे सके स्वास्थ कर्मी

टीम ने केएमसी कक्ष में तैनात स्टाफ से विस्तार से जानकारी लेनी चाही। हालांकि सवालों के जवाब नही दे सकीं। यही हाल अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का रहा। आईसीटीसी कक्ष में मरीजों से संबंधित जानकारी ली। पैथालोजी कक्ष में विस्तार से जानकारी ली। जनरल वार्ड की साफ सफाई देख टीम के सदस्यों ने संतुष्टि जताई। उन्होंने कहा महिला विंग अस्पताल में सुधार की जरूरत है।

## सार-संक्षेप

### सर्पदंश से महिला गम्भीर

**बिन्दकी।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के बिंदौर गांव निवासी शक्ति सिंह की पत्नी निधि सिंह घर में काम कर रही थी। काम करते समय उसे एक सर्प ने डस लिया। महिला की हालत जब बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई तो परिजनों ने महिला को आनन-फानन में एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है।

### बालिकाओं को किया जागरूक

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर शनिवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** खागा पुलिस ने करसुआ गांव निवासी मोनू कुमार पुत्र बुदुन सिंह के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो, मारपीट समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी की गिफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

ठगी — बिना सीएमओ कार्यालय की जानकारी के झोलाछापों की चेकिंग कर रहे संदिग्ध

# झोलाछापों की जांच कर हो रही वसूली

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- सीएमओ कार्यालय से पता चलता है कि उनके यहां से नहीं गई है कोई टीम

**अमृत विचार।** जिले में अवैध अस्पतालों व झोलाछाप के क्लीनिक की जांच ऐसे संदिग्ध लोगों की टीम कर रही है जो कोई कार्रवाई नहीं करती। अवैध अस्पताल व क्लीनिक इसलिए चुप्पी साध लेते हैं क्योंकि उनके मानक नहीं पूरे हैं।

सीएमओ ने ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है। शहर के वीआईपी रोड समेत अन्य जगहों में चलने वाले बिना मानक के अस्पताल व क्लीनिक पर दो दिन पूर्व चार लोगों की टीम पहुंची और खुद को सीएमओ कार्यालय की टीम बताकर जांच की। खास बात यह रही कि इन इलाकों में दर्जनभर से अधिक अवैध क्लीनिक होने के बाद एक भी कार्रवाई नहीं हुई तो कुछ लोगों को शक हुआ, लेकिन जब इस सूचना के बारे में सीएमओ से बात की गई तो उन्होंने किसी टीम को भेजने से इनकार किया। हैरानी की बात यह रही कि वसूली होने के बाद भी किसी अवैध अस्पताल या क्लीनिक ने इसकी शिकायत न पुलिस से की और न ही सीएमओ से।

इसी तरह एक दिन पूर्व शुक्रवार की शाम तांबेश्वर चौराहा के पास स्थित एक निजी अस्पताल में यह टीम पहुंची और बिना लिखापढ़ी या कार्रवाई के सेंटर बंद कराकर चली गई। लेकिन सेंटर संचालक ने इसकी शिकायत किसी से नहीं की। चौंकाने वाली बात यह है कि इस टीम को यह पता रहता है कि किस अस्पताल या क्लीनिक के कौन से मानक पूरे हैं और किसमें कमी है। इससे लोग शक जताते हैं कि इतनी अधिक जानकारी विभाग से जुड़े लोगों को ही हो सकती है। चर्चा है कि इसी की बदौलत जिले में जगह-जगह अवैध अस्पताल व झोलाछाप के क्लीनिक फलफूल रहे हैं।

> कार्यालय से टीम जहां जाती है, वहां मानक पूरे नहीं हैं तो कार्रवाई करके ही लौटती है। फिलहाल किसी ने शिकायत नहीं की है लेकिन इसका पता लगाकर ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **डॉ. इस्तियाक अहमद, एसीएमओ**

## सरकारी अस्पताल में अंगूठाछाप महिला कर रही उगाही

**फतेहपुर।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है, शासन की ओर से महिलाओं को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही है। लेकिन जिले का स्वास्थ्य महकमा जमीनी स्तर पर इसको उतारने में फेल साबित हो रहा है। ऐसा ही एक मामला गाजीपुर सीएचसी का सामने आया है। गाजीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जहां गर्भवती महिलाओं से नार्मल डिलीवरी के नाम पर जमकर वसूली की जा रही है और तो और कैमरे में महिलाओं से वसूली करते दिख रही महिलाए अंगूठाछाप हैं। गाजीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले कई साल से दो महिलाएं ऐसे ही वसूली करती आ रही है। यहां तक की अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की खून की जांच भी निशुल्क होती है लेकिन यहां बाहरी पैथोलॉजी से जांच कराई जाती है। जो जांच फ्री में होती है उसके लिए दो से तीन सौ रुपये लिए जाते हैं। मामले में सीएमओ डा. इस्तियाक अहमद ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी हुई थी। अस्पताल प्रभारी से बात कर उन महिलाओं को हटाने का आदेश दे दिया है और गर्भवती महिलाओं की जांच निशुल्क कराने की व्यवस्था अस्पताल में उपलब्ध है। बाहर से क्यों कराई जा रही है। साथ ही पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



प्रसाद के रूप में लोगों को शरबत पिलाते आयोजक। अमृत विचार

# मां पीतांबरा के प्राकट्य उत्सव पर प्रसाद वितरण

संवाददाता, बिन्दकी फतेहपुर

**अमृत विचार।** मां पीतांबरा के प्रकाटोत्सव के अवसर पर नगर के मुग़लरोड स्थित हनुमान मंदिर में श्री पीतांबरा माई सेवा मण्डल द्वारा शरबत व प्रसाद वितरण किया गया।

बताया गया कि आज के दिन मध्य प्रदेश के जनपद दतिया में प्रकट हुई मां पीतांबरा को लेकर नगर के मुगल रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में शरबत व प्रसाद वितरण किया गया। जहां भीषण गर्मी से व्याकुल राहगीरों ने शरबत व प्रसाद खाकर गर्मी से राहत महसूस किया। वहीं मां पीतांबरा के सामने श्रद्धा के साथ से शीश नवाया।

इस मौके पर पूर्व चेयरमैन मुन्ना लाल सोनकर, लक्ष्मी चंद उर्फ मोना ओमर, बउवा ठाकुर, आशीष साहू, श्यामजी ओमर, हर्षित, राहुल, राजू गुप्ता, सत्यप्रकाश साहू, पूरन सिंह, अलोक साहू, दुर्गेश गुप्ता सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# मॉकपोल कराने के बाद कंट्रोल यूनिट को अवश्य करें क्लीयर

## दोनों पालियों में 36 कार्मिक रहे गैरहाजिर, सभी का एक दिन का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



द्वितीय प्रशिक्षण में चुनाव की बारीकियां बताते मास्टर ट्रेनर्स — अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में कार्मिकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शनिवार से शुरू हो गया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कार्मिकों सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी। नोडल अधिकारी सीडीओ ने मौके पर पहुंच कर कार्मिकों से प्रशिक्षण को गम्भीरता के साथ लेने के निर्देश दिए। शनिवार को दो पालियों में कुल 24 सौ कार्मिकों को प्रशिक्षण में बुलाया गया। जिसमें 36 कार्मिक अनुपस्थित रहे। जिनके खिलाफ एक दिन का वेतन रोकने की कार्यवाही की गई। चेतावनी दी गई कि यदि प्रशिक्षण अवधि में हाजिर होकर प्रशिक्षण नहीं लेते हैं तो सीधे एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

शहर के ठा. युगराज सिंह महाविद्यालय में मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण दो पालियों संपन्न हुआ। मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिए जा रहे प्रशिक्षण का प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से ईवीएम, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट के परिचालन, माकपोल, मतदान प्रक्रिया आदि को भलीभांति समझने एवं भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन का अध्ययन अवश्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान कार्मिकों से प्रश्न पूछते हुए जानकारी का परीक्षण भी किया। जिसमें माकपोल कैसे करेंगे?, स्याही कहां व कैसे लगाएंगे, मतदान समाप्ति पर क्या-क्या करेंगे?, आदि सवालों के जवाब मतदान कार्मिकों ने सही उत्तर दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की परीक्षा होगी, जिसमें सफल होने पर ही प्रशिक्षण पूरा माना जाएगा।

### अब न आये तो होगी एफआईआर

जिला विकास अधिकारी ने बताया कि प्रथम एवं द्वितीय पाली में 2400 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रथम पाली में 17 एवं द्वितीय पाली में 19 कार्मिक अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिकों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। कहा कि अनुपस्थित कार्मिक आगामी प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं होते है तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

### मॉकपोल की बताई गईं बारीकियां

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा बताया गया कि मतदान प्रारंभ होने के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के नियत समय माकपोल कराने की प्रक्रिया शुरू करना है। मॉकपोल की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद कंट्रोल यूनिट को क्लीयर अवश्य किया जाए तथा वीवी पैट के ड्रॉप बॉक्स में गिरी मॉकपोल की पर्ची को निकालकर पीछे मोहर लगाकर काले लिफाफे में रखकर सील किया जाए। मास्टर ट्रेनर द्वारा वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट को जोड़ने एवं सील करने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया। साथ ही चैलेंज वोट, टेंडर वोट, पीठासीन डायरी, मतदान अभिकर्ता के फार्म, मत पत्र लेखा, मतदाता रजिस्टर आदि पर भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

## भाई-भाभी ने मिलकर महिला को पीटा

**बिन्दकी।** सोने के लिए चारपाई मांगने पर मायके आई महिला के साथ भाई और उसकी भाभी ने जमकर मारपीट कर दी। पीड़ित महिला कोतवाली में मामले की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के हरदौली गांव में अपने मायके आई महिला रुबीना पत्नी मोहम्मद अंसार शेख के साथ उसके भाई रहूफ खान और भाभी सबीना ने मारपीट कर दी। पीड़ित महिला शनिवार को कोतवाली बिंदकी पहुंची और मामले की तहरीर पुलिस को देते हुए बताया कि वह अपने बच्चों के साथ मायके आई थी। उसका पिता घूरु उसे और उसके बच्चों को सोने के लिए भाई से चारपाई मांग ली तो भाई पिता को अपशब्द बोलने लगा। विरोध करने पर उसके साथ दोनों ने मिलकर मारपीट कर दी। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है।

## त्याग व तपस्या की प्रतिमूर्ति होती है मां

मदर्स डे आज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



मदर्स डे में अपनी प्रतिभा दिखाते नन्हें मुन्ने छात्र — अमृत विचार

- मातृ दिवस के अवसर पर विद्यालय में हुयीं प्रतियोगिताएं
- बच्चों ने मां की अभिव्यक्ति को कला के माध्यम से उकेरा

**अमृत विचार।** शनिवार को उत्साह के साथ मदर्स डे स्कूलों में मनाया गया। सीबीएसई बोर्ड से संचालित शहर के महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में मातृ दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राथमिक वर्ग के बच्चों के लिए फोटो फ्रेमिंग तो जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता व सीनियर वर्ग के लिए निबन्ध लेखन प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें बच्चों ने मां के प्रति अपनी अपनी अभिव्यक्ति उकेर कर साबित किया कि मां श्रद्धा, समर्पण, त्याग व तपस्या की प्रतिमूर्ति होती है।

ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से श्रुनि सिंह, तृषा व आरजू कुशवाहा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर चयनित किए गए। वहीं सीनियर वर्ग से कविता वाचन प्रतियोगिता में उत्कर्ष त्रिपाठी प्रथम, नैनम गुप्ता द्वितीय, शाम्भवी और अंशिका श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि मां बच्चे के लिए उतनी ही उपयोगी है, जितना कि जीवन के लिए श्वॉस। हमें मां का योगदान जीवन के प्रत्येक क्षण महसूस होता है। वह व्यक्ति के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास करने की सामर्थ्य रखती है। यह दिन मां के प्रति कृतज्ञता का भाव विकसित कर उनके त्याग, तपस्या करूणा, ममता जैसे गुणों को आत्मसात् करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस अवसर पर दुनिया की सभी माताओं को हृदय से नमन कर उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव प्रदर्शित किया।

## पीएमआवास के नाम पर की ठगी

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री आवास के नाम पर एक युवक ने महिला से नकदी सहित जेवरात ठग लिए। आवास न मिलने पर महिला ने अपने रुपये और जेवरात मांगे तो युवक ने महिला के साथ गाली गलौज की।

असोथर थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी क्रांति देवी पत्नी रवि करण गौतम ने थरियांव पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार साल पहले थरियांव थाना क्षेत्र के मीसा गांव निवासी धनंजय पुत्र सूरज बली ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर दस हजार नकद और ढाई सौ ग्राम की पायल ले गया था। जब महिला को आवास नहीं मिला तो महिला अपने रुपये और जेवरात मांगने गई तो उसने उसके साथ गाली गलौज की और भगा दिया। कहीं भी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी है।

## कच्ची शराब के साथ पकड़ा

**औंग।** थाना क्षेत्र के करचलपुर गांव के पास अमरूद के एक बाग के पास से पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को दबोच लिया। तलाशी दौरान उसके पास से दस लीटर कच्ची शराब बरामद की है। आरोपी ने अपना नाम दीपक सिंह बताया है।

# नहीं टूट रही मतदाताओं की चुप्पी, सिर्फ चर्चा तक सीमित

चुनावी चर्चा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- चालाक मतदाता अपनी बात बताने की बजाय खुद रुख जानना कर रहे पसंद
- वोटरों का मन टटोलने में शिकारी खुद ही हो जा रहे शिकार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मी सवाब पर है। चाय की दुकानों एवं गांव के गली चौबारों में चुनावी चौपालों में चर्चाओं का दौर चल रहा है। वोटर दूसरों के मन की बात टटोलने का प्रयास तो करता है लेकिन खुद ही शिकार हो जाता है।

चुनावी चर्चा के बीच एक दल के गुप्त समर्थक ने चर्चा में शामिल दूसरे व्यक्ति से पूछा कि अबकी बार क्या माहौल है? किस की फिजा है। उस व्यक्ति को नहीं पता था कि पूछने वाला कौन है और वह क्या है। उन्होंने तपाक से चाय की चुस्की लेते हुए कहा कि अरे, आप ने मेरे दिल की बात कह दी। मैं भी तो आप से यही जानना चाह रहा था। किसे वोट दिया जाए, आप ही बताइए, कुछ समझ नहीं आ रहा है। यहां शिकारी खुद शिकार हो गया। दरअसल लोकसभा चुनाव में इस बार मतदाता बताना नहीं सिर्फ सुनना चाहता है। सुनने की यही बेकरारी चुनावी पंडितों को खाए और सताए जा रही है। मतदाताओं की यह अजीब सी खामोशी सियासत की नैया पर सवार प्रत्याशियों को किस पार लगाएगी। मतदान को महज 08 दिन शेष हैं लेकिन जिले के अधिकांश क्षेत्रों से चुनावी चकाचौंध न के बराबर है। नौकरीपेशा कार्यालयों में तो वहीं व्यापारी बाजार में व्यस्त हैं। चुनावी चखचख फिलहाल उनकी प्राथमिकता में नहीं है। कहा जा रहा है कि वोटर वोट देकर ही अपनी पसंद बताएंगे।

### न काहू से दोस्ती न काहू से बैर

चुनाव आयोग के डंडे ने क्षेत्र में झंडे और पोस्टर वार को परवान नहीं चढ़ने दिया। पहले चुनावी पंडितों के लिए माहौल का गणित बताने के लिए झंडे और पोस्टर काफी बड़ा सहारा थे। हालांकि मकान मालिक की अनुमति से सीमित संख्या में झंडे लगाए जा सकते हैं लेकिन इस बार इक्का दुक्का स्थानों को छोड़कर लोग झंडे लगाने से भी परहेज कर रहे हैं। चालाक मतदाता किसी का खुला समर्थन कर विरोधी को खफा नहीं करना चाहता है। समर्थन या विरोध जो भी है, अंदरखाने है।

### पार्टी कार्यालयों पर शाम को बढ़ने लगी भीड़

चुनावी कार्यालयों में शाम को समर्थकों की संख्या में इजाफा होने लगा है। प्रत्याशी रात दिन प्रचार में जुटे हैं लेकिन मतदाता कुछ कहने का तैयार नहीं हैं। लोगों का कहना है कि चुनाव में चुनावी जानकारों के लिए आंकड़े एकत्र करने में मुश्किलें आ रही हैं।

## दो मौतों का आरोपी पति हुआ गिरफ्तार

**औंग।** जनवरी में एक महिला ने तीन बच्चों को गुड़ में जहर मिलाकर खिलाकर खुद फांसी लगाथी। घटना में एक बच्चे और महिला की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने मृतका के पति समेत पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की थी। शनिवार को पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया।

औंग थाना क्षेत्र के हरचन्दखेड़ा गांव में जनवरी महीने में विनोद पाल की पत्नी सरला ने अपने तीन बच्चों आदर्श (8), आंशी (10) और अंश (12) को गुड़ के साथ जहरीला पदार्थ खिलाकर खुद किचन में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। मामले में दो बच्चों ने उसे उगल दिया था। जिसके चलते व बच गए थे। लेकिन आदर्श की मौत हो गई थी। घटना की रिपोर्ट मृतका के भाई बलवंत सिंह ने बहनोई विनोद पाल सहित पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट व खुदकुशी के लिए मजबूर करने की धाराओं में मामला दर्ज कराया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने चार माह बाद आरोपी पति विनोद पाल को गिरफ्तार कर लिया।

# 16 को अखिलेश और 17 को गरजेंगे मोदी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- पीएम मोदी के आगमन को लेकर भाजपाइयों ने किया भूमि पूजन
- सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की शहर में होगी जनसभा



जनसभा स्थल पर भूमि पूजन करते भाजपाई। — अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम लग रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति के पक्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 मई को जनसभा करेंगे। वहीं 16 मई को गठबंधन प्रत्याशी नरेश उत्तम पटेल के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जनसभा कर मतदाताओं को लुभाएंगे।

लोकसभा चुनाव के तहत प्रचार अब धीरे-धीरे परवान चढ़ने लगा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जहां भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति के पक्ष में बिंदकी नगर में जनसभा कर चुके हैं वहीं अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए आगामी 17 मई को नेशनल हाईवे के हवाई अड्डा बड़े पुल के नजदीक मदरियापुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

उनकी चुनावी जनसभा को सफल बनाने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति समेत भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कार्यक्रम स्थल पर भूमि भूजन किया। जिसके बाद विशाल सभा मंच एवं पांडाल बनाने का कार्य शुरू हो गया। बताते चलें कि पीएम मोदी जिले में तीन बार भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बना चुके हैं। इस बार चौथी बार भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने का काम करेंगे।

भूमि पूजन के दौरान लोकसभा प्रभारी राजेंद्र सिंह चौहान, जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, जिला संयोजक दिनेश बाजपेई, स्वरूप राज सिंह जूली, प्रवीण सिंह, पुष्पराज पटेल, संतोष द्विवेदी, कुलदीप भदौरिया, ज्योति प्रवीण, सुनिधि तिवारी, धनंजय द्विवेदी, कुलदीप भरौरिया, मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह समेत अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

### एमआईसी ग्राउंड में आयेंगे अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निजी सचिव गंगाराम द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 16 मई को शहर के मुस्लिम इंटर कालेज के मैदान में दोपहर दो बजे जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जनसभा स्थल को तैयार करने के लिए सपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जुट गए हैं।

### 16 को ही योगी एवं बसपा सुप्रीमों की भी जनसभाएं

लोकसभा चुनाव में प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 16 मई को ही शहर के महात्मा गांधी विद्यालय के मैदान में जनसभा प्रस्तावित है। वहीं बसपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री मायावती खागा क्षेत्र की मंडी समिति परिसर में 16 मई को ही जनसभा करेंगी। एक ही दिन कई नेताओं की जनसभा को लेकर प्रशासन अमला खासा परेशान नजर आ रहा है।

## कोर्ट के आदेश पर भारी पड़ रहा है ग्राम प्रधान

संवाददाता, औंग फतेहपुर

**अमृत विचार।** तहसील बिन्दकी के ग्राम खदरा निवासी एक पीड़ित परिवार के पास जमीन के कागजात, कोर्ट व राजस्व विभाग के आदेश के बावजूद अपना घर नहीं बना पा रहा है। पीड़ित की जानकारी के अनुसार खदरा गांव के शिवकुमार विगत पंचवर्षीय में ग्राम सभा से जमीन खरीदी थी। जिसमें वर्तमान ग्राम प्रधान ने रोक लगा दी थी। पीड़ित शिव कुमार ने न्यायालय में याचिका दायर की। मामला राजस्व विभाग के पास पहुंचा। तहसीलदार ने लेखपाल के साथ जायजा लिया और रिपोर्ट प्रेषित की। न्यायालय का आदेश व राजस्व विभाग ने आदेश दिया। फिर भी वर्तमान प्रधान घर बनाने में अड़ंगा लगा रहा है।

## ट्रक पलटने से चालक खलासी बाल बाल बचे

**फतेहपुर।** प्रयागराज निवासी ट्रक चालक सुनील ने बताया कि कानपुर से कोल्ड ड्रिंक लोड करके प्रयागराज के लिए जा रहा था। जैसे ही सुबह सरला देवी महिला डिग्री कॉलेज के पास पहुंचा तो ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।

जिससे ट्रक में लोड कोल्ड ड्रिंक पूरे रोड पर बिखर गयी। हादसे में चालक व खलासी बाल बाल बच गए।

## वृद्ध ने सात साल की बच्ची से किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- हमीरपुर जनपद का रहने वाला है आरोपी
- आम के बाग की रखवाली के लिए रहता था

**अमृत विचार।** आम के बाग की रखवाली कर रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति ने शनिवार दोपहर खेल रही सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया।

चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में हमीरपुर जनपद के चडरा गांव निवासी रामसेवक (60) आम के बाग की रखवाली कर रहा था। गांव की एक सात वर्षीय बच्ची साथियों के साथ खेलते हुए बाग तक पहुंच गई। बताया जा रहा है कि आरोपी रामसेवक ने बच्ची के साथ मौजूद अन्य बच्चों को दस-दस रुपये देकर सामान लेने को भेज दिया। इसी दौरान उसने बच्ची के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया। वापस लौटे बच्चों ने बच्ची को लहूलुहान हालत में देखा तो परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बच्ची से पूछा तो उसने परिजनों से आपबीती बताई तो ग्रामीणों में शोर हो गया। ग्रामीणों ने मिलकर रामसेवक को पकड़ लिया और पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी रामसेवक को पकड़ लिया और बच्ची को मेडिकल जांच व इलाज के लिए अस्पाताल भेज दिया। मामले में चांदपुर थाना प्रभारी बच्चेलाल ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी कर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## सार-संक्षेप



मंच पर मौजूद भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या व साध्वी निरंजन ज्योति।

### देश में नहीं लागू होने देंगे शरिया कानून : तेजस्वी

**फतेहपुर।** भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बंगलुरु से सांसद तेजस्वी सूर्या ने खागा में आयोजित युवा सम्मेलन में कहा कि देश में शरिया कानून नहीं लागू होने देंगे। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने से युवाओं का जोश देखते ही बना। उन्होंने कहा कि इस बार फिर से भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में सरकार जनता के सहयोग से बनेगी। खागा स्थित एक मैरिज हाल में आयोजित युवा सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने की। सम्मेलन में खागा विधायक कृष्णा पासवान, जहानाबाद विधायक राजेन्द्र पटेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अभय सिंह ने विकासशील से विकसित फतेहपुर के लिए चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने युवाओं में उत्साह भरते हुए कहा कि देश में चार सौ सीटों से अधिक भाजपा की सरकार आने वाली है एवं फतेहपुर से साध्वी निरजन ज्योति चार लाख वोटों से जीतने वाली हैं। उन्होंने कहा कि दुश्मन देश चाहते हैं कि भारत में कांग्रेस की सरकार बने, यह पाकिस्तान और चीन का प्रेम क्या बयां करता है। सम्मेलन का संचालन जिला महामंत्री प्रसून तिवारी एवं ऐश्वर्य सिंह चंदेल ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुभव द्विवेदी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू, सागर शुक्ला, शिखा मिश्रा, विमलेश पाण्डेय, आशीष तिवारी, सावन गुप्ता, कुलदीप मौर्या, उदय प्रताप सिंह, सत्यम बाजपेयी समेत अन्य तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

### इलेक्ट्रानिक की दुकान से हजारों की चोरी

**फतेहपुर।** हुसेनगंज कस्बे में छत के रास्ते चोरों ने सीढ़ियों का दरवाजा तोड़ते हुए एक इलेक्ट्रानिक की दुकान में घुस गए और हजारों रुपये का कीमती सामान चोरी कर ले गए। सुबह दुकान खुलने पर दुकानदार को घटना की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के गौरा चुरियारा गांव निवासी शानू हुसेनगंज कस्बे में साहब इलेक्ट्रानिक नाम से दुकान चलाता है। शानू ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम वह रोज की तरह दुकान बंदकर घर चला गया था। शनिवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान खोलते ही वह स्तब्ध रह गया। दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था। दुकान में चोरी हो चुकी थी। देखा तो छत पर लगा दरवाजा टूटा था। बताया कि छत के रास्ते चोरों ने दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए और चोरी कर ली।

चुनावी मुद्दा — जीतने के बाद नेता भूल जाते हैं गांव की समस्याएं, हर चुनाव में स्थानीय ग्रामीणों में उठती है टीस

# अपने ही तीन मजरों से नहीं जुड़ सका गांव गलाथा

संवाददाता, औंग फतेहपुर



कुछ इस तरह से बदहाली की दास्तां बयां कर रहा है गांव। — अमृत विचार

**अमृत विचार।** देवमई विकास खण्ड की ग्राम पंचायत गलाथा का आजादी के बाद से अब तक उसके तीन मजरों से कोई सीधा सम्पर्क मार्ग नहीं है।

ग्राम पंचायत व मजरों के बीच करीब तीन पाण्डु नदी पड़ती हैं। जिसे पार करने के लिए अभी तक किसी भी सांसद या विधायक ने इस नदी पर पुल नहीं बनवाया। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनावों में नेता आते रहे और पुल बनवाने का आश्वासन देते रहे लेकिन जीत हासिल करने के बाद किसी ने कभी मुड़ कर नहीं देखा। वर्तमान सांसद से ग्रामीणों को बड़ी उम्मीद थी लेकिन दस साल के कार्यकाल में कोई भी समस्या का हल नहीं हुआ। ज्ञात हो कि नदी के उस पार बेरीनारी, रामघाट व कलकत्ता फारम बसा हुआ है, ग्राम पंचायत से इसकी दूरी करीब तीन किलोमीटर है, न कोई मार्ग दिया न कोई पुल, सिर्फ नेताओं को वोट चाहिए। इस सम्बन्ध में सभी लीडर बात करने से बचते हैं।

### शिवराजपुर का सशक्त इतिहास और घोर उपेक्षा

धार्मिक स्थल शिवराजपुर के मन्दिर में गिरधर गोपाल की वही मूर्ति स्थापित है जिसे संत रविदास कभी पूजते थे। यही मूर्ति बाद में मीराबाई के आराध्य देव हुए। इसके बावजूद इस धार्मिक स्थल का उम्मीदों के मुताबिक कोई विकास नहीं हो पाया है। यहां पर पाण्डु नदी पर पुल बीएसपी के शासन काल में बना था।

### क्या बोले स्थानीय ग्रामीण



गलाथा गांव को इसके मजरों से जोड़ने के लिए पुल की मांग कई दफा सत्ता पक्ष के नेताओं से की गई है, जिनसे सिर्फ झूठा आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला।

–चन्द्र पाल, बड़ाखेड़ा



कई बार सड़क बनाने व नदी पार करने के लिए पुल बनाने की मांग की गई और नेताओं ने वोट मांगने पर आश्वासन भी दिया लेकिन अभी तक कटरी वासियों को कुछ नहीं मिला।

–दीपक कुमार, रामघाट



सब नेता सिर्फ वोट मांगे आवत हैं। काम कौनऊ नहीं कर रहा है, न बिजली है, न सड़क है, न घर है। बताओ इनका वोट हम कहे देयन। अऊर तो अऊर कबहुं इनका कउनों काम बताओ तो वहो होत नाई है। ऐसे इन्हें वोट देय से का फायदा।

–बीरन निषाद, बेरीनारी

## रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुआ संघर्ष

**थरियांव।** पुरानी रंजिश को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में धारदार हथियार चल गए और जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों पक्षों से आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

थरियांव थाना क्षेत्र के आशिकपुर औरैया गांव में शनिवार सुबह एक ही परिवार के बबुल्ला और श्री राम के बीच पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि लाठी डंडे चल गए। इसके बाद दोनों पक्षों में धारदार हथियारों से हमला शुरू हो गया। हमले में दोनों पक्षों से आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। सभी घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# आज रवाना की जाएंगी पोलिंग पार्टियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों की मौजूदगी में कंटेनर से शिफ्ट की गईं ईवीएम
- 1519 पोलिंग पार्टियां होंगी रवाना, 10 प्रतिशत मतदान कार्मिक रहेंगे रिजर्व

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में चौथे चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां आज रवाना होंगी। छिबरामऊ, तिर्वा व कन्नौज से पोलिंग पार्टियों को बूथों पर भेजा जाएगा। मतदान के बाद पोलिंग पार्टियां निगम मंडी कन्नौज में बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करेंगीं। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 1519 पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएगीं, जबकि 10 प्रतिशत मतदान कार्मिकों को रिजर्व श्रेणी में रखा जाएगा।

जिला प्रशासन ने इस बार छिबरामऊ, तिर्वा व कन्नौज सदर विधानसभा क्षेत्र में पोलिंग पार्टियों को भेजने की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर की है। छिबरामऊ में निगम मंडी से, तिर्वा में डीएन इंटर कॉलेज से तो कन्नौज में मंडी समिति से पोलिंग पार्टियों को सुबह आठ बजे मतदेय स्थलों पर भेजा जाएगा। इसके लिए कलेक्ट्रेट परिसर से रवानगी स्थल तक कार्मिकों को ले जाने के लिए बसों तो पोलिंग पार्टियों को बूथों तक ले जाने के लिए भी वाहनों की व्यवस्था की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक सभी पोलिंग पार्टियां मतदेय स्थलों तक पहुंच जाएंगीं, जिनकी उपस्थित सेक्टर मजिस्ट्रेट लेंगे और उसकी जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी को देंगे। रवाना होने के दौरान जो भी मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहेंगे, उनके स्थान पर दूसरे कार्मिक को भेजकर अनुपस्थित कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी।



कलेक्ट्रेट परिसर में ईवीएम ले जाने को खड़े बंद कंटेनर। अमृत विचार

### प्रतिनिधियों को ईवीएम के साथ जाने का अवसर

कलेक्ट्रेट से पोलिंग पार्टी रवाना स्थल तक ईवीएम को बंद बॉडी कंटेनर में शिफ्ट किया गया। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और प्रत्याशी भी उपस्थित रहे। इन लोगों को ईवीएम के साथ जाने का अवसर भी दिया गया। ताकि कोई भी किसी प्रकार का आरोप न लगा सके। कंटेनर को रवाना करने से पहले सील कर दिया गया था। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार ने बताया कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई है। रिजर्व ईवीएम को तहसील मुख्यालयों पर बने स्ट्रांग रूमों में रखा जाएगा।

## शिवपाल ने मांगे भतीजे के लिए वोट

**सौरिख।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधायक शिवपाल सिंह यादव ने शनिवार को भतीजे अखिलेश के लिए नगर में जन संपर्क कर वोट मांगे। वे दोपहर में अपने काफिले के साथ चौधरी मनीष यादव के आवास पर पहुंचे कर वहां इकट्ठे लोगों से भतीजे के पक्ष में अधिक से अधिक वोट देने की अपील की। इसके बाद उनका काफिला नगर के व्यापारी कैसर अली के आवास पर पहुंचा और वहां मौजूद मुस्लिम समुदाय के लोगों से समाजवादी पार्टी को वोट देने की अपील की। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुड्डू नंबरदार का न पहुंचना चर्चा का विषय रहा। इस मौके पर मनीष यादव, ताहिर आदि रहे।



कार्यकर्ताओं के बीच शिवपाल।

# खर्च में सपा अव्वल, भाजपा दूसरे नंबर पर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र का चुनाव लड़ने वाले सभी 15 प्रत्याशियों ने व्यय का तीसरा ब्योरा मुहैया करा दिया है। 10 मई तक सपा प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 36.20 लाख रुपये निर्वाचन में खर्च कर पहले स्थान पर हैं। दूसरे नंबर पर भाजपा प्रत्याशी व वर्तमान सांसद सुब्रत पाठक हैं। इन्होंने 27.18 लाख रुपये व्यय किया है। भारतीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी आलोक वर्मा 5.50 लाख रुपये खर्च कर तीसरे और बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर 3.54 लाख रुपये खर्च कर चौथे स्थान पर हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने 29 अप्रैल को सभी उम्मीदवारों के लिए पत्र जारी किया था। इसमें कहा कि दो, छह व 10 मई को चुनाव में खर्च का ब्योरा दिया जाए। मतदान से पहले तक तीनों व्यय की रिपोर्ट बन गई है। कहा जा रहा है कि खर्च तो मतदान वाले दिन तक होता है। उसका ब्योरा कुछ दिनों बाद लिया जाएगा। प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुश्रवण व वरिष्ठ कोषाधिकारी अनिल मिश्र की रिपोर्ट के मुताबिक निर्दलीय प्रत्याशी इरफान अली व भानू प्रताप सिंह दोहरे ने तीसरे चक्र में कोई खर्च नहीं किया है। अन्य 13 उम्मीदवारों ने खर्च किया है, उसका ब्योरा दे दिया गया है।

### चुनावी खर्च

- भारतीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी 5.50 लाख रुपये व्यय कर तीसरे पर
- 10 तक सभी 15 उम्मीदवारों ने दिया लोकसभा क्षेत्र निर्वाचन में खर्च का ब्योरा

### पहले चक्र में दो प्रत्याशियों ने नहीं दिया लेखाजोखा

- रिपोर्ट के मुताबिक दो मई को पहले चक्र में भारतीय कृषक संघ के लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी प्रमोद यादव, भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी के प्रत्याशी शैलेंद्र कुमार ने खर्च का ब्योरा नहीं दिया था। दूसरे चक्र में छह मई को ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के उम्मीदवार सुभाष चंद्र ब्योरा देने नहीं गए। इसी तरह दूसरे चक्र में निर्दलीय उम्मीदवार इरफान अली, पुरुषोत्तम तिवारी, सिनोद कुमार व भानू प्रताप सिंह ने खर्च न करने की बात कही।

### इस तरह प्रत्याशियों ने किया है चुनाव में खर्च

| उम्मीदवार | दल | व्यय |
|---|---|---|
| अखिलेश यादव | सपा | 36,20,743 |
| इमरान बिन जफर | बसपा | 3,54,420 |
| सुब्रत पाठक | भाजपा | 27,18,847 |
| आलोक वर्मा | राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी | 5,50,290 |
| प्रमोद यादव | भारतीय कृषक दल | 89,900 |
| शैलेंद्र कुमार | भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी | 74,666 |
| सुनील | भारतीय शक्ति चेतना पार्टी | 49,810 |
| सुभाष चंद्र | आल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक | 56,230 |
| इरफान अली | निर्दलीय | 26,700 |
| पुरुषोत्तम तिवारी | निर्दलीय | 58,180 |
| भानु प्रताप सिंह दोहरे | निर्दलीय | 12,500 |
| यादवेंद्र किशोर | निर्दलीय | 38,256 |
| राज कठेरिया | निर्दलीय | 12,900 |
| ललित कुमारी | निर्दलीय | 56,045 |
| सिनोद कुमार | निर्दलीय | 33,076 |

# बंद हुआ चुनाव प्रचार का शोर, अब घर-घर संपर्क करने पर पूरा जोर

## शाम छह बजे के बाद जिले में रैलियां, जनसभाएं और जुलूस निकालने पर रोक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दो दिन के लिए शराब की दुकानें भी बंद, निगरानी व उड़नदस्ता टीमें सक्रिय

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में चौथे चरण के मतदान से 48 घंटे पहले प्रचार का शोर थम गया है। अब प्रत्याशी और उनके समर्थक घर-घर जाकर वोटरों की परिक्रमा कर रहे हैं। प्रचार के अंतिम दिन सभी राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। भाजपा ने बाइक रैली निकाली और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र में जनसभा की। सपा ने भी रोड शो किया। शाम छह बजे के बाद प्रचार का शोर थम गया।

शनिवार की शाम छह बजे लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का प्रचार थम गया। जिला प्रशासन ने दो दिन के लिए शराब की दुकानें भी बंद करा दीं। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निगरानी व उड़नदस्ता टीमों ने जगह-जगह वाहनों को रोककर तलाशी ली। राजनीतिक दलों के लाउडस्पीकर लगे प्रचार वाहन भी खड़े हो गए। अंतिम दिन प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी। शहर में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाली तो मुख्यमंत्री ने रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र के झींझक में जनसभा को संबोधित किया। समाजवादी पार्टी की तरफ से अखिलेश यादव की बेटी अदिति यादव ने रोड शो किया तो सांसद डिंपल यादव, शिवपाल यादव व अक्षय यादव सहित कई नेताओं ने नुक्कड़ सभाएं कर वोट मांगे। शाम छह बजे के बाद प्रचार बंद होते ही जिला प्रशासन एक्शन मोड में आ गया और निगरानी टीमों ने आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर क्षेत्र में भ्रमण किया।


वहीं, शाम को छह बजे से पहले शराब की दुकानों पर भी भीड़ रही। दो दिन के लिए दुकानें बंद होने पर लोगों ने स्टाक कर लिया। देर रात तक प्रत्याशी और उनके समर्थक घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर वोट मांगते रहे।




तिर्वा रोड पर बाइक रैली निकालते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

## युवक ने फंदा लगा कर दी जान

**कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्रके गांव सहिल्लापुर में युवक ने फंदा लगा कर आत्म हत्या कर ली। सदर कोतवाली क्षेत्रके गांव सहिल्लापुर निवासी शनि कमल(24) पुत्र प्रेम बाबू का पत्नी से किसी बात को लेकर रात विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर उसने शुक्रवार रात 12 बजे के करीब मकान के कमरे में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। परिजनों को रात में ही इस की जानकारी पुलिस को दी।सूचना पर पहुंचे पाल चौकी प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवा कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। पुलिस के अनुसार रात को किसी समय शनि की पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी से नाराज होकर उसने मकान के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



# कल सार्वजनिक अवकाश, बाजार बंद



कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए मतदान कल होगा, जिसे मतदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है और उस दिन पूर्ण रूप से बाजार बंदी भी रहेगी। किसी भी समस्या के समाधान के लिए लोग हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं।

शनिवार को अधिसूचना जारी करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि लोकसभा चुनाव में चौथे चरण के लिए मतदान कल सोमवार 13 मई को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। सोमवार को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि यह अवकाश निगोशिएबुल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के अंतर्गत आता है तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मचारियों के मताधिकार के प्रयोग करने के लिए सार्वजनिक अवकाश का प्रावधान है। इस कारण सोमवार को पूर्ण रूप से बाजार बंदी रहेगी। केवल फल, मिठाई एवं अन्य खराब होने वाली वस्तुओं की दुकानें खुलीं रह सकतीं हैं।



जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

### माननीय नहीं बन पाएंगे पोलिंग एजेंट

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कोई भी जनप्रतिनिधि या सरकारी सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति पोलिंग एजेंट नहीं बन पाएगा। पोलिंग एजेंट बनने के लिए उस विधानसभा क्षेत्र से कोई भी मतदाता हो सकता है। प्राथमिकता के आधार पर पोलिंग एजेंट उसी बूथ या गांव का निवासी होना चाहिए। पोलिंग एजेंट मोबाइल नहीं जाएंगे और मतदान केंद्र पर धूम्रपान भी प्रतिबंधित रहेगा।

### जो मतदाता नहीं, वह जाएं जिले से बाहर

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद जो भी व्यक्ति या महिला इस जनपद के मूल निवासी नहीं हैं और मतदाता भी नहीं हैं। वह जिले से बाहर चले जाएं। राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों पर भी यह आदेश लागू होगा। केवल प्रत्याशियों को जिला निर्वाचन कार्यालय से पास जारी किए गए हैं। मतदान के दिन कोई भी मार्ग बंद नहीं रहेगा, लेकिन मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी पर ही वाहन खड़े कर सकेंगे।

# देश के उत्थान के लिए पड़ेगा मेरा 'पहला वोट'

जलालाबाद। जहां पूरा देश लोकतंत्र के महापर्व को मना रहा है तो वहीं पहली बार मतदान कर रहे युवाओं में खासा उत्साह है। पात्रता मिलने और पहली बार मतदान करने को लेकर युवाओं में मतदान प्रक्रिया को जानने और समझने के लिए भी ललक है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में ईवीएम विशेष आकर्षण बनी हुई है। पेश है जलालाबाद संवाददाता नासिर अहमद की युवा मतदाताओं से की गई बातचीत की रिपोर्ट।

### पहली बार मतदान को लेकर उत्साहित है युवा



जलालाबाद के मोहल्ला सदर बाजार निवासी आकांक्षा त्रिपाठी बताती हैं कि मतदान के लिए पात्र होने की खुशी है। इसका उन्हें काफी समय से इंतजार था। पहली बार ईवीएम से मतदान करने के अनुभव को सोच कर उत्साहित हैं। उनके साथियों में भी पहली बार मतदान को लेकर उत्सुकता है। –आकांक्षा त्रिपाठी।



जलालाबाद निवासी वैभव मिश्रा ने बताया कि मतदाता बनने की बेहद खुशी है। अब वह भी परिवार व साथियों के साथ मतदान करने के लिए जा सकते है। देश के विकास और उत्थान के लिए मतदान करके अच्छा लगेगा। लोकतंत्र के इस महापर्व को मतदान कर उत्साह से मनाने के लिए वह उत्सुक है। – वैभव मिश्रा।



मोहल्ला सदर बाजार निवासी ब्रजेश कुमार का कहना है कि पहली बार मतदान के लिए उत्साहित है। मतदान की प्रक्रिया से अभी अनभिज्ञ हैं। इसके लिए परिवार व आसपास के लोगों ने काफी जानकारी दी है। प्रशासन भी लगातार जागरूक कर रहा है। मतदान करने के लिए जरूर जाएंगे। – ब्रजेश कुमार।



जलालाबाद निवासी सुब्रत मिश्रा का कहना है कि सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेना चाहिए और देश की तरक्की के लिए मतदान करना चाहिए। जब सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। तभी देश को एक मजबूत सरकार मिलेगी और हमारा लोकतंत्र सशक्त और प्रभावी होगा। – सुब्रत मिश्रा।

## अदिति ने किया रोड शो

**तिर्वा।** प्रचार के अंतिम दिन अखिलेश यादव की बेटी अदिति ने ठठिया कस्बे में रोड शो किया और पिता के लिए जनसमर्थन जुटाया। फिरोजाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी अक्षय यादव ने भी काफिले में शामिल होकर सपा को वोट देने की अपील की। वहीं, शिवपाल सिंह यादव ने पुराने कार्यकर्ताओं से संपर्क कर पीडीए को जिताने की अपील की। अक्षय यादव ने गांधी चौराहा पर स्थित गांधी प्रतिमा का माल्यार्पण किया। इस मौके पर सौरभ यादव, सुखेंद्र यादव, मनीष यादव, हुकुम सिंह यादव, अभिषेक यादव मौजूद रहे।

**शिवपाल का हुआ स्वागत : गुरसहायगंज ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का काफिला नगर पहुंचा, तो सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं, पगड़ी पहनाकर व पुष्प वर्षा उनका स्वागत व सम्मान किया। इस दौरान सपा नेता इन्द्र कुमार गुप्ता, राज सिंह उर्फ छोटे ठाकुर, रणधीर ठाकुर, उत्कर्ष गुप्ता, मो. नफीस, शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव, अर्पित शुक्ला, नाहर सिंह, टिल्लू यादव, जितेंद्र कुमार आदि रहे।



कस्बे में रोड शो करतीं अखिलेश की बेटी अदिति यादव। अमृत विचार

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना जरूरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी कवि अरुण चक्रवर्ती ब्रजकिशोर का कहना है कि 1989 के 61 वें संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा देश में 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके व्यक्ति को मतदान करने का अधिकार मिला था। वोट के जरिए हम सत्ता को बदल सकते हैं और संसद में एक ईमानदार, कर्मठ, निष्ठावान सरकार को चुन के ला सकते हैं। एक वोट की कीमत बहुत ही मायने रखती है। एक वोट ही सरकार को पूर्ण बहुमत दिला सकती हैं। मतदान केवल सरकार के लिए ही नहीं, बल्कि देश के विकास और उत्थान के लिए करें। अपने अधिकार से वंचित न रहें। हर मतदाता भारत का निर्माता है।



कवि अरुण चक्रवर्ती।

सांसद निधि | लोहे के यात्री शेड में ऐसा क्या खास, जो चार-चार लाख रुपये में एक बना

# 25 यात्री शेड बनाने में खर्च हुए एक करोड़ से ज्यादा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में 25 स्थानों पर लोहे के यात्री शेड (प्रतीक्षालय) बनवाए गए हैं। इन पर भाजपा सांसद सुब्रत पाठक की निधि से एक करोड़ एक लाख 75 हजार रुपये खर्च कर दिए गए। सुनने में अजीब लगेगा लेकिन पांच गुणा ढाई मीटर जगह में बने एक-एक शेड के निर्माण की लागत चार लाख सात हजार रुपये आई है। यह हम नहीं कह रहे बल्कि सांसद निधि से कराए गए कार्यों की सूची से खुलासा हुआ है।

कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के सांसद निधि खर्च की सूची में बताया गया है कि यात्री शेड का निर्माण कार्य कराने वाली संस्था यूपीएसआईसी कानपुर है। वर्ष 2022-23 में इनका निर्माण कार्य हुआ है। सूची के मुताबिक पहली किस्त के रूप में एक-एक शेड के लिए दो लाख 44 हजार रुपये के हिसाब से बजट भी कार्यदायी संस्था को जारी किया जा चुका है। डीआरडीए जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कार्यालय के मुताबिक जसोदा, सिकंदरपुर, जलालपुर, तेराजाकेट, जिला जेल, इंदरगढ़, नदसिया, उमर्दा, मानीमऊ ठठिया तिराहा, हसेरन मुख्य मार्ग, शेरमऊ, बेहरिन, सुर्सी तिराहा, मिरगावां, महमूदपुर, मंडी समिति कन्नौज, तिर्वा क्रॉसिंग, किसान बाजार तिर्वा, सुखसेनपुर, सुर्सी, डीएन इंटर कॉलेज तिर्वा, इंजीनियरिंग कॉलेज विधईपुर्वा, मेडिकल कॉलेज, कन्नौज तहसील के निकट यात्री शेड बनवाए गए हैं।

दूसरी ओर पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह का तर्क है कि जनप्रतिनिधि जो प्रस्ताव देते हैं, उसके लिए निधि से बजट जारी हो जाता है। कार्य की प्रगति व गुणवत्ता देखकर भुगतान किया जाता है।




तिर्वा के डीएन इंटर कॉलेज के बाहर बना यात्री प्रतीक्षालय। अमृत विचार

### यात्री प्रतीक्षालय में यह है लगा

- पांच गुणा ढाई मीटर जगह में सीमेंटेड चबूतरा बना है। उस पर छह लोहे के पिलर खड़े हैं। छत पर टिनशेड है जो छह लोहे के पाइपों पर टिकी है। बैठने के लिए लोहे की लंबी कुर्सी बनी है, ऊपर टिनशेड है। चौड़ाई में दोनों ओर लगे तख्तों में यात्री प्रतीक्षालय लिखा है।

यात्री शेड लोगों को दिखाने के लिए हैं। जो निर्माण कार्य की लागत बताई गई है वह कई गुना अधिक है। मेरे परिवार में भी प्रधान रहे हैं। मैं खुद ब्लॉक प्रमुख हसेरन रहा, 4 .07 लाख रुपये की लागत टिनशेड के यात्री प्रतीक्षालय में नहीं आती है।

–उदयराज राजपूत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख हसेरन व सपा नेता



# बाइक डिवाइडर से टकराई, दो भाइयों की मौत

## जीटीरोड पर मानपुर चौराहा के निकट हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जीटी रोड बाईपास मानपुर चौराहा नर्सिंगहोम के निकट अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इससे बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिये।

सदर कोतवाली के मोहल्ला सरायमीरा बजरिया निवासी चचेरे भाई धर्मेंद्र शर्मा उर्फ टीटू(40) पुत्र शिव प्रसाद व टीटू शर्मा(37) पुत्र सोनेलाल शर्मा शनिवार को शाम करीब चार बजे एक ही बाइक पर सवार होकर किसी काम से गोलकुआं रोड होते हुए मानपुर चौराहे से जीटी रोड बाईपास से जिला अस्पताल की ओर जा रहे थे। जैसे ही बाइक नर्सिंग होम के निकट पहुंची अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में दोनों भाइयों के सिर में गंभीर चोट आई। सूचना पर पहुंची पाल चौराहा पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।

- गोलकुआं रोड से जीटी रोड बाईपास पर जाते समय हुआ हादसा

### चौकी सीमा विवाद में नहीं भरा पंचायतनामा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड बाईपास मानपुर चौराहा नर्सिंगहोम के निकट हुई दुर्घटना में दो चचेरे भाइयों की मौत के बाद शव पोस्टमार्टम हाउस की मर्चरी में रखवा दिये गये। पाल चौराहा चौकी प्रभारी ओमपाल सिंह पुण्डरीक व मंडी चौकी प्रभारी धीरेंद्रकुमार ने एक दूसरे के क्षेत्र में दुर्घटना होने की बात कह कर पंचायतनामा भरने से इंकार कर दिया। इसीलिये शाम सात बजे तक न तो मृतकों का पंचनामा पाल चौराहा चौकी पुलिस ने भरा न ही मंडी चौकी पुलिस ने। इससे दोनों के शव पोस्टमार्टम हाउस में ही रखे रहे। जब कि दुर्घटना करीव चार बजे हुई थी।

दुर्घटना में दोनों की मौत होने की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गये। बताया गया कि दोनों भाइयों की शादी हो चुकी है।

# मजाक-मजाक में चढ़ा दिया ट्रैक्टर, मौत

संवाददाता, सौरिख-कन्नौज



मृतक।

**अमृत विचार।** मजाक-मजाक में ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस को दी तहरीर में पिता ने रंजिशन बेटे को मारे जाने का आरोप दो लोगों पर लगाया है।

शनिवार को नादेमऊ चौकी क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी अतुल उर्फ भूरा पुत्र रामनिवास शाक्य (22) अपनी बाइक से जगदीशपुर से गांव जा रहा था। सुबह के करीब 11 बजे वह गांव जाने वाले रास्ते पर पहुंचा तो सामने से आ रहा गांव का ट्रैक्टर देख वह रुक गया जबकि ट्रैक्टर चालक भी रुक गया। जान पहचान होने से दोनों हंसी मजाक करने लगे। कुछ देर बाद ट्रैक्टर चालक ने हटने को कहा तो अतुल ने मजाक में कहा नहीं हटेंगे। ट्रैक्टर चालक भी ठिठोली कर बोला, हटोगे नहीं चढ़ा दूं-चढ़ा दूं। इस पर अतुल बोला चढ़ा दो। इस पर फिर चालक ने ट्रैक्टर स्टार्ट कर दिया। वह नियंत्रण नहीं कर पाया और ट्रैक्टर बाइक पर चढ़ गया। इसके बाद ट्रैक्टर पलट गया। घटना में अतुल की तुरंत मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी पाकर पुलिस पहुंच गई और पंचनामा की प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। वही पिता पुत्र खेती-बाड़ी का काम करते हैं। मृतक के पिता ने सौरिख थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के दो लोगों ने पुत्र को पुरानी रंजिश के चलते पीट-पीटकर मार डाला और फिर उस पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



घटना के बाद रोते बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

### शिवपाल ने पहुंचकर बंधाया ढांढस

घटना के समय समाजवादी पार्टी के महासचिव शिवपाल सिंह यादव सौरिख में जनसंपर्क कर रहे थे। सूचना पर गांव पहुंच गए और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। भाजपा की जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने भी परिजनों को सांत्वना दी।



सभा को संबोधित करतीं डिंपल यादव।

## सांसद डिंपल ने पति के लिए मांगे वोट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता मैनपुरी सांसद डिंपल यादव ने विशुनगढ़ के एक कालेज में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। देवेंद्र सिंह यादव के संचालन में हुई सभा को संबोधित करते हुए डिंपल ने कहा कि कन्नौज में जो भी विकास कार्य हुए हैं वह सभी समाजवादी सरकार में हुए। डिंपल का कुंवरपुर बनवारी प्रधान प्रतिनिधि सरफुद्दीन मंसूरी तमाम महिलाओं ने स्वागत किया।

विशुनगढ़ रोड पर स्थित मोहल्ला ग्रेसीगंज के सामने पूर्व सभासद रहीस मंसूरी के नेतृत्व में मीना बानो सभासद , सिमरन शेख आरिफ मंसूरी शाहरुख मंसूरी रानी कठेरिया, रवि यादव, बबल प्रधान, अजय यादव (ठेकेदार), डा० राम, प्रकाश शाक्य बाल्मीक, हरिश्चन्द्र लोधी, वंशीलाल शाक्य, इलियास हुसैन आदि लोगों ने स्वागत किया।

## सार-संक्षेप



पूर्व विधायक के आवास पर छापेमारी करती पुलिस। अमृत विचार

### पूर्व सपा विधायक के घर पुलिस का छापा, उत्पीड़न का आरोप

**कन्नौज।** पुलिस ने पूर्व विधायक स्व .अनिल दोहरे के घर छापा मारा। सपाइयों ने उत्पीड़न का आरोप लगाया है। सपा के पूर्व विधायक के आवास पर शुक्रवार की रात सीओ सदर कमलेश कुमार की अगुवाई में कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ छापेमारी की। इस दौरान कुछ अवैध नहीं मिला। पुलिस आधा घंटे तक उनके आवास पर रही। पूर्व विधायक के पुत्र यश दोहरे ने पुलिस का सहयोग कर घर का कोना-कोना दिखाया। सपाइयों ने भाजपा की ओर से पुलिस भेज कर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। कहा कि भाजपा प्रत्याशी हार रहे हैं। इसलिए पुलिस को भेज कर सपा के कार्यकर्ताओं के घरों पर छापेमारी करा रहे हैं। वही पुलिस का कहना है कि चुनाव आचार संहिता का पालन कराने के लिए चेकिंग की जा रही है।

### पूर्व मंत्री सुधाकर कश्यप पर रिपोर्ट दर्ज

**तिर्वा, कन्नौज।** सिर पर जूते चप्पल की गठरी रखकर अपने समाज के लोगों से सपा में वोट करने की अपील के मामले में वीडियो सर्विलांस निगरानी टीम के प्रभारी ने पूर्व मंत्री के खिलाफ आचार संहिता उल्लघंन की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पूर्व मंत्री सुधाकर कश्यप ने गुरुवार को फगुआ भट्ठा के पास समाज की महापंचायत में समाज के लोगो के जूते चप्पल लेकर उसे गठरी में बांधकर सिर पर रखकर सपा के पक्ष मे मतदान करने की अपील की थी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद वीडियो सर्विलांस निगरानी टीम के प्रभारी राजकुमार की तहरीर पर पुलिस ने मंत्री पर आचार संहिता उल्लघन की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



पुलिस लाइन में खड़े अधिग्रहीत वाहन। अमृत विचार

### 354 बसें, 629 छोटे वाहन करायेंगे लोक सभा चुनाव

**कन्नौज।** लोकसभा चुनाव कराने के लिये एआरटीओ ने बोलेरो व बसों को अधिग्रहित कर लिया है। इन वाहनों को पुलिस व प्रशासन को सौंप दिया गया। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिये परिवहन विभाग ने 983 छोटे व बड़े वाहनों को अधिग्रहित किया है। इन वाहनों से मतदान पार्टियां रवाना होगीं। छोटे वाहनों को जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया है। पुलिस को भी छोटे वाहन उपलब्ध कराये गये हैं। अधिग्रहण के लिये वाहन स्वामियों को पुलिस के माध्यम से नोटिस भेजे गए थे। इन वाहनों को 10 मई को शाम चार बजे पहुंचने के आदेश दिये गये थे। भारी वाहनों जिसमें बसें व ट्रक शामिल हैं तीनों तहसीलों में पहुंचने को कहा गया था। विभाग के अनुसार वाहन स्वामियों ने दिये गये समय के अनुसार अपने वाहनों को समय पर निर्धारित स्थल पर पहुंचा दिया है। जिससे एआरटीओ इज्या तिवारी की ओर से समय पर इन वाहनों को संबंधित के सुपुर्द कर दिया गया।



नगर के तिर्वा रोड पर रोड-शो के दौरान भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### जुलूस निकाल मोदी को सत्ता में पहुंचाने की अपील

**गुरसहायगंज-कन्नौज।** पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार की शाम भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नगर के रेलवे रोड, तिर्वा रोड, जीटी रोड, चकोर गली, फर्रूखाबाद रोड पर जुलूस निकाल कर नारेबाजी की। भाजपाईयों ने लोगों से मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने और भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने की अपील की। भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव, जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, संजीव गुप्ता संजू, राजीव ठाकुर, दीपू शर्मा, नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कौशल, शिवा गुप्ता, हरीओम गुप्ता, मानव गुप्ता, अनुराग गुप्ता, मुकेश गुप्ता, राजा तिवारी, विकास गुप्ता आदि ने मौजूद रहे।



हवन में आहुति देते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### भाजपा की जीत के लिए किया हवन-पूजन

**जलालाबाद, कन्नौज।** गांव के जीटी रोड स्थित दक्षिण मुखी मंदिर में शनिवार को आचार्य मृत्युंजय मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन कराया। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं अखिलेश पांडेय, मोहित त्रिवेदी, अंकित पांडेय, कुलदीप त्रिवेदी, रमन, विनीत, पिंटू, आशीष त्रिवेदी, बीडीसी देवेश पांडेय, मंगलम, देवेन्द्र, मनोज त्रिवेदी आदि ने मोदी को प्रधानमंत्री बनाने और सुब्रत पाठक को जिताने के लिए हवन में पूर्ण आहूति देकर ईश्वर से प्राथना की।

### जेएनवी के शिक्षक डॉ. संतोष कुमार को मिला सम्मान

**जलालाबाद, कन्नौज।** जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी, कन्नौज के शिक्षक डॉ. संतोष कुमार सजल को दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय काव्य प्रेमी मंच द्वारा प्रतीक चिन्ह व पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच की संस्थापिका ममता सैनी (तंजानिया) के द्वारा एनडीएमसी कन्वर्सेशन सेंटर कनॉट प्लेस दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुके 'भारत को जानें' ग्रंथ का लोकार्पण किया गया। इस ग्रंथ में जेएनवी अनौगी के हिंदी शिक्षक डॉ. संतोष कुमार सजल सहित विश्व के 466 कवियों की सहभागिता रही। ग्रंथ की रचनाओं का ऑडियो, वीडियो ऑनलाइन लगभग एक वर्ष पूर्व ऑफिशियल वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ स्पेन और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में सम्मिलित किया जा चुका है।



सम्मान प्राप्त करते डॉ. संतोष कुमार सजल।



विकास भवन में शनिवार को कार्य करते कर्मचारी। अमृत विचार

### अवकाश में खुले दफ्तर, निपटाया काम

**कन्नौज।** डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने 13 मई यानि कल होने वाले लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर महीने के दूसरे शनिवार को कार्यालय खोलने के आदेश दिए थे। उसी के तहत कई सरकारी दफ्तरों में कामकाज हुआ। दूसरी ओर विकास भवन के कुछ ऑफिसों में ताले भी लटके रहे। कन्नौज संसदीय क्षेत्र के चुनाव की वजह से डीएम ने मई के दूसरे शनिवार व रविवार को जिले की तीनों तहसीलों कन्नौज, तिर्वा व छिबरामऊ, कलक्ट्रेट और विकास भवन स्थित कई कार्यालय खोलने के लिए कहा है। दरअसल, हर महीने के दूसरे शनिवार को अवकाश रहता है, लेकिन निर्वाचन कार्य को लेकर दफ्तर खुले। इसी तरह आज पोलिंग पार्टियां बूथों के लिए रवाना होंगी। कई विभागों के कर्मचारी रवानगी स्थल पर सहयोग करेंगे।

## एक नजर

### जनसंपर्क के दौरान समर्थक की कार तोड़ी

**कन्नौज।** पार्टी प्रत्याशी के लिये चुनाव में संपर्क कर रहे लोगों की कार को रोकने का प्रयास किया गया। न रोकने पर शीशा तोड़ दिया गया। मामले की रिपोर्ट अज्ञात लोगों के खिलाफ सदर कोतवाली में दर्ज कराई गई है। सौरिख थाना क्षेत्र के गांव काकरकुई निवासी नंदलाल वाथम पुत्र लक्ष्मण ने सदर कोतवाली में अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि नौ मई को वह कार से शाम छह बजे पार्टी प्रत्याशी के लिये जन संपर्क कर रहे थे। वह रामपुर नेवादा से फरिकापुर होते हुए बहापुर पहुंच रहे थे। इसी दौरान कुछ अराजक तत्वों ने कार रोकने का प्रयास किया। न रोकने पर हांथ मार कर कार का शीशा तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### भाजपा महिला नेता की कार को घेरकर की नारेबाजी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में कार से वोट मांगने पहुंची महिला भाजपा नेता की कार को घेरकर नारेबाजी कर वापस कर दिया। महिला भाजपा नेता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। नगर की मोहल्ला सराफान निवासी महिला भाजपा नेता सावित्री देवी अपनी महिला साथियों प्रीती, मोहिनी, ममता व चालक प्रशांत दुबे के साथ लोकसभा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के समर्थन में 9 मई को वोट मांगने विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के छछौनापुर गांव जा रही थीं। गांव जाने की बजाए कार चालक से वापस चलने को कहा इसी दौरान गांव के ही विनय,पवन,सुखेन्द्र,शैलेन्द्र अपने साथियों के साथ आए और कार के आगे लकड़ी का कट्ठा डालकर रोक लिया। सावित्री देवी का आरोप है कि नारेबाजी करते हुए अभद्रता की। सावित्री देवी ने मामले की शिकायत विशुनगढ़ पुलिस से की ।सावित्री देवी का आरोप है कि तीन दिन बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।

### नगला अनूप ने जीता क्वार्टर फाइनल मैच

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम नगला महुआ में 1 मई से शुरू हुए एसके ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर फाइनल मैच में नगला अनूप की टीम ने उधरनपुर की टीम को 10 रनों से हराया।

# मतदाता को डराया-धमकाया तो की जाएगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के 13 मई को होने वाले मतदान को शांति पूर्व सम्पन्न कराने के लिये एसपी, डीएम ने पैरामिलेट्री के अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन में पुलिस की बैठक ली। इस दौरान पुलिस को दिशा निर्देश दिये गये। मतदान के दौरान लोगों के बीच शराब के वितरण, धन के वितरण, असलहों का प्रदर्शन कर किसी मतदाता को डराना-धमकाना व मतदान से रोकने पर विशेष नजर रखेंगे। इस तरह की किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई होगी। इसके लिए सूचना दें।

पुलिस लाइन में शनिवार को एसपी अमित कुमार आनन्द ने डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एएसपी डॉ. संसार सिंह व केंद्रीय पुलिस बल के अधिकारियों की मौजूदगी में लोकसभा निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण के 13 मई को जिले में होने वाले मतदान को लेकर पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिये। एसपी ने बताया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में 10 मोबाइल टीमें लगाई गई हैं। इन में जोनल मोबाइल, सेक्टर मोबाइल, क्यूआरटी मोबाइल, एक्स्ट्रा मोबाइल, एसएसटी, एफएसटी, क्यूआरटी सीएपीएफ सामिल हैं। यह टीमें लगातार भ्रमणशील रहेगी। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण सकुशल एवं निष्पक्ष कराने के लिये अभिसूचना तन्त्र को अतिरिक्त प्रशिक्षण, जानकारी देकर उन्हें निरन्तर क्रियाशील रहकर प्रत्येक सूचना को एकत्र करके कार्रवाई के लिये लगाया गया है। मतदान के दिन सादे वस्त्रों में भी पुलिस कर्मियों, बीट सिपाहियों की ड्यूटी लगायी गयी है, जो भ्रमणशील रहकर अराजक तत्वों पर सतर्क नजर रखेंगे। मतदान दिवस पर शराब, बीयर की दुकानें पूर्णतः बन्द रहेंगी, संबन्धित थाना प्रभारी निरन्तर इनकी चेकिंग करते रहेंगे। चुनाव को सकुशल एवं निष्पक्ष कराने के लिये गठित एसएसटी, एफएसटी बाहर से आने वाले वाहनों को वीडियोग्राफी कर चेक करेंगे।

जनपद स्थित फायर स्टेशन हाई एलर्ट पर रहेगा, किसी भी समस्या या सूचना पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचेगे। पोलिंग पार्टी के साथ लगे पुलिस बल उनकी सुरक्षा का ध्यान रखेंगे। कोई भी पार्टी मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी तक अपना बस्ता नहीं लगाएंगे।

- एसपी, डीएम ने ली पुलिस व पैरामिलेट्री फोर्स की बैठक



पुलिस व पैरामिलेट्री के जवानों को जानकारी देते एसपी अमित कुमार आनन्द व मौजूद डीएम शुभ्रांत शुक्ला औपर अन्य अधिकारी। अमृत विचार



बैठक के दौरान मौजूद पुलिस व पैरामिलेट्री के जवान। अमृत विचार

# 31 मतदानकार्मिकों से स्पष्टीकरण मांगने का आदेश

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर तीन से नौ मई तक द्वितीय प्रशिक्षण चला। इसमें 31 मतदानकार्मिक गैरहाजिर रहे। अब तक इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसको लेकर अमृत विचार ने 10 मई के अंक में न रोका गया वेतन न हुई रिपोर्ट... आदेश हवाहवाई शीर्षक से खबर प्रकाशित की। उसके बाद प्रभारी अधिकारी कार्मिक की ओर से सहायक प्रभारी अधिकारी ने स्पष्टीकरण मांगने को लेकर संबंधित महकमों के नौ अधिकारियों को पत्र लिखा है।

शनिवार को अधिशाषी अभियंता सिंचाई विभाग, बीएसए, डीपीआरओ, डीआईओएस, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत तिर्वागंज व समधन, जिला कृषि रक्षा अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को पत्र भेजा गया है। इसमें जिक्र किया गया है कि शहर के पुलिस लाइन के निकट स्थित एक प्राइवेट स्कूल में सात दिनों तक मतदानकार्मिकों का प्रशिक्षण चला। इसमें 31 कर्मचारियों ने प्रतिभाग नहीं किया। न ही प्रशिक्षण से गैरहाजिर रहने की सूचना दी। इससे निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न हुई।

सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक नरेंद्र देव द्विवेदी की ओर से जारी हुए नोटिस में अधिकारियों से कहा गया है कि अनुपस्थित कार्मिकों से स्पष्टीकरण लिया जाए। यह भी पूछा जाए कि क्यों न उनके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-134 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई जाए और विभागीय कार्रवाई हो।



न रोका गया वेतन न हुई रिपोर्ट... आदेश हवाहवाई

अनुपस्थित रहे कर्मचारी

| तारीख | संख्या |
|---|---|
| 03 मई | 12 |
| 04 मई | 14 |
| 05 मई | 08 |
| 06 मई | 18 |
| 07 मई | 08 |
| 08 मई | 16 |

दोहरी ड्यूटी पर छाई खामोशी

10 मई को प्रकाशित खबर।

- सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने नौ अधिकारियों को भेजा पत्र
- तीन से नौ मई तक प्रशिक्षण में नहीं पहुंचे थे पीठासीन व मतदान अधिकारी

### परिषदीय स्कूलों की संख्या अधिक

प्राथमिक स्कूल रायपुर के शिक्षामित्र शिवशंकर, उच्च प्राथमिक स्कूल अनीभोज के कर्मी फरहान खान, ग्राम्य शिक्षा निकेतन जाफराबाद परिचर अवनेंद्र सिंह, पंचायत सहायक सुशीला, वंदना, कंपोजिट स्कूल उमरन सहायक अध्यापक एकता, पंचायत सहायक कोमल देवी, प्राथमिक विद्यालय जैनपुर के सहायक अध्यापक पुनीत कुमारी, यूपीएस तहसीपुर के प्रधानाध्यापक उरुजा बेगम, आदर्श जनता इंटर कॉलेज ग्यासपुर हरीप्रकाश, यूपीएस पुरे का पुर्वा के सहायक अध्यापक उपेंद्र सिंह, तहसील छिबरामऊ के खाद्या विपणन विभाग के बाबू विजय बहादुर सिंह, आंगनबाड़ी सहायिका उमरीपुर से आयना बेगम, समधन नगर पंचायत समधन सफाईकर्मचारी उमेश व तिर्वा नगर पंचायत से सोनू आदि हैं।

### इनके खिलाफ जारी हुआ है कार्रवाई के लिए पत्र

आदर्श शिक्षा सदन इंटर कॉलेज अलीपुर सौरिख के सहायक अध्यापक अजय पाल सिंह, प्राथमिक स्कूल गढ़िया बलिदादपुर के शिक्षामित्र सुमित कुमार, कंपोजिट स्कूल सिपाही ठाकुर की कर्मी पूनम मिश्रा, सुशीला शर्मा इंटर कॉलेज गदनापुर के कर्मी देवेंद्र सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी बाबू अरमान राय, कंपोजिट स्कूल सिमरापुर के शिक्षामित्र योगेंद्र सिंह, प्राथमिक स्कूल अल्हापुर के सहायक अध्यापक दीपक कुमार, उच्च प्राथमिक स्कूल मुरैया बुजुर्ग के प्रधानाध्यापक इंद्रदेव बाजपेयी, प्राथमिक विद्यालय खुड़ावा के सहायक अध्यापक नीतू पाल, एक्सईएन सिंचाई खंड के कर्मी योगेंद्र सिंह, प्राथमिक स्कूल वनपुरा के शिक्षामित्र धीरेंद्र कुमार, प्राथमिक स्कूल बढ़नपुर वीरहार के शिक्षामित्र श्याम दुबे आदि के खिलाफ कार्रवाई के लिए सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने पत्र लिखा है।

**एडवाइजरी जारी** — मौसस विभाग ने आगामी पांच दिनों तक जताई बारिश की संभावना

# सक्रिय हुआ विक्षोभ, तेज हवाओं के साथ हुई बूंदाबांदी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** हवा की दिशा बदलने के साथ ही पश्चिमी विक्षोभ फिर सक्रिय हो गया, जिससे बूंदाबांदी हुई और तापमान गिरने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। दिन में आसमान में बादल छाए रहे और गरजते रहे। मौसम विभाग ने आगामी पांच दिनों में बारिश की संभावना व्यक्त की है। जिला प्रशासन ने भी किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

शनिवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए थे और हवा भी तेज चल रही थी। सुबह करीब साढ़े आठ बजे बूंदाबादी हुई और काफी तेज मेघ गर्जना हुई। काफी देर तक बूंदाबांदी होती रही, जिससे किसान चिंतित रहे। जिनके खेतों में अभी गेहूं मड़ाई के लिए पड़ा है, वह अधिक परेशान दिखे। हालांकि दोपहर में मौसम सामान्य हो गया और धूप भी खिली लेकिन हवाओं की गति अधिक होने के कारण तल्खी नहीं थी। इस कारण लू भी नहीं चली। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मध्य उत्तर प्रदेश के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है, जिसके कारण उत्तर-पूर्वी हवाएं तेज हो गईं हैं और इसी विक्षोभ के कारण आसमान में बादल घिर आए हैं। आने वाले पांच दिनों में बारिश हो सकती है।

वहीं, जिला प्रशासन ने भी किसानों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए अभी फसलों में सिंचाई न करने के लिए कहा है।



शनिवार की सुबह 11 बजे बादलों की वजह से कुछ ऐसा रहा दृश्य। अमृत विचार

- तापमान गिरने से लोगों को मिली गर्मी से राहत, छाए रहे बादल

## ई-रिक्शा सवार महिला से पर्स छीन लुटेरे फरार

**सौरिख, कन्नौज।** बच्चों के साथ ई रिक्शा पर बैठकर सौरिख आ रही महिला से बाइक सवार तीन लुटेरे पर्स छीनकर फरार हो गए। लुटेरे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तलाश शुरू कर दी ।थाना क्षेत्र के सरायठेकू निवासी ममता अपने तीन बच्चों के साथ शनिवार की सुबह करीब 11 बजे ई रिक्शा से सौरिख आ रही थी। वह मैनपुरी स्थित रिश्तेदारी में जाने के लिए निकली थी। नगला भारा गांव के पास पीछे से आए बाइक सवार तीन लुटेरे उसका पर्स छीनकर फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और भीड़ जुट गई। ममता ने बताया कि पर्स में नकदी के अलावा जंजीर, मंगलसूत्र, तीन अंगूठी, कान के झाले और पायलें थीं ।



जनप्रतिनिधियों के साथ रोड शो करते मुकेश राजपूत। अमृत विचार




रोड शो में उमड़ी भारी भीड़। अमृत विचार

# मुकेश को जिताकर फिर से बनायें मोदी सरकार : राजनाथ

## रोड शो में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कार्यक्रम बीमारी के चलते हुआ निरस्त, भारी भीड़ उमड़ने से नेता हुए गद्गद

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- जनप्रतिनिधियों के साथ हवन पूजन कर किया रोड शो
- अंतिम दिन रोड शो के जरिये भाजपा प्रत्याशी ने दिखाई ताकत

**अमृत विचार।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कार्यक्रम बीमारी के चलते निरस्त हो गया, जिससे भाजपाइयों में निराशा छा गई लेकिन वहीं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मोबाइल से अपना संदेश कार्यकर्ताओं को सुनाया। उन्होंने कहा कि मुकेश राजपूत को भारी मतों से जितायें जिससे केंद्र में मोदी की प्रचंड बहुमत से सरकार बनायें।

आज गुरुगांव देवी मंदिर से निकलने वाले रोड शो में राजनाथ सिंह को पहुंचना था। रोड शो के पूरे रास्ते पर भाजपा की झंडियों एवं गुब्बारों द्वारा सजाया गया था। एक किलोमीटर के रोड शो में 30 स्थानों को चिह्नित किया गया था, जहां पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत करने की तैयारी की गई थी। दो स्वागत द्वार बनाए गए थे जहां पर राजनाथ सिंह का जोरदार स्वागत होना था वहीं राजनाथ सिंह के कार्यक्रम के निरस्त होने से भाजपा कार्यकर्ताओं में मायूसी छा गई।

उसके बाद भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी, भोजपुर विधायक नागिन सिंह राठौड़ और कायमगंज विधायक डॉक्टर सुरभि के साथ गुड़गांव देवी मंदिर पर हवन पूजन किया और इसके बाद उन्होंने रोड शो शुरू किया। रोड शो में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ को देखकर पुलिस के पसीने छूट गए। रोड शो के आगे चल रहे मुकेश राजपूत को शहर क्षेत्र में जगह-जगह रोककर फूलमालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर मुकेश राजपूत ने लोगों से वोट देने की अपील की। गुड़गांव देवी मंदिर से लेकर चौक तक रोड शो में चलने वाली पैदल लोगों की भीड़ ही भीड़ नजर आ रही थी। लोगों का कहना था कि अंतिम दिन मुकेश राजपूत ने ताकत दिखाई है।

### राजनाथ सिंह ने मोबाइल से किया संबोधित

**फर्रुखाबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑडियो भेज कर फर्रुखाबाद की जनता को संदेश दिया है कि उनकी तबीयत खराब होने की वजह से आज वह मुकेश राजपूत के रोड शो में हिस्सा नहीं ले सके। जिसका उन्हें बेहद कष्ट है । रक्षा मंत्री ने कहा कि उनकी तबीयत बेहद खराब है, जिसकी वजह से अगले तीन दिन के सभी कार्यक्रम उन्होंने निरस्त कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि उनके मुकेश राजपूत से 25 साल पुराने संबंध है मुकेश राजपूत बहुत ही नेक दिल इंसान हैं। उन्हें भारी बहुमत से विजई बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएं। राजनाथ सिंह ने कहा कि मुकेश के सांसद बनने के बाद वह मुकेश राजपूत से खुद कहेंगे कि वह कोई कार्यक्रम आयोजित करें। जिसमें वह जाकर फर्रुखाबाद की जनता का आभार व्यक्त करेंगे। उन्होंने जनता से अपील की है कि भाजपा के पक्ष में मतदान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें।

# मार्ग हादसे में लोडर सवार चार लोग घायल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में पीएसी की बस ने छोटा हाथी में टक्कर मार दी। जिससे छोटा हाथी पर सवार एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों को पीएसी के जवानों ने 108 एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया । सभी घायल तेहरवीं संस्कार में भाग लेने जा रहे थे।

थाना राजेपुर के गांव नगला केवल के रहने वाले सुनील (48 )पुत्र शीशपाल अपने भतीजे संदीप (22) और पत्नी प्रतिमा (45 ) तथा नाती हरिकिशन( 21) को लेकर छोटा हाथी से याकूतगंज तेहरवीं संस्कार में भाग लेने जा रहे थे। यह लोग जैसे ही फतेह गढ़ कलेक्ट्रेट के पास पहुंचे उसी समय सामने से आ रही पीएसी की बस ने छोटा हाथी में टक्कर मार दी ,जिससे छोटा हाथी पर सवार यह चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीएसी के जवानों ने उन्हें 108 एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां चारों की हालत चिंताजनक बनी हुई है।



अस्पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार

**बाइक को बचाने में टेंपो पलटा, छह यात्री घायल:** मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद। बरेली-इटावा हाईवे पर बाइक सवार को बचाने में टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। उसमें सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक टेंपो छोड़कर मौके से भाग गया।

मोहम्मदाबाद बरेली-इटावा हाईवे पर शनिवार को चालक टेंपो में सवारियां बैठाकर फतेहगढ़ से मोहम्मदाबाद की ओर जा रहा था। गांव गैसिंगपुर मोड़ पर अचानक बाइक सवार सामने आ गया। चालक ने ब्रेक लगाया तो टेंपो पलट गया। टेंपो पलटने पर चालक वहां से भाग गया। राहगीरों ने टेंपो से सवारियों को बाहर निकाला। टेंपो में सवार मोहल्ला रोहिला निवासी रामाधार, रामवती, रानी, राजेपुर निवासी सरोतिया बेबी, गांव नौली निवासी शिवनंदन, गांव बिढ़ैल निवासी बृजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल भेजा। पुलिस ने टेंपो को कब्जे लेकर चौकी पर भेज दिया। मोहम्मदाबाद कोतवाल मनोज भाटी ने बताया टेंपों पलटने से छह सवारियां घायल हो गई थी। घायलों को लोहिया अस्पताल में भेजा गया है।

# साइकिल सवार छात्रा बाइक की टक्कर से जख्मी

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के हरसिंगपुर गोवा निवासी राजेश कुमार की 18 वर्षीय पुत्री शिवानी साइकिल से श्री बाबू सिंह डिग्री कालेज आई थी। बीए प्रथम का प्रैक्टिकल देकर घर जा रही थी। जैसे ही छात्रा शिवानी गांव हथियापुर के पास पहुंची तभी बाइक सवार ने शिवानी की साइकिल में टक्कर मार दी। जिसमें छात्रा शिवानी गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर भानु प्रताप सिंह ने छात्रा को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।



शिवानी।

### बाइक की टक्कर से युवक हुआ घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। क्षेत्र के गांव इजौर निवासी सुनील कुमार (40) अपनी बाइक से कायमगंज आ रहा था जैसे ही वह अपने गांव से निकला वैसे ही सामने से आ रही अज्ञात बाइक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और भाग गया। आसपास के लोगों ने देखा और घायल के परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर आये और उसे अस्पताल भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है।

# पत्नी ने पति को महिला मित्र के साथ दबोचा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- बीएसए कार्यालय में लिपिक के पद पर तैनात है युवक
- पत्नी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर दोनों को पीटा

**अमृत विचार ।** बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात एक ब्लॉक लिपिक को पत्नी ने उसकी महिला मित्र के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। पत्नी व परिजनों ने दोनों की पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को पकड़कर ले आई और महिला को परिजनों की सुपुर्द कर दिया गया। वहीं थाने में समझौते को लेकर वार्ता चलती रही। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच करने के बाद विधिक कार्रवाई की जायेगी।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र की एक कालोनी निवासी युवक बेसिक शिक्षा विभाग में ब्लॉक लिपिक पद पर तैनात है। वह शनिवार को अपनी एक महिला मित्र के साथ सेंट्रल जेल चौकी के पास एक मकान में मौजूद था। उसी दौरान लिपिक की पत्नी अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंच गई। पत्नी व परिजनों ने लिपिक व उसकी महिला मित्र को रंगे हाथों पकड़ लिया और दोनों की पिटाई कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को पकड़कर कोतवाली ले आई। महिला मित्र के परिजन भी वहां पहुंच गए। दो घंटे बाद पुलिस ने महिला मित्र को परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया। लिपिक की ओर से एक बार माफ किए जाने पर समझौते को लेकर वार्ता चलती रही। लिपिक शिक्षक संघ के एक नेता का रिश्तेदार भी है। बीएसए गौतम प्रसाद ने बताया कि उनको इस मामले की जानकारी नहीं है।

# छेड़छाड़ का झूठा मुकदमा दर्ज कराने पर रिपोर्ट का आदेश

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवक ने सलमान के खिलाफ 26 मई 2016 को मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें आरोप लगाया कि उसकी 15 वर्ष की पुत्री 26 मई 2016 को साइकिल से आ रही थी। उसी दौरान सलमान ने बाइक से साइकिल में टक्कर मारकर पुत्री को गिरा दिया। उसके साथ छेड़छाड़ की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सलमान को पकड़कर जेल भेज दिया था। हाईकोर्ट से सलमान की जमानत हुई। पीड़िता ने कोर्ट में दिए बयान में छेड़खानी करने की बात से इन्कार कर दिया। उसने बताया कि बाइक सवार के टक्कर मारने से वह गिर गई थी। लोगों ने सलमान को पकड़ लिया था। पूरे मामले की सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने किशोरी से छेड़छाड़ का झूठा मुकदमा दर्ज कराने पर वादी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

# प्रेमी ने प्रेमिका की चौखट पर खाया जहर, अस्पताल में भर्ती

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली महिला के घर के सामने उसके प्रेमी ने जहर खा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई है।

घटनाक्रम के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली के एक मोहल्ला निवासी युवती का विवाह शमशाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में हुआ था। जिससे टेंपो चालक पिंटू (26) निवासी उगरकपुर संडीला हरदोई से उसके प्रेम संबंध हो गये। युवती पहले से शादी शुदा है और उसके दो बच्चे हैं। 29 मार्च को युवती अपने दोनों बच्चों को लेकर पिंटू के साथ चली गई थी, जिसकी रिपोर्ट युवती के भाई ने पिंटू के खिलाफ थाना शमसाबाद में दर्ज कराई थी। पुलिस ने बाद में दिल्ली से युवती को बरामद कर लिया और उसे उसके भाई के सुपुर्द कर दिया और युवती अपने मायके चली आई तो पिंटू उसके दरवाजे पहुंचा और दरवाजे पर उसने युवती के भाई को दिखाकर जहर खा लिया। युवती के भाई ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पिंटू को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है ।

कोतवाल हरि श्याम सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।



अस्पताल में भर्ती पिंटू। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### फर्जी भुगतान लाइसेंस से होता मिला खनन

**फर्रुखाबाद।** जनप्रतिनिधि के गुर्गे के माध्यम से फर्जी भुगतान लाइसेंस से खनन होते पाया गया। अधिकारियों ने खनन से जुड़े कई वाहन पकड़े । जिससे खनन माफियाओं में खलबली मच गयी है। अधिकारी मामले की जांच कर रहें है। खनन अधिकारी संजय कुमार ने थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव हमीरपुर व नायब तहसीलदार अतुल वर्मा ने दौलतपुर से दो ट्रैक्टर पकड़े। जब अधिकारियों ने अभिलेखों की जांच की तो भुगतान लाइसेंस (रॉयल्टी) फर्जी पायी गयी। जिसके बाद हड़कंप मच गया। थाने में खनन से जुड़े लोगों की भीड़ लग गयी। खनन अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन रॉयल्टी की जांच की गयी तो पता चला की वह फर्जी है। जांच कर आगे कठोर व विधिक कार्रवाई की जायेगी।

### धीमी गति से हो रहा है वाहनों का अधिग्रहण

**फर्रुखाबाद।** दस घंटे में सातनपुर मंडी में 466 के सापेक्ष 150 बस ही अधिग्रहीत की जा सकीं। हालांकि अधिग्रहण की कार्रवाई जारी है। डीएन कॉलेज में 750 के सापेक्ष एक हजार छोटे वाहनों को अधिग्रहण कर लिया गया है। एआरटीओ प्रशासन व प्रवर्तन पूरे दिन दोनों स्थानों पर भ्रमण कर कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते रहे। लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए पुलिस व प्रशासन की ओर से 466 बस व 750 छोटे वाहनों की मांग की गई थी। परिवहन आयुक्त ने बसों की कमी के चलते मैनपुरी से 50 व एटा जनपद से 46 बस भेजने के आदेश दिए हैं। छोटे वाहन स्वामियों को नोटिस देकर शनिवार को सुबह छह बजे दुर्गा नारायण महाविद्यालय पहुंचने के निर्देश दिए थे। शाम पांच बजे तक एक हजार छोटे वाहनों का अधिग्रहण कर लिया गया। वहीं सातनुपर मंडी में 466 के सापेक्ष 150 बसें दस घंटे में अधिग्रहीत की जा सकीं। एआरटीओ प्रशासन बृजेंद्र नाथ चौधरी, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत दोनों स्थानों पर भ्रमण करके दिशा निर्देश देते रहे। बसों के अधिग्रहण करने की प्रक्रिया देर रात तक चलती रहेगी।

### बंदरों के हमले में महिला घायल ,भर्ती

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** क्षेत्र के गांव अताईपुर निवासी बेबी सैनी अपने घर के बाहर खडी थी । तभी बंदरों ने उस पर हमला कर गंभीर घायल कर दिया । परिजन अस्पताल लाये जहां उसका उपचार जारी है।

### अधेड़ ने निगला कीटनाशक पदार्थ, हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** शमसाबाद क्षेत्र के गांव किशरौली निवासी रामनिवास (50) ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ निगल लिया। गंभीर हालत मे परिजन उसे अस्पताल लाये। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मतदान केंद्र वाले विद्यालय किए गए अधिग्रहित

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने 12 व 13 मई को मतदान केंद्रों वाले माध्यमिक विद्यालय व महाविद्यालयों को अधिग्रहित किए जाने के लिए प्रधानाचार्यों व प्राचार्यों को पत्र भेज दिया है। उन्होंने कहा कि आज ही मतदान केंद्र वाले विद्यालय अधिग्रहित कर ले।

### दिव्यांग छात्र-छात्राओं का प्रवेश करवायें

**फर्रुखाबाद।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर राज्य परियोजना निदेशक विष्णु कांत पांडेय ने जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए कि वह बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग श्रेणी के कक्षा आठ के बच्चों का प्रवेश माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नौ में करवाएं। डीआईओएस दिव्यांग विद्यार्थियों का डाटा बीएसए से समन्वय स्थापित कर ले लें। कक्षा नौ के साथ ही 10, 11 व 12 के दिव्यांग विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत नामांकन करवाकर 15 मई तक निर्धारित प्रारूप पर सूचना राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ उपलब्ध कराएं।

### आईटीआई में अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन शुरू

**फर्रुखाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) फर्रुखाबाद के प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना 2024-25 के तहत नौ मई से अप्रेंटिसशिप के लिए युवा जनपद के आईटीआई अमृतपुर, कायमगंज व आईटीआई फर्रुखाबाद में आवेदन किये जा रहे हैं। युवा शैक्षिक अभिलेखों के साथ अप्रेंटिसशिप के लिए आईटीआई में पहुंचकर पंजीकरण कराएं। अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा।

### मदर दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रमों की रही धूम

**फर्रुखाबाद।** गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईं बच्चों की माताओं ने फिल्मी गानों पर नृत्य कर शमा बांध दिया। बच्चों को मातृ दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी गई। अमोली दिवाकर, आर्य सिंह, ओम गुप्ता और पृथ्वी सिंह आदि बच्चजों ने गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर गायत्री अग्रवाल, प्रबंधक सुशील अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला व उप प्रधानाचार्य डॉ. अंजू सिंह आदि मौजूद रहे।

### पांच दिवसीय हैप्पीनेस कोर्स का हुआ समापन

फर्रुखाबाद। श्री श्री गुरुकुल वेद विग्नान महा विद्यापीठ की ओर से पांचाल घाट स्थित श्री श्री गुरुकुल में चल रहे पांच दिवसीय हैप्पीनेस कोर्स का शनिवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को योगाभ्यास कराकर इसके लाभ बताए गए। इस अवसर पर मनोज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, प्रशांत कुमार, जितेंद्र सिंह, ह्रदेश कुमार और आश्रम के प्रबंधक स्वामी प्रकाशानंद आदि मौजूद रहे।

### दुकानदार को मारपीट कर किया घायल

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर चौरासी निवासी धीरेंद्र कटियार की मोहल्ले में परचून की दुकान है। दो मई को धीरेंद्र दुकान पर बैठा था। उसी दौरान एक पिकअप आई और पोल में टक्कर मार दी। इससे मीटर टूट कर गिर गया। दुकान पर खड़े ग्राहक बाल-बाल बच गए। विरोध करने पर पिकअप में सवार लोग कहासुनी करने लगे। पिकअप सवार लोगों ने अपने साथियों को बुला लिया। सभी लोगों ने धीरेंद्र कटियार को दुकान के अंदर घुसकर पीटा। मोहल्ले के लोगों के ललकारने पर यह लोग एक बाइक व पिकअप को छोड़कर भाग गए। पुलिस ने धीरेंद्र की तहरीर पर भानू प्रताप सिंह सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मवेशियों के लिये चारा लेने गई महिला से की छेड़छाड़

**कन्नौज।** अमृत विचार। खेत पर मवेशियों के लिये चारा लेने गई महिला को दबोच कर ग्रामीण ने छेड़छाड़ की। युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है। सदर कोतवाली के एक गांव की महिला 10 मई को खेत पर मवेशियों के लिये चारा लेने गई थी। जैसे ही वह चारा काटने लगी। इसी दौरान कोतवाली क्षेत्र के गांव करीमपुर निवासी युवक ने पीछे से उसे दबोच लिया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर उसके कपड़े फाड़ दिये। शोर मचाने पर महिला के जेठ मौके पर पहुंचे तो उक्त मौके से भाग गया। मामले में महिला पति के साथ कोतवाली पहुंची जहां उसने संबंधित के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है ।जांच के बाद दोषी पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

सियासत — फर्रुखाबाद संसदीय सीट पर भाजपा और सपा में सीधा मुकाबला होना तय, अन्य दल नहीं दे पा रहे चुनौती

# थम गया चुनाव प्रचार, बढ़ गईं उम्मीदवारों की धड़कनें

चन्द्रपाल सिंह सेंगर फर्रुखाबाद

- 2019 में हुए लोक सभा चुनाव की अपेक्षा इस चुनाव में एक लाख से अधिक मतदाता बढ़े

**अमृत विचार।** 13 मई को होने जा रहे लोक सभा चुनाव के लिए आज प्रचार पूरी तरह थम गया है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन चुनावी आइना साफ होने लगा है। बदलते चुनावी समीकरणों के अनुसार इस संसदीय क्षेत्र में भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला होने जा रहा है। जिसके लिए 17,47,182 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। सबसे खास बात यह है कि 2019 में हुए लोक सभा चुनाव की अपेक्षा इस चुनाव में एक लाख से अधिक मतदाता बढ़ गए है। जिसमें करीब 20 हजार ऐसे मतदाता है जो 18 वर्ष की आयु पूरी करके पहली बार मतदाता बने हैं। यदि विधान सभावार मतदाताओं की स्थिति पर नजर डाली जाए तो सर्वाधिक मतदाता कायमगंज विधानसभा क्षेत्र में हैं। जबकि सबसे कम मतदाता अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र में हैं।



मुकेश राजपूत।



नवलकिशोर शाक्य।



क्रांति पांडे ।

इस लोक सभा क्षेत्र में आने वाले कायमगंज विधानसभा क्षेत्र में 389065 मतदाता हैं। जिसमें पुरुष - 208543 मतदाता है, 180502 महिला मतदाता व अन्य - 11 मतदाता है।

सदर विधानसभा क्षेत्र में 399787 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमे पुरुष - 197435 मतदाता, 172327 महिलामतदाता व अन्य - 15 मतदाता है।

अमृतपुर बिधान सभा क्षेत्र में 315992 मतदाता है। जिसमें पुरूष मतदाता - 170656 मतदाता, 145327 महिलामतदाता व अन्य -9 है।

भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में 321594 मतदाता है । जिसमे पुरूष - 173067 मतदाता हैं, 148524 महिलामतदाता हैं अन्य - 3 मतदाता हैं।

अलीगंज विधानसभा क्षेत्र में 350753 मतदाता है ।जिसमे पुरूष - 189763 मतदाता है, 160983 महिलामतदाता हैं ।अन्य - 7 मतदाता हैं।

इस प्रकार कुल 17,47,182 अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रत्यासी के भाग्य का फैसला करेंगे।

# बच्चों ने रैली निकाल कर बड़ों को मतदान के प्रति किया जागरूक

संवाददाता क़ायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** एन के एकेडमी के बच्चों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाल लोगों को पहले मतदान फिर जलपान का संदेश दिया। रैली की शुरुआत विद्यालय प्रांगण से कोतवाली प्रभारी रामऔतार एंव विद्यालय के प्रबंधक अनुपम अग्रवाल एवं प्रिसंपल शिवानी प्रसाद ,एचओडी मोहित दुवे ने किया।

रैली विद्यालय स्थल से प्रारम्भ होकर पटवनगली, छपट्टी , पुलगालिब , नगरपालिका, तहसील सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र, सिविल कोर्ट, श्यामगेट, गल्लामंडी चौराहा से पटवनगली विद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मतदाताओ को जागरूक करने के लिये बनाये स्लोगन प्लग कार्ड, बैनर इत्यादि नारे लगाकर जागरुक किया। जिसकी समस्त नगरवासियों एव प्रशासन ने भरपूर सराहना की ।रैली में एसआई सुनीलकुमार एवं पुलिसकर्मियों का सहयोग रहा।




रैली निकालते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

# प्राचीन काल से संस्कृति आधारित राष्ट्र रहा है भारत



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> सांप्रदायिक राजनीति आर्थिक नीतियों से जुड़े गरीबी-अमीरी, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि मूलभूत प्रश्नों को महत्व नहीं देती। वे राजनीति में भी कट्टरपंथी मजहबी अलगाववाद चलाते हैं। सांप्रदायिक अलगाववादी जिस देश में रहते हैं,उस देश की संवैधानिक व्यवस्था से भी टकराते हैं। राजनीति वोट बैंक के तुष्टीकरण के कार्यक्रम बनाती है।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने मुस्लिम संख्या वृद्धि के तथ्य उद्घाटित किए हैं। सलाहकार परिषद स्वतंत्र निकाय है। यह समय-समय पर तथ्य व आंकड़ों के आधार पर भिन्न-भिन्न विषयों पर परामर्श देती है। परिषद ने दुनिया के 167 देशों के जनसांख्यकीय चरित्र का अध्ययन किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के किसी भी देश में बहुसंख्यक आबादी की बढ़त नहीं दिखाई पड़ी है,लेकिन कई देशों में अल्पसंख्यक आबादी की बढ़त पाई गई है। भारत में मुस्लिम आबादी की संख्या बढ़ी है। मुस्लिम संख्या वृद्धि के ताजा आंकड़ों को लेकर देश में खासी बहस चल रही है।

भारत में हिन्दू मुस्लिम सहअस्तित्व सामाजिक पुनर्गठन की बड़ी चुनौती रहा है। गांधी जी ने हिन्दू मुस्लिम सहअस्तित्व के लिए आजीवन काम किया और अंत में कहा कि इस प्रश्न पर मेरी हार हुई। मुस्लिम राजनीति अन्य पंथों पर आक्रामक रही है। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था। गांधी जी ने मोहम्मद अली जिन्ना से पाकिस्तान की मांग न करने और साथ-साथ रहने का आग्रह किया था। इस सम्बंध में उन्होंने जिन्ना को (15 सितंबर 1944) पत्र लिखा था। उन्होंने जिन्ना से पूछा था कि, ''मजहब के अलावा हिन्दू और मुसलमान में क्या कोई और भी भेद है? मुसलमान शेष भारतवासियों से क्यों अलग हैं? जिन्ना ने जवाबी पत्र (17 दिसम्बर 1944) में लिखा था, ''हम मानते हैं कि मुसलमान और हिन्दू देश की किसी भी परिभाषा के आधार पर अलग-अलग कौमें हैं। हमारी संस्कृति, सभ्यता, भाषा, साहित्य, कला, कानून, परम्परा व इतिहास अलग-अलग है। जीवन के प्रति हमारा नजरिया भी अलग है। हम किसी भी अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर अलग राष्ट्र हैं।" यह मुस्लिम लीग और जिन्ना का घोर साम्प्रदायिक दृष्टिकोण था। इस साम्प्रदायिकता के दृष्टिकोण को माने तो हिन्दू मुसलमान जब मिलकर रहते थे, तब भी मुसलमान अलग राष्ट्र थे। भारत के भीतर दो राष्ट्र थे। यह सोच अलगाववादी थी। वस्तुतः भारत प्राचीन काल से ही एक संस्कृति आधारित राष्ट्र है।

सांप्रदायिक राजनीति स्वयं को अलग राष्ट्र मानती रही है। मजहब आधारित जनसंख्या में बढ़त इसीलिए चिन्ता का विषय है। मजहब के आधार पर अलग राष्ट्र की मांग करना, इसके लिए लाखों लोगों की हत्या हिंसा किसी भी सूरत में उचित नहीं हो सकता। यह मानवता के विरुद्ध अपराध है। जनसंख्या के आधार पर ही मुस्लिम लीग ने अलग देश मांगा। भयंकर रक्तपात हुआ। इसलिए साम्प्रदायिक आबादी की बढ़त की कोई भी सूचना देश को चिंता में डाल देती है।

आंकड़ों के निष्कर्ष सत्य के उद्घाटन के लिए पर्याप्त हैं। अविभाजित भारत की अंतिम जनगणना 1941 में हुई थी। तब हिन्दू आबादी 84.44 प्रतिशत थी और मुस्लिम 13.38 प्रतिशत थे। मुसलमानों की इस संख्या में आज के पाकिस्तान और बांग्लादेशी मुस्लिम भी सम्मिलित थे। फिर देश का बंटवारा हुआ। भारत स्वतंत्र हुआ। कुल मुस्लिम आबादी की संख्या में पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या घट गई। स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना 1951 में हुई। तब पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या नहीं रही। इसलिए हिन्दू जनसंख्या का अनुपात 87.24 हो गया। मुस्लिम आबादी घटकर 10.43 हो गई। लेकिन 50 वर्ष बाद 2001 की जनगणना में हिन्दू घटकर 84.21 प्रतिशत हो गए। मुस्लिम आबादी का अनुपात अविभाजित भारत के 13.38 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया। आबादी के इसी अनुपात पर मुस्लिम लीग ने अलग देश की मांग की थी और पाकिस्तान अस्तित्व में आया था। इस तरह की जनसंख्या बढ़त से एक और मजहबी साम्प्रदायिक देश की जनसंख्या तैयार हो गई है।

सांप्रदायिक राजनीति आर्थिक नीतियों से जुड़े गरीबी-अमीरी, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि मूलभूत प्रश्नों को महत्व नहीं देती। वे राजनीति में भी कट्टरपंथी मजहबी अलगाववाद चलाते हैं। सांप्रदायिक अलगाववादी जिस देश में रहते हैं, उस देश की संवैधानिक व्यवस्था से भी टकराते हैं। राजनीति वोट बैंक के तुष्टीकरण के कार्यक्रम बनाती है। कट्टरपंथी मजहबी राजनीति की मांगे खतरनाक हैं। वे तुष्टीकरण की साम्प्रदायिक राजनीति को सेकुलर कहते हैं। वस्तुतः सेकुलर विचार में आस्था और अंधविश्वास नहीं होने चाहिए। मजहबी राजनीति सेकुलर हो ही नहीं सकती। इस्लामी विचारधारा के अंतरराष्ट्रीय विद्वान प्रोफेसर डेनियल पाइप के अनुसार, ''दूसरे पंथों के विपरीत इस्लाम में सामाजिक जीवन के परिचालन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोग्राम है। दूसरे पंथ केवल मौलिक मूल्यों के ही उपदेश देते हैं और भौतिक विषयों पर समय अनुसार विधान और नियम बनाने का काम समाज पर छोड़ देते हैं। इस्लामी राजनैतिक चिन्तन सुस्पष्ट ध्येय निर्धारित करता है। सभी मुसलमानों को इन नियमों का पालन अनिवार्य है। दूसरे पंथों में राजनीतिक क्रियाकलापों के लिए लिखित आदेश नहीं है। मुस्लिम विश्वास में ईश्वर पर विश्वास के साथ ही उनके पवित्र कानून भी हैं। यह कानून 'शरिया' कहा जाता है। यह राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करता है। इस्लामी राजनीति में मजहब की प्रचंड प्रेरणा है।" (प्रोफेसर डेनियल पाइप-'इन द पाथ आफ गॉड' पृष्ठ तीन)

गांधी जी हिन्दू मुसलमान की साझा राष्ट्रीयता चाहते थे। वे असफल रहे। डॉक्टर आंबेडकर हिन्दू-मुसलमान के पक्ष पर गांधी जी से असहमत थे। डॉ. आंबेडकर ने लिखा है, ''गजनी के मोहम्मद ने भारत पर अपने अनेक हमलों को जेहाद छेड़ने की संज्ञा दी थी।" मोहम्मद के इतिहासकार अल उतबी ने उसके हमले के बारे में लिखा था, "उसने मंदिरों में मूर्तियों को तोड़ा और इस्लाम की स्थापना की। उसने शहरों पर कब्जा किया, नापाक कमीनों को मार डाला। मूर्ति पूजकों को तबाह किया और मुसलमानों को गौरवान्वित किया। तदुपरांत वह घर लौटा और इस्लाम के लिए की गई विजयों का ब्योरा दिया और यह संकल्प व्यक्त किया कि वह हर वर्ष हिन्द के खिलाफ जेहाद करेगा।" यही स्थिति अन्य हमलों की भी है। हजारों मंदिर तोड़े गए थे। श्रीराम जन्मभूमि, ज्ञानवापी काशी और मथुरा की घटनाओं के प्रसंग इस समय भी ताजा हैं।

यूरोप के अनेक देश मुस्लिम आक्रामकता को लेकर चिन्तित हैं। फ्रांस में पैगम्बर का कार्टून बनाने को लेकर भयानक हिंसा हुई। डेनमार्क में भी ऐसी ही साम्प्रदायिक हिंसा हुई थी। पाकिस्तान में ईश निंदा कानून के अंतर्गत ढेर सारे गैर मुसलमानों का उत्पीड़न जारी है। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर भी इसी तरह का हमला हुआ था। इसलिए जनसंख्या की बढ़त को लेकर चिंता स्वाभाविक है। भारत के लिए यह और भी चिंता का विषय है। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के कारण ही देश टूटा था। अपनी इच्छा अनुसार जीवन ध्येय निर्धारित करना प्रत्येक मनुष्य का अधिकार है। विवेक आधारित जीवन रस का आस्वाद प्रत्येक मनुष्य की अभिलाषा है। अपने अनुभव और विश्वास के अनुसार जीने का अधिकार स्वाभाविक है। इसलिए कि प्रत्येक मनुष्य अद्वितीय है। अनूठा भी। किसी की जीवन पद्धति में हस्तक्षेप न करना और सबको अपने ढंग से जीवन जीने का अवसर मिलना प्राकृतिक न्याय है। दुनिया को सुन्दर बनाने की यह न्यूनतम शर्त है, लेकिन साम्प्रदायिक मजहबी राजनीति अपने मत को श्रेष्ठ और बाकी को 'इनकार करने वाला' मानती है और इनकार करने वालों के लिए सजा का औचित्य भी सिद्ध करती है। मुस्लिम जनसंख्या की बढ़त के प्रभाव का विवेचन जरूरी है। यह चिन्ता मुस्लिमों के विरुद्ध नहीं है। चिन्ता का विषय आक्रामक साम्प्रदायिकता और अलगाववाद से छुटकारा पाना है। भारत के राष्ट्रजीवन व संविधान में सभी आस्था समूहों का सम्मान है। इसलिए जनसंख्या का असंतुलन गहन रूप में विचारणीय है।

# जमानत आसान: विधि वेत्ता हैरान

> अब जब वे जाएंगे, तो केजरीवाल की नजीर सामने होगी। ऐसे में न्यायालय शायद सोरेन का प्रार्थना पत्र भी खारिज न कर सके। बड़े वकील तो जेल में बंद अलगाववादी मुल्जिमों का भी मुद्दा यह कहकर उभार रहे हैं कि चुनाव प्रचार के लिए तो वे भी कोर्ट से आग्रह कर सकते हैं। तब क्या आदेश होंगे?

दिल्ली शराब घोटाले के आरोपी अरविंद केजरीवाल,जो तिहाड़ जेल में बंदी थे,को सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ शर्तों के साथ,प्रचलित लोकसभा चुनावों में प्रचार हेतु अंतरिम जमानत दे दी है,उन्हें दो जून को पुनः समर्पण करना होगा। वे इस अवधि में मुख्यमंत्री पद से संबंधित कोई कार्य नहीं कर सकेंगे। शराब घोटाले पर कुछ नहीं बोल सकेंगे और न मामले से संबंधित गवाहों से बातचीत कर सकेंगे। इस ऐतिहासिक आदेश के कई प्रभाव स्पष्ट हैं।

विचाराधीन बंदी और अपराध करने का मन बना रहे लोग हृदय में प्रसन्न हैं,क्योंकि जमानत का एक नया और आसान आधार मुहैया हो गया है। चुनाव प्रचार को उच्चतम न्यायालय ने एक प्रकार से मानव की आवश्यक बुभुक्षा मान लिया है और स्वाभाविक है कि यह अधिकार सबको मिलेगा,क्योंकि संविधान में अनुच्छेद 14 में समानता का अधिकार संरक्षित है। वैसे भी न्याय की देवी आंखों में पट्टी बांधे दिखलाई जाती हैं,वे विभेद कर ही नहीं सकतीं। चुनाव तो देश में कहीं न कहीं होते ही रहते हैं। वे किसी स्तर के हों और सारा देश एक है तथा हर नागरिक को देश के किसी हिस्से में किसी चुनाव में प्रचार करने का हक है। रही बात बड़े छोटे की,तो जैसे बड़े नेता के लिए लोकसभा का चुनाव महत्व रखता है,वैसे ही गांव गिराव के नेता को ग्राम पंचायत चुनाव।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

न्यायाधीश के लिए कोई बड़ा छोटा होता ही नहीं है। अलबत्ता इस निर्णय से विधि वेत्ता हैरान हैं। वे सोचते हैं कि अब तो विचाराधीन और सजा काट रहे जघन्य अपराधों में संलिप्तता वाले बंदी किसी न किसी चुनाव प्रचार हेतु जमानत मांगेगें,तब संगत न्यायालय कैसे इंकार कर पाएंगे? वे यदि मना करेंगे तो वह आदेश विभेदकारी होगा। कानूनविदों की सोच है कि इसके पहले इस आधार पर जमानतें मांगी गई थीं, जो नहीं प्रदान की गई।

हाल ही में झारखंड के मुख्यमंत्री रहे,जेल काट रहे हेमंत सोरेन भी सुप्रीम कोर्ट जमानतार्थ गए थे,क्योंकि उनकी ऐसी अर्जी उच्च न्यायालय से खारिज हो गई थी। उच्चतम न्यायालय ने उनसे अगले हफ्ते आने के लिए कहा।

अब जब वे जाएंगे तो केजरीवाल की नजीर सामने होगी। ऐसे में न्यायालय शायद सोरेन का प्रार्थना पत्र भी खारिज न कर सके। बड़े वकील तो जेल में बंद अलगाववादी मुल्जिमों का भी मुद्दा यह कहकर उभार रहे हैं कि चुनाव प्रचार के लिए तो वे भी कोर्ट से आग्रह कर सकते हैं। तब क्या आदेश होंगे? बहरहाल,यह तो निकट भविष्य में साफ हो पाएगा कि उच्च और अवर न्यायालय इस बहस भरे बिंदु पर क्या रुख अपनाते हैं,किंतु एक नई बहस छिड़ तो गई ही है।

फिलहाल केजरीवाल प्रथम दृष्ट्या दोषी माने गए हैं,क्योंकि उन्हें पुनः समर्पण के आदेश हैं और घोटाले पर कुछ भी बोलने की मनाही की गई है। तथ्य यह भी है कि संप्रति उनकी गिरफ्तारी को अवैध करार देने वाली याचिका अनिर्णीत है।

# चुनावों को प्रभावित करता सॉफ्टफेक



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

> कंटेंट बनाने वाली कंपनियों को इन वॉटरमार्क का इस्तेमाल कैसे किया जाना चाहिए, यह परिभाषित करने पर बारीकी से विचार करना चाहिए।

विगत फरवरी माह में इंडोनेशिया और पाकिस्तान में मतपत्रों के जरिए संपन्न हुए चुनावों में साफ झलक मिली कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीकें चुनावी गतिविधियों में भी घुसपैठ कर चुकी हैं। यह चिंताजनक परिदृश्य है,जो तथ्यहीन सूचनाओं या फर्जी खबरों के प्रसार से कहीं ज्यादा व्यापक और दुष्प्रभावी है।

विश्वप्रसिद्ध वैज्ञानिक जर्नल के अभी हाल के 9 अप्रैल 2024 के अंक में छपे लेख के अनुसार ट्विटर (अब एक्स) में मशीन लर्निंग, एथिक्स, ट्रांसपेरेंसी एंड अकाउंटेबिलिटी (मेटा) टीम की निदेशक रह चुकी रुम्मन चौधरी ने जनरेटिव एआई (जीएआई) के जरिए चुनाव संबंधी गलत सूचनाओं की पहचान करने और उन्हें रोकने के लिए चल रहे बड़े पैमाने पर प्रयासों का ब्योरा दिया था। ऐसे प्रयासों में जेनरेटिव एआई के दुरुपयोगों का उल्लेख था,किंतु राजनेताओं और राजनीतिक दलों द्वारा एआई का उपयोग अब ऐसे उद्देश्यों के लिए भी हो रहा है,जो दुर्भावनापूर्ण तो नहीं हैं,फिर भी वे गहरी नैतिक चिंताएं पैदा करते हैं। डीफफेक के साथ ही जेनरेटिव एआई 'सॉफ्टफेक' के युग की शुरुआत कर रहा है जिनसे ऐसी छवियां, वीडियो ऑडियो क्लिप बनाई जाती हैं,जो राजनीतिक उम्मीदवार को अधिक आकर्षक और जनप्रिय बनाती हैं,जबकि डीपफेक (डिजिटल रूप से परिवर्तित दृश्य मीडिया) और चीपफेक्स (कम गुणवत्ता वाले परिवर्तित मीडिया) आपत्तिजनक होते हैं।

सॉफ्टफेक अक्सर उम्मीदवार की चुनावी अभियान टीम द्वारा ही बनाए जाते हैं। उदाहरण के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति चुनाव में विजयी उम्मीदवार प्रबोवो सुबिआंतो ने जीएआई पर बहुत अधिक भरोसा किया और खुद को एक जनप्रिय नेता के रूप में ब्रांड/प्रोजेक्ट करने के लिए कार्टून अवतारों का निर्माण और प्रचार किया। उन्हें 'जन जन प्यारा और गले लगाने वाला' नेता प्रोजेक्ट किया गया। यह एआई संचालित मेकओवर युवा मतदाताओं को आकर्षित करता था। एक उच्च रैंकिंग वाले सेना अधिकारी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मानवाधिकारों के हनन से उन्हें जोड़ने वाले आरोपों को खारिज करने के व्यापक प्रयास का यह एक हिस्सा था,जबकि चर्चित न्यूज एजेंसी बीबीसी ने उन्हें इंडोनेशिया का 'खूनी अतीत वाला" तक करार दिया था।

यही नहीं सुबिआंतो का समर्थन करने वाले एक समूह द्वारा इंडोनेशिया के दिवंगत हो चुके पूर्व राष्ट्रपति सुहार्तो की एक एआई जनित झूठी अपील 'गेट आउट टू वोट' का वर्चुअल रीमेक किया गया और डीपफेक का चतुर उपयोग भी किया गया। यह सब उनकी आश्चर्यजनक जीत में योगदान देने वाला माना जाता है। लाहौर,पाकिस्तान में स्थित शोध और वकालत के संगठन डिजिटल राइट्स फाउंडेशन की संस्थापक निघत दाद के अनुसार दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशियाई



चुनावों में उम्मीदवारों के कई भाषाओं में बोलने,पुराने कर्णप्रिय गाने गुनगुनाने आदि के डीपफेक वीडियो की बाढ़ आ गई जिसमें नेताओं को वैसा जीवंत मानवीय रूप दिया गया है,जैसा कि उम्मीदवार स्वयं अभिनीत नहीं कर सकते।

अब प्रश्न यह है कि क्या किया जाना चाहिए? चुनावों में जीएआई के उचित उपयोग के बारे में वैश्विक दिशा-निर्देशों पर विचार किया जा सकता है,लेकिन वे क्या होने चाहिए? इस दिशा में कुछ आरंभिक प्रयास हुए हैं। उदाहरण के लिए यूएस फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन ने फोन कॉल में एआई जनरेटेड वॉयस के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है,जिसे रोबोकॉल के रूप में जाना जाता है। मेटा जैसे व्यवसायों ने कतिपय वॉटरमार्क लांच किए हैं,जो एक लेबेल या एम्बेडेड कोड सरीखे होते हैं, जिन्हें किसी छवि या वीडियो में जोड़ा जाता है। हेर-फेर किए गए मीडिया को चिह्नित करने के लिए,लेकिन ये कम असरकारी और अक्सर स्वैच्छिक रुप से अपनाए जाने वाले उपाय हैं,जबकि डिजिटल संचार की में ठोस नियमों को लागू करने की आवश्यकता है,जो उन कंपनियों से जो एआई सामग्री उत्पन्न करती हैं। सोशल-मीडिया प्लेटफॉर्म,जो उन्हें वितरित करते हैं,सभी पर लागू हों।

कंटेंट बनाने वाली कंपनियों को इन वॉटरमार्क का इस्तेमाल कैसे किया जाना चाहिए? यह परिभाषित करने पर बारीकी से विचार करना चाहिए। वॉटरमार्किंग एक स्टैंप की तरह होनी चाहिए है या कंटेंट वितरकों द्वारा उठाए जाने वाले एम्बेडेड मेटाडेटा की तरह भी जटिल हो सकती है। कंटेंट वितरित करने वाली कंपनियों को न केवल गलत सूचना,बल्कि आधिकारिक,उम्मीदवार-समर्थित चैनलों के माध्यम से जारी किए जाने वाले चुनाव-अस्थिर करने वाले, अनुचित प्रभाव डालने वाले सॉफ्टफेक की निगरानी के लिए सिस्टम और संसाधन स्थापित करने चाहिए। अभी तक उम्मीदवारों के लिए कंटेट में वॉटरमार्किंग का प्रावधान नहीं है। इसे चुनाव संचालित करने वाली मशीनरी और नियामक संस्थाओं द्वारा अनिवार्य बनाना होगा। सोशल मीडिया नियंत्रित करने वाले प्रतिष्ठान ऐसे वाटरमार्क वाले या इनसे रहित कंटेंट के बारे में दर्शकों को उचित अलर्ट दे सकती हैं और उन्हें सूचित कर सकती हैं।

मीडिया आउटलेट सॉफ्टफेक पर स्पष्ट नीतियां बना सकते हैं। उदाहरण के लिए वे बस ऐसे एकाध डीपफेक की अनुमति दे सकते हैं जिसमें एक विजेता के भाषण का कई भाषाओं में अनुवाद किया जाता हो,लेकिन उम्मीदवारों का समर्थन करने वाले मृत राजनेताओं के डीपफेक की अनुमति नहीं होनी चाहिए। चुनाव विनियामक और सरकारी निकायों को चुनावी काल में कुकुरमुत्ते की तरह उगती उन कंपनियों की बारीकी से जांच करनी चाहिए,जो ऐसी नकली कंटेंट के निर्माण में संलग्न हैं।

जैसे न्यूयॉर्क शहर में स्थित एक एआई कंपनी इलेवन लैब्स के टेक्स्ट-टू-स्पीच और वॉयस इम्यूलेशन सॉफ्टवेयर को रोबोकॉल बनाने के लिए तैनात किया गया था जिसने जनवरी में न्यू हैम्पशायर के प्राथमिक चुनावों में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को वोट देने से मतदाताओं को रोकने की कोशिश को नाकाम किया। ऐसे ही जेल की कोठरी से अपने 2024 के अभियान के आउटरीच के दौरान पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के सॉफ्टफेक बनाने के प्रयास भी हुए थे।

जीएआई उपयोगों पर चुनावी मानक स्थापित करना आवश्यक है। ऐसे कानूनों का एक लंबा इतिहास है,जो यह विनियमित करते हैं कि उम्मीदवार कब,कैसे और कहां प्रचार कर सकते हैं और उन्हें क्या कहने और क्या न कहने की अनुमति है? जागरूक नागरिकों की भी इसमें भूमिका है। हम सभी जानते हैं कि इंटरनेट पर जो सब कुछ उपलब्ध होता है,उस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। अब हमें न केवल बदले हुए मीडिया को पहचानने के लिए सजगता विकसित करनी चाहिए, बल्कि यह सोचने की भावनात्मक इच्छा से भी बचना चाहिए कि अमुक उम्मीदवारों के सॉफ्टफेक कितने 'मजेदार' या 'प्यारे' हैं,जो अक्सर स्पष्ट रूप से एआई द्वारा जनित होते हैं। इसका लक्ष्य बस उम्मीदवार को पसंद करने योग्य बनाना है।

सॉफ्टफेक पहले से ही दुनिया के कुछ सबसे बड़े लोकतंत्रों में चुनावों को प्रभावित कर रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में भी इस समय सामान्य निर्वाचन का समय है। मतदाताओं को जागरूक रहने का वक्त है। कृत्रिम बुद्धि के ऐसे झांसों में न आकर विवेकपूर्ण मतदान करना ही बुद्धिमानी होगी।

# समष्टीकरण

समष्टीकरण की प्रक्रिया भारत के लिए कोई नई बात नहीं है। जरूरत है-शब्द और भाषा को भेदने की। भारत की ज्ञान परंपरा आख्यानात्मक है,जीवन और प्रकृति के तत्वबोध को मनीषियों ने किसी न किसी कथानक या आख्यान के रूप में व्यक्त किया है। आधुनिक स्वतंत्रता संघर्ष और लोकचेतना के अध्येता के लिए यह चुनौती भरा काम है कि वह उस कथानक या आख्यान में समाए हुए उस तत्त्वबोध को,उन अवधारणाओं की पहचान करे।

शक्ति उपासना की परंपरा में एक ग्रंथ का नाम है दुर्गासप्तशती। दुर्गा सप्तशती के दूसरे अध्याय में महाशक्ति के प्रादुर्भाव की एक रूपक-कथा है,महिष से परास्त होकर देवता ब्रह्माजी के नेतृत्व में भगवान शंकर और विष्णु के पास गए। निवेदन किया कि भगवान। सूर्य, इंद्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण तथा अन्य देवताओं के अधिकार छीनकर महिषासुर स्वयं ही सबका अधिष्ठाता बना बैठा है। इस निरंकुशता की बात सुनकर चक्रपाणि विष्णु को क्रोध आया और उनके आवेश से एक तेज प्रकट हुआ। उनके तेज को देखा तो ब्रह्मा,शंकर तथा इंद्र आदि अन्य देवताओं के शरीर से भी बड़ा भारी तेज निकला। वह सब तेज मिलकर एक हो गया। वह तेज पुंज जलते पर्वत सा जान पड़ा,उसकी ज्वालाएं,सभी दिशाओं में व्याप्त हो गईं। वह देवी या व्यापक महाशक्ति अपनी हजारों भुजाओं से सभी दिशाओं को आच्छादित करके खड़ी थीं। रणभूमि में दैत्यों के साथ युद्ध करती हुई अंबिका देवी ने जितने निःश्वास छोड़े वे तत्काल सैकड़ों-हजारों गणों के रूप में प्रकट हो गए और असुरों का सामना करने लगे। सुमहत्तेजस्तच्चैक्यं समगच्छत,सभी के सात्विक आवेश से निकलने वाला वह महान तेज एक बन गया। विभिन्न दिशाओं में बिखरी हुई ऊर्जा को एक निश्चित दिशा मिली और वह संगठित हो गई।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अन्याय के विरुद्ध यह समष्टि का सात्विक क्रोध है। इसमें "मैं" और "मेरे" की राजस-तामस गंध नहीं और इस समष्टिगत और सात्विक क्रोध से एक तेज निकलता है और वह तेज भी समष्टि का तेज बन जाता है। वही महाशक्ति है। अन्याय-अत्याचार के विरुद्ध वह जागरण शक्ति है। सामूहिक शक्ति है। यह लोकचेतना है,अक्षय-ऊर्जा का अव्ययस्रोत। यदि आप इसे अभिधा में ही पढ़ना चाहते हैं और आपका आग्रह है कि यह तो हिस्ट्री है,देशकाल में घटित घटना का शब्दगत सच,तो वह आप जानें,किंतु यदि इसके अर्थ की गहराई में जाएं,व्यंजना को समझें तो एकता की महाशक्ति का स्वरूप बहुत स्पष्ट हो सकेगा।

# किसकी हवा चल रही है



अनूप शुक्ल
कानपुर

> दोनों विरोधी नेताओं की प्रचार सामग्री एक ही प्रेस में छपी है। सोचते हैं अबकी बार कोई पूछेगा किसकी हवा चल रही है तो बता दूंगा- 'फ़लाने प्रिंटिंग प्रेस की हवा चल रही है।'

शहर में वोटिंग हो रही थी तो सुबह जरा आराम से उठे। अपना वोट दूसरे शहर में हैं। इसलिए यहां निश्चिंत सोते रहे। वहां होते तो शायद अब तक उंगली की नीली स्याही दिखाते हुए सोशल मीडिया पर फोटो सटा दिए होते। क्या पता अनगिनत नीली स्याही लगी उंगलियों को देखकर कोई विकास पुरुष कहता हो- "तुम मुझे उंगली दिखाओ,हम तुम्हें अंगूठा दिखाएंगे।"

दोस्तों से बात होती है तो कोई पूछता है-"वहां हवा किसकी चल रही है?" हम बताते हैं- ''हमें तो कोई हवा नहीं दिख रही।'' अभी तक तो किसी ने बताया नहीं कि वो अपना वोट किसको देगा। जिस भी दोस्त से बात हुई उसने यही पूछा- "यार ये मंहगाई भत्ते की बढ़ी किस्त अभी मिली नहीं। कुछ पता है कब तक आएगी?"

मन करता है अबकी कोई पूछे तो बता देंगे कि यहां तो सिर्फ 'मंहगाई भत्ते' की हवा चल रही है। क्या पता हम किसी का नाम ले देते तो वो गाने लगता जबलपुर में तो उनकी हवा चल रही है। फिर वह जबलपुर में किसी को फोन करके बताता- "तुमको पता नहीं जबलपुर में तो उसकी हवा चल रही है। दो-चार फोन के बाद वह हवा अंधड़ में बदल जाती और लोग आंख मूंदकर मान लेते। इसके बाद पड़ोसी को बताता- "अरे तुमको पता नहीं जबलपुर में तो फलाने की हवा चल रही है।" अगर वह पूंछता-"खबर पक्की है? तुमको कैसे पता चला?" उसको शायद जबाब मिलता-"हां एकदम पक्की खबर है। हमको कानपुर के लोगों ने बताया कि जबलपुर में फलाने जीत रहे हैं।"

अपने यहां यही हो रहा है। जबलपुर की हवा के बारे में कानपुर वाला बता रहा है। बिहार के बारे में नागालैंड वाला। आसाम के बारे में गुजरात वाला। दिल्ली के बारे में झुमरीतलैया वाला।

हाल यह है कि जो जहां नहीं है,वह वहां की हवा के बारे में बता रहा है,जो जिस जगह से जितना दूर है,उसके पास उस जगह के बारे में उतनी ही पुख्ता सूचना है। अमेरिका को तो भारत की हवा के बारे में इत्ती पुख्ता खबर है कि वहां विदेश मंत्रालय के पत्ते फेंट दिए गए। नारद जी ने नाम न बताने की विद्या कसम दिलाते हुए बताया है कि मीडिया पर भारत में बहती हवा को देखते हुए यमराज को अतिरिक्त ताकतों से लैस किया जा रहा है। हवा का ताजा रुख जानने के लिए मैं अखबार खोलता हूं। अखबार में एक साथ दो विरोधी पार्टियों के नेताओं की अपीलें लिपटीं हैं। एक ही साइज के पर्चे,एक ही छपाई में दोनों एक जैसे मुस्कराते हुए दिखते हैं। एक साथ लिपटे होने के कारण दोनों की तस्वीरें गले मिलतीं दिखीं।

अखबार खुलते ही दोनों अपीलें जमीन पर गिर जाती हैं। नीचे गिरी मुस्कराती तस्वीरें देखते हुए सोचता हूं- "इस देश के नेता को चुनाव जीतने के चक्कर में कितना तप करना पड़ता है,मुस्कराते हुए कितना गिरना पड़ता है।"

दोनों विरोधी नेताओं की प्रचार सामग्री एक ही प्रेस में छपी है। सोचते हैं अबकी बार कोई पूछेगा किसकी हवा चल रही है तो बता दूंगा-''फलाने प्रिंटिंग प्रेस की हवा चल रही है," लेकिन चुनाव में तो पैसा भी लगता है। आजकल बिना पैसे के चुनाव जीतता असंभव माना जाता है। हाल यह है कि जैसे प्राइवेट स्कूल वाले बच्चे के एडमिशन के पहले बच्चे के मां-बाप की आमदनी नापते हैं,उसी तरह राजनीतिक पार्टियां चुनाव में टिकट देने के पहले उम्मीदवार की टेंट देखते हैं। टिकट उसी को देते हैं,जो चुनाव में पैसा खर्च कर सके,बहा सके और जरूरत पड़े तो चुनाव आयोग से नजरें बचाकर लुटा भी सके। पैसा उम्मीदवार की साख से ज्यादा जरूरी है,क्योंकि चुनाव साख से नहीं पैसे से जीते जाते हैं। इमेज जरूरत होगी तो पैसे से बन जाएगी, लेकिन इमेज से पैसा नहीं पैदा होता न!

पहले चुनाव में पैसा कम लगता था,क्योंकि लोग चुनाव देश सेवा के लिए लड़ते थे। अपने पैसे से चुनाव लड़कर देश सेवा का शगल पूरा कर लेते थे,लेकिन इधर पिछले कुछ दशकों से देश सेवा धंधा बन गई है। धंधा बनने के बाद देश सेवा के काम में बहुत बरक्कत हुई है। अब पूरा बाजार और कारपोरेट देशसेवा का टेंडर भरता है। ग्लोबल कंपनियां तक इसमें अपना पैसा लगाती हैं। हाल यह है कि देश के कल्याण के लिए विदेशी तक बेचैन रहते हैं। ये सब मिलकर बाजार में शामिल हैं। बाजार देश सेवा का कोई ठेका अपने हाथ से जाने नहीं देता। एक-एक सीट के लिए कई-कई टेंडर भरता है बाजार। पक्ष में भी बाजार का आदमी होता और विपक्ष पक्ष में भी। चाहे इस पार्टी का उम्मीदवार जीते या उस पार्टी का देश सेवा का काम आखिर में बाजार को ही मिलना है। सोचते हैं अबकी बार कोई फोन करके पूछेगा किसकी हवा चल रही है तो बता देंगे उसको, ''यहां तो बाजार की हवा चल रही है।" आप बताओ आपके उधर किसकी हवा चल रही है?

# बेरोजगारी से बढ़ती चिंता

> युवाओं के इस देश में जहां 100, बेरोजगारों में 83 युवा हैं तो ऐसे में देश की असल प्रगति कैसे संभव होगी? रोजगार सर्जन आने वाली सरकार की प्राथमिकता होगी,यह आशा की जानी चाहिए।

हाल के अखबारो की सुर्खिया देखकर डर लग रहा है कि देश किस ओर जा रहा है। आज की एक इकोनॉमिक अखबार की खबर है कि तेल मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश की कुछ प्रमुख तेल और गैस कंपनियों ने 15700 जॉब्स घटा दिए, जबकि पिछले वर्षों में उनका राजस्व दो गुना हुआ है। यही नहीं देश के सर्वोच्च तकनीकी संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को जॉब नहीं मिलने के आंकड़े इन दिनों की सुर्खियां बन रहे हैं। अर्थव्यवस्था की चमकती तस्वीर के बीच बेरोजगारी की भयावह स्थिति बनी हुई है। हमें समझना होगा कि मजदूर पूंजी पैदा करता है,मजदूर समाज में सुख और शांति पैदा करता है। यह एक अन्याय पूर्ण व्यवस्था है कि अपने श्रम से पूंजी पैदा करने वाला नंगा और भूखा है और पूंजी का बड़ा हिस्सा पूंजीपतियों की तिजोरियों और बैंकों के खातों में जमा हो रहा है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआई) के हाउस होल्ड सर्वे में दावा किया गया है कि पिछले महीने में 47 लाख लोगों का रोजगार छिन गया जिसमें सबसे ज्यादा संख्या ग्रामीण एरिया में रहने वाले लोगों की रही है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2012 में लगभग एक करोड़ लोग बेरोजगार थे,जबकि 2022 में यह संख्या 2.29 करोड़ जा पहुंची। देश में श्रम बल का आकार लगातार घट रहा है,जो मार्च में 43.38 करोड़ से घटकर अप्रैल में 42.91 करोड़ रह गया जिसका सबसे ज्यादा प्रकोप ग्रामीण क्षेत्र में हुआ शहरी क्षेत्र में स्थिति मार्च जैसी ही है। युवाओं के इस देश में जहां 100, बेरोजगारों में 83 युवा हैं तो ऐसे में देश की असल प्रगति कैसे संभव होगी? रोजगार सर्जन आने वाली सरकार की प्राथमिकता होगी,यह आशा की जानी चाहिए।

# पत्नी की हत्या कर पति ने जहर खाकर दी जान

## गांव लोकनाथपुरा की घटना, बाग में मिला पति का शव

संवाददाता बसरेहर, इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव लोकनाथपुरा में पति ने पत्नी की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी। बाद में उसने सल्फास खाकर जान दे दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

गांव के लोग शनिवार की सुबह खेतों की ओर गए तो उन्होंने गांव के ही बृजेश कुमार कठेरिया (42) का शव पड़ा देखा। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। गांव के लोग इसकी जानकारी देने के लिए उसके घर गए तो वहां उसकी 40 वर्षीय पत्नी सीमा देवी का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, सीओ सैफई, थाना प्रभारी कपिल चौधरी पुलिस फोर्स मौके पर आ गए। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड ने साक्ष्य एकत्रित किए। बताया गया है कि बृजेश का


सीमा देवी।


बृजेश।

अपनी पत्नी से शराब पीने को लेकर आए दिन झगड़ा होता था।

बृजेश ने नशे में पत्नी से झगड़ा करने के बाद उसकी धारदार हथियार से गर्दन पर प्रहार करके हत्या कर दी। इसके बाद उसने बाग में जाकर सल्फास खाकर जान दे दी। पुलिस को सल्फास के दो खाली पैकेट मिले हैं।

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के दौरान मृतक के बेटे व बेटी सो रहे थे। जब गांव वाले युवक के बारे में जानकारी देने घर गए तब घटना की जानकारी बच्चों को हुई।

### बेटी बोली-पापा जो कहते थे वही कर दिया

मृतक दंपति की बड़ी बेटी 19 वर्षीय गौरी ने बताया कि मम्मी-पापा में आए दिन झगड़ा होता रहता था। पापा नशा करने के आदी थे। जिससे मम्मी उनसे झगड़ती थीं। पापा कभी-कभार नशे में कहते थे कि मैं तुझे भी मार दूंगा और खुद भी मर जाऊंगा। उन्होंने ऐसा ही कर दिया।

### दो दिन पहले बेटे का हुआ था एक्सीडेंट

मृतक दंपति के बेटे दीपांशु ने बताया कि उसका दो दिन पहले एक्सीडेंट हुआ जिसमें हाथ में फ्रेंक्चर हो गया था। रात में ऐसी बात भी नहीं हुई कि मम्मी-पापा में झगड़ा हुआ था। पापा गांजा पीते थे और इसी बात को लेकर मम्मी उनसे झगड़ा करती थी। इस पर पापा-मम्मी के साथ मारपीट भी किया करते थे।

## स्वीप अभियान से बढ़ा मतदान प्रतिशत

**इटावा।** जसवंतनगर विधानसभा में स्वीप में लगे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की मेहनत सकारात्मक परिणाम लाई है। अभियान के चलते 54 प्रतिशत बूथों पर मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई है।

पिछले लोकसभा चुनाव वर्ष 2019 से तुलना करने पर कई स्थानों पर मतदान प्रतिशत बढ़ा है। 13 बूथ में 10 प्रतिशत से अधिक, 12 में 11 प्रतिशत से अधिक, 6 में 12 प्रतिशत से अधिक, 9 में 13 प्रतिशत से अधिक, 4 में 14 प्रतिशत से अधिक 11 में 15 से 19 प्रतिशत अधिक 6 में 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ोत्तरी नोट की गई है। 1 बूथ में सर्वाधिक 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिलाधिकारी अवनीश राय ने लोकसभा इटावा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत विधानसभा इटावा व भरथना के लिए मतदान दिवस 13 मई, को सभी बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए बुलावा टोली, निगरानी समिति आदि से प्रयास करने को कहा है। इस कार्य में योगदान करने वालों को चुनाव के बाद सम्मानित भी किया जाएगा।

# थम गया प्रचार का शोर, आज रवाना होगी पोलिंग पार्टियां

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** इटावा लोकसभा सीट पर 13 मई को होने वाले मतदान के लिए शोरगुल वाला प्रचार शनिवार की शाम को थम गया। रविवार को पोलिंग पार्टियों को नई मंडी से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा ।

इटावा लोकसभा सीट पर जिले के दो विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं इटावा सदर तथा भरथना। इनमें से इटावा सदर में 420 जबकि भरथना में 470 बूथ बनाए गए हैं। कुल मिलाकर 890 बूथों के लिए 890 पोलिंग पार्टियां रविवार को रवाना की जाएंगी। पोलिंग पार्टियों में शामिल कर्मचारियों को सुबह सात बजे नई मंडी बुलाया गया है। इसके लिए बसें लगाई गई है। जिनमें पोलिंग पार्टियां रवाना होगी और यह सभी पोलिंग पार्टियों दोपहर बाद शाम होने से पहले अपने-अपने मतदान केंदों पर पहुंच जाएंगी।

नामांकन पत्र भरे जाने के बाद से राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों का जो चुनाव प्रचार अभियान शुरू हुआ था वह शोरगुल वाला चुनाव प्रचार भी शनिवार की शाम को बंद हो गया। अब घर-घर जाकर वोटर पर्चियां बांटने और प्रत्याशियों द्वारा बस्ते बांटने का काम शुरू हुआ है। इस प्रचार के दौरान कई नेताओं ने सभाएं कीं। सोमवार को सुबह सात बजे से मतदान कराया जाएगा।

### पर्चों पर स्टैंप लगाकर जागरूक कर रहा आईएमए

**इटावा।** लोकसभा चुनाव के लिए जिले में13 मई को मतदान होना है। मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन सहित स्वयंसेवी संस्थाएं मतदाता जागरूकता अभियान चला रही हैं । वहीं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जिला इकाई भी पर्चो पर स्टैंप लगाकर व वैनर पोस्टर के माध्यम से मतदान करने के लिए लोगो को जागरुक कर रही है। एसो. की ओर से जिला प्रशासन को दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं के लिए 65 व्हीलचेयर भी उपलब्ध कराई गई है। आईएमए अध्यक्ष डॉ. एससी गुप्ता ने बताया कि आईएमए से जुड़े सभी डाक्टर अपने क्लीनिक व नर्सिंग होम के पर्चो पर चुनाव का पर्व, देश का गर्व- मतदान अवश्य करें की स्टैंप लगाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं।



हाथों में मेहंदी रचाए ज्ञान स्थली आवासीय विद्यालय की छात्राएं।

# मेहंदी रचाकर मताधिकार के प्रयोग का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय करवाखेड़ा में शनिवार को छात्राओं ने हाथों पर मेहंदी रचाकर मतदाताओं को जागरूक किया। छात्राओं ने संदेश दिया कि आपका वोट अमूल्य है। वोट ऐसे व्यक्ति को दें जो देश व देशवासियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर देश को अग्रसर करें।

प्रधानाचार्य डा मुकुल कुमार सिन्हा ने कहा कि मतदान महादान है, इसलिए सभी लोग वोट अवश्य डालें । कार्यक्रम में शिवमंगल, अंशुल, पारुल, डिंपी, लकी, आकांक्षा, रीता राजपूत एवं मीडिया प्रभारी वासिफ अख्तर खान योगदान रहा।

# रामशंकर के रोड शो में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** लोकसभा इटावा क्षेत्र की सदर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया के समर्थन में भाजपा का विशाल रो शो जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत के नेतृत्व में हुआ। भाजपा ने प्रचार अभियान के अंतिम दिन अपनी ताकत का अहसास कराया। रोड शो के दौरान फूलों से सजी खुली जीप में भाजपा सांसद प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया, पूर्व मंत्री सतीश पाल, सांसद की पत्नी डॉ. मृदुला कठेरिया, सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व सांसद, विधायक रघुराज शाक्य, नगरपालिका प्रत्याशी कुसुम दुबे, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता ने जनता का अभिवादन किया।


रोड शो में मौजूद प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया, विधायक सरिता भदौरिया और जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत। अमृत विचार

संचालन शिवाकांत चौधरी ने किया। धूप में भी सड़कों पर रोड़ शो के स्वागत में शहर का आम जनमानस उतरा। रोड़ शो का जगह जगह फूल माला एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रो शो में डीजे पर "अबकी बार 400 पार", "आंएगे फिर मोदी ही", "फिर एक बार मोदी सरकार" गानों से शहर का माहौल गुंजायमान हो गया। सपा के गढ़ में घर-घर से छतों से पुष्पवर्षा हुई तो वहीं दूसरी तरफ भारत माता की जयकार गूंजती रही। दो घंटे चले रोड शो में हर तरफ 'मोदी-मोदी, योगी-योगी' के नारे से माहौल भगवामय हो गया।

- खुली जीप में सवार नेताओं पर छतों से महिलाओं ने की पुष्पवर्षा

डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि सपा को वोट देने का मतलब है गुंडागर्दी को बढ़ावा देना। प्रदेश उपाध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, जिला मंत्री डॉ. ज्योति वर्मा, ममता कुशवाहा, जितेंद्र गौड़, रजत चौधरी, राहुल राजपूत, चक्रेश जैन, विमल भदौरिया, दिलीप यादव, विनीता गुप्ता, मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, हरिकिशोर तिवारी, मनीषा शुक्ला, अंशुल दुबे, कृष्ण मुरारी गुप्ता, सतेंद्र राजपूत, शरद वाजपेयी, वरिष्ठ भाजपा नेता अच्युत मिश्रा, राजेन्द्र गुप्ता, सागर दुबे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व सैकड़ो की संख्या में जनता जनार्दन उपस्थित रही।

# अंशुल यादव ने जितेंद्र दोहरे के लिए मांगा समर्थन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सपा नेताओं ने झोंकी ताकत, शक्ति प्रदर्शन में शामिल हुए तमाम व्यापारी
- जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने कहा-जनसैलाब समाजवादी पार्टी के साथ

**अमृत विचार।** इटावा लोकसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे के अंतिम दिन जनसंपर्क अभियान में सपा नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी। बसरेहर में जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रोड शो किया। इस दौरान हुए शक्ति प्रदर्शन में बड़ी तादात में युवा व्यापारियों सड़कों पर उमड़ पड़े।

प्रचार के अंतिम दिन जगह जगह जनसंपर्क कार्यक्रम और नुक्कड़ सभाओं का दौर चलता रहा। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, पूर्व एमएलसी रामनरेश यादव मिनी, जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता संटू, समेत क्षेत्रीय नेता गांव गांव दौरा करते रहे। सपा के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सीएम अखिलेश यादव के गृहजनपद की सीट पर सपा फिर से अपना कब्जा जमाना चाहती है। वर्ष



बसरेहर में रोड शो के दौरान समर्थकों के बीच अंशुल यादव एवं आर्यन यादव। अमृत विचार

2014 से लगातार यह सीट भाजपा के पास है। सपा ने इस सीट को छीनने के लिए जितेंद्र दोहरे पर दांव लगाया है। जितेंद्र दोहरे संसदीय चुनाव के लिए बिल्कुल नया चेहरा हैं। उनके पीछे पूरी सपा खड़ी है।

बसरेहर में हुए रोड शो में आर्यन यादव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, ब्लॉक अध्यक्ष बसरेहर नितिन यादव, विक्की गुप्ता समेत बडी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने कहा कि बसरेहर के रोड शो पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। यहां की जनता आज भी सपा के साथ है।

# सड़क दुर्घटना में महिला की गई जान, सात लोग घायल

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर महेवा के पास श्रद्धालुओं को लेकर आ रहे ई-रिक्शा में पीछे से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में महिला की मौत हो गई और सात यात्री घायल हो गए।

औरैया जनपद के अजीतमल थाना क्षेत्र के कस्बा अटसू निवासी मनोज कुमार अपने दो साल के बेटे उज्जवल का मुंडन संस्कार कराने के लिए से शनिवार सुबह-ई रिक्शा में सवार होकर लखना कस्बा स्थित मां कालिका मंदिर आ रहे थे। तभी तेज गति से आए डंपर चालक ने ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गया। उसमें दबे लोगों में चीख पुकार मच गई। बकेवर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पहुंचे और गंभीर रूप से घायल ममता पत्नी सुबोध कुमार निवासी वंशी सलेमपुर, बलराम




- महेवा के पास डंपर ने श्रद्धालुओं को ले जा रहे ई-रिक्शा में मारी टक्कर

पुत्र छोटे लाल निवासी ग्राम पुर्वा अछल्दा, गुड्डी देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह, रूबी पुत्री राजेन्द्र सिंह, ब्रजेश कुमार पुत्र सोबरन सिंह, नारायण पुत्र मनोज कुमार, गोपी कुमारी पुत्री मनोज कुमार निवासीगण कस्बा अटसू थाना अजीतमल के अलावा सुशीला पत्नी राम सेवक निवासी श्रीनगर अटसू को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सको ने सुशीला देवी (60) को मृत घोषित कर दिया। चालक डंपर लेकर भाग जाने में सफल रहा ।

## सार-संक्षेप


कुलपति डॉ. आनंद कुमार को प्रतीक चिह्न देते डॉ. एनके शर्मा एवं प्रदीप भदौरिया।

### छात्रों से ली शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी

**इटावा।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने इटावा परिसर में स्थित दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं मत्स्य महाविद्यालय का निरीक्षण किया। दोनों महाविद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों से बात की। शिक्षकों को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि महाविद्यालयों में छात्रों की पढ़ाई पर ही ध्यान केंद्रित रखें। छात्र हित में कार्य करने से इन महाविद्यालयों की गिरती साख को बचाया जा सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अकेले में बातचीत करके विभिन्न जानकारी प्राप्त की। संकाय अधिष्ठाता डॉ. एनके शर्मा को निर्देशित किया कि वे छात्र-छात्राओं के साथ संवाद निरन्तर जारी रखें। जिससे यहां के वातावरण को और अच्छा बनाया जा सके। महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं उप कुलसचिव ने कुलपति को बुके एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।



जागरुकता अभियान के दौरान पर्ची वितरित करते ईओ विनयमणि त्रिपाठी।

### व्यापार मंडल ने मतदाताओं को किया जागरूक

**इटावा।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने शहर के प्रमुख बाजारों में जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने पर्चा वितरण करके अभियान का उद्घाटन किया। नगर पालिका चौराहा, तहसील चौराहा, बलदेव चौराहा, राजगंज चौराहा, कोतवाली चौराहा, पक्की सराय, बजाज लाइन में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने ढोल-नगाड़े के साथ लोगों को पर्चा वितरण किया। जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल, प्रभारी मनोज अग्रवाल, महामंत्री धर्मेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष सर्वेश चौहान, महिला नगर अध्यक्ष रिचा कुशवाहा, पूर्वी सक्सेना, रंजीत सिंह कुशवाहा ने 13 मई को सभी से मतदान करने का आह्वान किया। संतोष कुमार वर्मा, डॉ. संतोष राठौर, रंजीत कुशवाहा, इकरार अहमद, रिचा कुशवाहा, अभिषेक जैन, ललित कुमार, धर्मेंद्र चौधरी, आजाद राईन, मोहम्मद उवेश, सत्यशील सोनी, अवधेश राठौड, योगेंद्र जैन, अमरजीत सिंह, मुकुंद मित्तल हेमलता दोहरे सहित बड़ी संख्या में व्यापार मंडल के पदाधिकारी शामिल रहे।

### कुर्रा में ग्राम समाज की बैठक आज

**भरथना, इटावा।** भरथना तहसील और विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुर्रा के प्रधान आपेंद्र कुमार ने बताया कि 12 मई की सुबह 11 बजे से ग्राम पंचायत कुर्रा के मजरा नगला भोज में स्थित पंचायत घर ग्राम समाज की बैठक होगी। इसमें चकबंदी कमेटी के अध्यक्ष, मंत्री, समस्त सदस्य और राजस्व कर्मी, लेखपाल आदि के अलावा क्षेत्र के समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहकर ग्रामीणों की समस्याएं निस्तारित करेंगे। ग्राम प्रधान आपेंद्र कुमार ने समस्त ग्रामीणों से भाग लेने की अपील की है।

### बुआ के घर रह रहे किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**सैफई, इटावा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बुआ के घर आए किशोर की शुक्रवार शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। गांव कथूआ निवासी स्व. जयवीर सिंह का पुत्र सूरज (12) ग्राम बघुइया में अपनी बुआ रानी देवी के यहां पर बीते दो-तीन माह से रह रहा था। शुक्रवार दोपहर के समय वह बकरी चराने के लिए खेतों की तरफ गया। बताया जाता है कि शाम को उसने कमरे के अंदर छत पर लगे पंखे से गमछा का फंदा लगाकर फांसी लगा ली। जब अंदर बुआ रानी देवी नें देखा तो शोर मचाया। आसपास के लोग पहुंचे और उसे सैफई विश्वविद्यालय की इमरजेंसी ट्रामा सेंटर पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। बताया जाता है कि सूरज के पिता की पहले ही मौत जो चुकी और मां कहीं चली गई । थाना प्रभारी बलराम मिश्रा ने बताया पोस्टमार्टम कराया गया हैं। जांच की जा रही है फिलहाल अभी किसी ने कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया है।

### वीरेंद्र सिंह बने विद्युत जूनियर इंजीनियर संघ के जिलाध्यक्ष

**इटावा।** दक्षिणांचल विद्युत वितरण खंड की मंडलीय व जनपदीय जूनियर इंजीनियर संघ की कार्यकारिणी का चुनाव चुनाव अधिकारी इंत राजेंद्र सिंह व इं. योगेंद्र प्रताप सिंह की देख रेख में में हुआ। इसमें इं. संजय कौशल को संरक्षक बनाया गया। इसके अलावा मंडलीय अध्यक्ष पद पर इं. जितेंद्र सिंह, मंडलीय सचिव पद पर रघुनाथ सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर भूप सिंह और मीडिया प्रभारी पद पर हंसराज सिंह व नीरज सिंह को चुना गया। साथ ही जनपद की कार्यकारिणी में इं. वीरेंद्र सिंह को अध्यक्ष पद पर चुना गया सचिव पद पर विनोद कुमार, उपाध्यक्ष पद पर अजय पाल सिंह, संगठन सचिव शिवम कुमार, प्रचार सचिव पद पर विनय शील, वित्त सचिव पद पर शशि कुमार और लेखाकार पद पर सत्येंद्र सिंह चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मंडल जनपद इटावा की जूनियर इंजीनियर संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### चाचा के घर जा रही युवती को पीटा

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के घसारा गांव निवासी प्रीति पुत्री मनोज कुमार ने थाने में दी तहरीर में पुलिस को बताया कि शनिवार दोपहर उसकी पुत्री कुमकुम अपने चाचा के घर जा रही थी। रास्ते में रंजीत पुत्र झम्मनलाल व रूबी पत्नी रंजीत ने रोककर पुत्री से गाली गलौज करने लगे। पुत्री ने विरोध किया तो आरोपियों ने लात-घूंसो से उसकी पिटाई कर दी। थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

**धर्म-कर्म** — ब्राह्मण समाज महासभा ने शहर में हर्षोल्लास से निकाली भव्य शोभायात्रा

# पुष्प वर्षा से महर्षि परशुराम शोभायात्रा का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** ब्राह्मण समाज महासभा के तत्वावधान में शुक्रवार को रामलीला मैदान से परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शहर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण के बाद नुमाइश पंडाल पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान जगह-जगह आरती उतारी गई और खूब पुष्प वर्षा की गयी।

परशुराम जी व प्रभु विष्णु की प्रथम आरती विधान परिषद सदस्य व भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी तथा ब्राह्मण समाज महासभा के संस्थापक सतीश चंद दीक्षित ने उतारी। प्रथम आरती के समय बबलू महिंद्रा ,राजीव चौधरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अशोक चौबे पूर्व ब्लॉक प्रमुख ,संजू चौधरी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, सागर दुबे भाजपा नेता उपस्थित रहे।


महर्षि परशुराम की आरती उतारते रामशरन गुप्ता। अमृत विचार

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अरुण दुबे ने बताया कि इस बार पूरे जिले का ब्राह्मण एक हो चुका है। पक्का तालाब चौराहे पर सपा नेता कुं जनमेजय सिंह भदौरिया, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रदीप चौहान भुल्लन ने स्वागत किया।


शोभायात्रा में शामिल समाज के युवा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### यात्रा में ये लोग रहे मौजूद

ब्राह्मण समाज महासभा के जिलाध्यक्ष एसके दीक्षित, शिवम दुबे, राजीव मिश्रा, पंकज दीक्षित, आशीष दुबे, विवेक दुबे, अवनीश दीक्षित, अनिल चतुर्वेदी, रवि दुबे, लव पांडे, विकास चौबे, प्रशांत मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी, आकाश मिश्रा, पवन शर्मा।

# सबकी सुनें, सभी की जानें निर्णय अपने मन का मानें

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** आमजन में मताधिकार के प्रयोग हेतु जागरुकता लाने के लिए विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां विद्यार्थियों ने लोगों में मतदान की अलख जगाई।

स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज सहार, जनता इंटर कॉलेज असैनी, श्रीराम इंटर कॉलेज देवरपुर, सोनकली सहोदरा देवी इंटर कॉलेज बेला, जिला पंचायत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूरूगंज, नगर पालिका इंटर कॉलेज औरैया, जनता इंटर कॉलेज अजीतमल, सर्वोदय इंटर कॉलेज साफर, जनता इंटर कॉलेज सल्हापुर आदि में मतदाता शपथ, रैली एवं मेंहदी प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए।



हाथों व गालों पर मेंहदी से लिखकर वोट डालने की अपील करती छात्रा।

तहसीलदार सदर अविनाश कुमार, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप एसपी यादव, प्रधानाचार्य कमलेश पाण्डेय सहित विद्यालय की छात्र-छात्राएं, अध्यापक, अध्यापिकाएं आदि मौजूद रहे।

## ससुरालियों पर मारपीट का आरोप

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव तेजपुर निवासी अंजली पत्नी अजय कुमार ने थाने में दी तहरीर में पुलिस को बताया कि शनिवार को वह अपने मायके से अपने पिता व रिश्तेदारों के साथ ससुराल अजय शाक्य पुत्र मुकेश शाक्य के यहां आई थी। आरोप लगाया कि पति आए दिन शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है।

इसी से परेशान होकर वह पिछले कुछ समय से मायके में रह रही थी। सुलह-समझौता के लिए शनिवार को गए तो ससुराल वाले गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया उसे व उसकी बहन व जीजा को लात घूंसो से मारपीट की। इस संबंध में थाना प्रभारी अशोक उपाध्याय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# यह चुनाव संविधान बचाने के लिए है : अखिलेश

## समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बिधूना से लेकर ऐरवाकटरा तक 16 किलोमीटर लंबा रोड शो किया, जुटे समर्थक

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** शनिवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिधूना से लेकर ऐरवाकटरा तक 16 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने चुनावी रथ पर सवार होकर कहा कि यह चुनाव न केवल हमारे भविष्य बल्कि आने वाली पीढ़ी का भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा एक तरफ वह लोग हैं जो संविधान को खत्म करना चाहते हैं और दूसरी तरफ हम सब समाजवादी व इंडिया गठबंधन के लोग हैं जो संविधान को बचाना चाहते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने बेरोजगारी, महंगाई दी और लोगों की रोजी रोटी छीन ली। इन लोगों ने भेदभाव के साथ जितना अन्याय कर सकते हैं, किया। कहा की आज खुशी है कि इस बार बिधूना और आसपास के लोगों ने कन्नौज व इटावा लोकसभा सीटों को जीतने का मन बना लिया है।

इस दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आज के बाद जब तक वोट ना पड़ जाए, तब तक हमारी मदद के लिए एक एक लोग से सहयोग मांगना। कहा कि मैं क्षेत्र



रोड शो के दौरान पीडीए रथ से जनता को संबोधित करते अखिलेश यादव।

में नहीं जा पा रहा हूं, इसलिए हमारे साथी घर-घर जाकर वोट मांगेंगे और सपा व हमें ऐतिहासिक वोट से जिताएंगे।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के रोड़ शो के दौरान समर्थकों की भारी भीड़ जुटी। कार्यकर्ताओं उत्साह में जमकर नारेबाजी करते दिखे। अखिलेश यादव ने भी समर्थकों का हाथ हिला हिला कर अभिवादन स्वीकार किया। चुनावी रणनीति बनाने के लिए अखिलेश यादव ने क्षेत्रीय विधायक रेखा वर्मा, दिवियापुर से सपा विधायक प्रदीप यादव, किशनी विधायक बृजेश कठेरिया, पूर्व राज्यमंत्री चौधरी रामबाबू यादव, पूर्व विधायक विनय शाक्य, लोकसभा एटा से पार्टी प्रत्याशी देवेश शाक्य सपा की



रोड शो में उमड़ा जनसैलाब। अमृत विचार



अखिलेश यादव के स्वागत के लिए खड़ीं सपा नेत्री रचना सेंगर। अमृत विचार

राष्ट्रीय महासचिव रचना सिंह सेंगर सपा नगर अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता आदि को भी रथ में बैठाया।

इससे पूर्व उनका हेलीकॉप्टर अपराह्न लगभग एक बजे तहसील स्थित हैलीपेड पर उतरा। जहां से वह कार से भगत सिंह चौराहे पर रथ पर सवार हुए। हैलीपेड पर उनका कई वरिष्ठ सपा नेताओं ने स्वागत किया हालांकि कई सपा नेता हाथों में मालाएं लिए खड़े रहे।

### मालाएं लिए खड़े रहे नहीं रुका रथ

- शनिवार को तहसील बार एसोसिएशन के लगभग एक दर्जन अधिवक्ता तहसील के गेट नंबर दो पर फूल मालाएं लेकर खड़े रहे लेकिन अखिलेश यादव का रथ नहीं रुका। लाचार होकर अधिवक्ताओं ने फूल मालाएं रथ पर फेंक दी। इस दौरान तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह, पूर्व अध्यक्ष रविंद्र कुमार, अमरेश सिंह, रमाकांत तिवारी, राकेश यादव, नरेंद्र यादव, सहोदर यादव, विजय कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

### वैक्सीन पर सरकार को लिया आड़े हाथ

**ऐरवा कटरा, औरैया।** अखिलेश यादव ने बिधूना से ऐरवा कटरा तक रोड शो निकाला। कटरा चौराहे के थाने के पास शनिवार शाम वह 4:25 पर आए। मौजूद जन समूह एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सोचते थे कि चुनाव हम लड़ रहे हैं। लेकिन आज हमने यह समझ लिया चुनाव तो आप लोग लड़ रहे हैं। डबल इंजन की सरकार इस भीषण गर्मी में राशन में बाजरा दे रही है। वैक्सीन से लोगों को हार्ट अटैक हो रहे हैं। वैक्सीन बनाने वाली कंपनी कह रही है कि वैक्सीन हम वापस ले लेंगे। रानू पालीवाल, अमित वर्मा, बादाम सिंह यादव, श्रीकृष्ण पूर्व प्रधान, मोहम्मद असलम, सुरेंद्र सुनील यादव, जिला पंचायत सदस्य श्रीप्रकाश यादव, मनोज शर्मा प्रधान,नासिर अली काफी संख्या में लोग मोजूद थे।



जाम में फसे राहगीर। अमृत विचार

### जाम में घंटो फंसे रहे लोग

**बिधूना।** शनिवार को अखिलेश यादव के रोड शो में कई सपाई आदर्श चुनाव आचार संहिता से बेखौफ दिखे। जबकि प्रशासन भी उनके आगे लाचार दिखाई दिया। रोड शो के दौरान सपाइयों के वाहनों के चलते लगभग तीन घंटे से अधिक समय तक बिधूना ऐरवाकटरा मार्ग पर प्राइवेट बसों का आवागमन बंद रहा जिससे आने जाने वाले मुसाफिरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# रोड शो के दौरान पर्स व मोबाइल कर दिए पार

संवाददाता, बिधूना

**अमृत विचार।** अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान उचक्कों ने एक दर्जन से अधिक लोगों के मोबाइल पर्स आदि पार कर दिए। उन्होंने उन सपा नेताओं के भी मोबाइल पार कर दिए जो सपा मुखिया के पक्ष में क्षेत्र में भ्रमण कर आए थे।

सपा नेता ओम प्रताप सिंह निवासी देवबंद ने मोबाइल गुम हो जाने की कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है जबकि रोड शो देखने गए अभिषेक मिश्रा का भी मोबाइल पार कर दिया। तहसील के सामने अधिवक्ताओं के साथ अखिलेश के स्वागत के लिए माला लिए खंडे रहे वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार अग्निहोत्री का भी उचक्कों ने पर्स पार कर दिया जिसमें हजारों रुपए व आवश्यक कार्ड आदि मौजूद थे।



बैठक को संबोधित करते मंत्री एसपी सिंह बघेल। अमृत विचार

# राष्ट्र हित में जरूर करें मतदान : बघेल

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** शनिवार को केंद्र सरकार में मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कस्बे के श्रंगारिका मैरिज गार्डन में समाज के लोगों की बैठक कर राष्ट्र हित में मतदान अवश्य करने की अपील की। उन्होंने प्रयागराज में हुए राजू पाल,उमेश पाल की सपा के गुंडों माफिया द्वारा की गई हत्या आदि घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा यह चुनाव सिर्फ सांसद चुनने का नहीं बल्कि देश के प्रधानमंत्री को चुनने का चुनाव है। इसलिए वोट देने से पहले सौ बार सोचें। उन्होंने सामाजिक बुराइयों को छोड़कर बच्चों को शिक्षित संस्कारित बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा जो समाज जागरूक नहीं होता उसका अस्तित्व समाप्त हो जाता है।

उन्होंने कहा वह कई बार से सांसद विधायक हैं यह सिर्फ भाजपा की देन है। उन्होंने सैफई परिवार के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि वह सपा में रहे हैं। मुझसे ज्यादा कोई नहीं जानता। इस अवसर पर प्रबल प्रताप सिंह पाल,शीश कुमार पाल, सुरजन सिंह पाल, अनिल शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य बासुदेव प्रजापति,छेदा लाल पाल,आदि मौजूद थे।

# भाजपा सरकार में बढ़ा भ्रष्टाचार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शुक्रवार को मंडी समिति दिबियापुर के ग्राउंड में शुक्रवार को सपा लोकसभा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे के सर्मथन में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने वोट मांगे। उन्होंने कहा उत्पीड़न करने वालों का नाम डायरी में लाल स्याही से लिखकर रखें। मौजूदा भाजपा सरकार सभी मोर्चों पर फेल है।

उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार की गलत नीतियों से देश पर पांच गुना कर्जा हो गया है और मंहगाई के कारण सभी परेशान हैं। मौजूदा सरकार में भष्ट्राचार को बढ़ावा मिला है बगैर रिश्वत के थानों और तहसील में कोई काम नहीं हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ नौकरी लगने से पहले ही पेपर लीक कराकर सरकार बेरोजगारों से धोखा कर रही है। सरकार पूंजीपतियों को लाभ देने का काम करती है जिससे गरीब और किसानों की हालत बदतर हो रही है।



जनसभा को संबोधित करते राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव। अमृत विचार

- सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

उन्होंने पार्टी कार्यकत्ताओं से हाथ उठवाकर अपील करते हुए कहा कि आगामी 13 मई को इटावा से जितेंद्र दोहरे और कनौज से अखिलेश यादव को भारी वोटों से जिता दें। जनसभा को दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चौ. रामबाबू यादव, सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, वरिष्ठ नेता रामनरेश बाबा, पूर्व राज्यमंत्री अतर सिंह नायक, सपा विधानसभा अध्यक्ष बीरेंद्र राजपूत, शैलेंद्र आंबेडकर एवं बारेलाल पाल आदि ने संबोधित किया। नगर अध्यक्ष रवींद्र पोरवाल, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष गौरव यादव, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र यादव कल्लू, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि धीरेंद्र दोहरे, विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल, सभासद कृष्ण कुमार, ब्रहमानंद गुप्ता एवं सभासद फिरोज खान आदि लोग मौजूद रहे।

# परशुराम जी की निकाली शोभायात्रा

**औरैया।** शहर में शुक्रवार को ब्राह्मण समाज द्वारा महर्षि परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई और परशुराम भगवान की शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा के दौरान भक्त परशुराम जी के जयकारे लगाते हुए आगे आगे चल रहे थे। तिलक नगर स्थित भूतेश्वर मंदिर पर परशुराम जी की पूजा की गई। आयोजको ने परशुराम जी के चित्र पर पुष्प व मालाएं अर्पित कर आशीर्वाद लिया। भूतेश्वर मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग पेट्रोल पंप, संजय गेट, तहसील तिराहा, होमगंज, लेडीज मार्केट, संजय गेट नुमाइश मैदान से होते हुए वापस भूतेश्वर मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा का जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया जा रहा था। शोभा यात्रा में नीरज चौधरी, सौरभ भूषण शर्मा, शैलेश उर्फ पप्पल, अभिषेक शुक्ला, छैया त्रिपाठी, पंकज मिश्रा, उत्तम कुमार शुक्ला, हेमू चौबे, शिवम शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



संबोधित करते विप्र समाज के लोग। अमृत विचार

### ब्राह्मण सेवा समिति ने मनाई महर्षि परशुराम जयंती

**बिधूना, औरैया।** ब्राह्मण सेवा समिति उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में बिधूना कस्बे के बेला रोड पर स्थित बालाजी गेस्ट हाउस में शुक्रवार को महर्षि परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण करने के साथ ही ब्राह्मण समाज के नेताओं ने ब्राह्मण समाज के लोगों के शिक्षित संस्कारिक व संगठित होने और सामाजिक बुराइयों से बचने का आह्वान किया।इस अवसर पर समाजसेवियों, कलमकारों व ब्राह्मण समाज के कुछ प्रमुख लोगों को सम्मानित भी किया गया। द्वारिका प्रसाद महाविद्यालय के प्रबंधक विशेश्वर दयाल तिवारी ने कहा कि परशुराम जरी आज भी जीवित हैं। महाभारत और विष्णु पुराण के अनुसार महर्षि परशुराम जी का मूल नाम राम था। भगवान शंकर ने उन्हें अपना परशु नमक अस्त्र प्रदान किया था और तभी से वह परशुराम कहलाए। ब्राह्मण समाज के नेता विभूशंकर पांडे ने कहा कि महर्षि परशुराम महादेव के परम भक्त और शस्त्र विद्या के महान गुरु थे। ब्राह्मण सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर शुक्ल ने कहा कि महर्षि परशुराम जी समाज के प्रेरणा स्रोत हैं। ब्राह्मण सेवा समिति के प्रदेश महामंत्री रमेश चंद्र त्रिपाठी, रामनरेश त्रिवेदी, प्रेम शंकर तिवारी, छुन्नू, अवधेश दुबे, चिरकुआ, विनय तिवारी, रविंद्र मिश्रा, संजय मिश्रा, अखिलेश शुक्ला, शिवाकांत द्विवेदी, राजीव कुमार, प्रदीप कुमार, सुबोध तिवारी, मानवेंद्र तिवारी, मोनू मौजूद रहे।

# बड़ी माता मंदिर में मां भद्रकाली का श्रृंगार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर पढ़ीन दरवाजा स्थित बड़ी माता मंदिर प्रांगण में मां भद्रकाली मंदिर का चतुर्थ स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मां भद्रकाली का भव्य श्रृंगार किया गया।

समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि तीन साल पहले बड़ी माता मंदिर प्रांगण में समिति द्वारा भद्रकाली मंदिर की स्थापना कराई गई थी। इसके अंतर्गत महिला शाखा तुलसी "सखी ग्रुप" की सदस्यों द्वारा भद्रकाली माता की मूर्ति का भव्य



भजन-कीर्तन करतीं तुलसी सखी ग्रुप की सदस्य। अमृत विचार

श्रृंगार पूजा-अर्चना की गई।

सेवादार आचार्य पंडित बैकुंठ नाथ त्रिपाठी ने बताया कि अक्षय तृतीया स्वयं सिद्ध मुहूर्त है। इसी दिन महर्षि परशुराम व मां अन्नपूर्णा आज के दिन ही धरा धाम पर आए थे। मालती देवी, मोहिनी पुरवार, नैंनिसी, मान्या, महिला मधु शर्मा, लक्ष्मी बिश्नोई, बबिता गुप्ता, प्रतिभा सोनी, कुमकुम वर्मा, ममता बिश्नोई, संगीता भदौरिया, शशी गुप्ता, सीमा देवी, माया गुप्ता, नीतू, आभा गुप्ता अलका, अनुपम पोरवाल आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# युवक की ट्रेन की टक्कर से मौत

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा के सराय बाजार निवासी श्रीचंद्र सक्सेना (34) पुत्र स्व.लखमी चंद्र सक्सेना रात्रि करीब 12 बजे दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग के डाउन लाइन पर रेलवे क्रॉसिंग के पास से लाइन पार कर रहा था। तभी तेज गति से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गेटमैन ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। शव ट्रैक पर पड़ा होने से पीछे से आ रही लगभग आधे दर्जन से अधिक एक्सप्रेस को लूप लाइन से निकाला गया। गैंगमैन ने शव को ट्रैक से हटाकर ट्रैक को क्लियर किया। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हृदय गति रुकने से व्यापारी की हुई मौत

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** अटसू कस्बा स्थित एक नाश्ता की दुकान पर कांच का व्यापारी सुबह लगभग आठ बजे नाश्ता करने आया था। नाश्ता करने के दौरान अचानक उसकी हालत बिगड़ने लगी। गिरता देख लोगों ने उसे संभाला और पानी डालने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटनाक्रम से चौराहे पर अफरा-तफरी मची और लोगों ने पहचान करते हुए उसके परिजनों को सूचना दी। अचानक हुई मौत से परिवार में मातम छा गया। अटसू कस्बे स्थित कुलदीप कचौड़ी वाले के नाम की दुकान पर फफूंद रोड बाबरपुर निवासी मोहनलाल (55) पुत्र स्व. रामपाल गुप्ता अपने घर से सुबह नाश्ते करने के लिए अटसू आए थे। जहां उनको हार्ट अटैक पड़ने से हालत बिगड़ गई। परिजन उनको निजी वाहन से सीएचसी अजीतमल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मोहनलाल बाबरपुर कस्बे में व्यवसाय करके जीवन यापन करते थे। परिजन पोस्टमार्टम कराए बिना ही शव को घर ले गए।



मदर्स डे मनाते गेल डीएवी मॉडल स्कूल के बच्चे। अमृत विचार

### विद्यार्थियों ने कार्ड बनाकर माताओं के प्रति जताया स्नेह

**औरैया।** मां के योगदान और समर्पण के लिए उनका धन्यवाद करने के लिए प्रत्येक वर्ष मई के द्वितीय रविवार को मातृ दिवस मनाया जाता है। शनिवार को गेल डीएवी. मॉडल स्कूल में मातृ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने मातृ दिवस पर कविता, नृत्य तथा गीत प्रस्तुत किया। इसके उपरांत कक्षा- 1 से लेकर 5 तक के छात्र-छात्राओं ने मातृ दिवस पर अपनी माताओं के लिए कार्ड बनाया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा हमारे जीवन में मां के महत्व को दर्शाते हुए अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थी जीवन में मां की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती है, यह एक लघु नाटिका के द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर ने मातृ दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों को बताया कि मातृ दिवस मां के सम्मान के साथ-साथ मातृत्व, मात्र बंधन और समाज में माता के प्रभाव का सम्मान करने वाला उत्सव है।



परमहंस बगिया में एकत्र हुए व्यापारी। अमृत विचार

# व्यापारियों ने घर-घर जाकर मांगे वोट

संवाददाता, ककोर

**अमृत विचार।** औद्योगिक नगर दिबियापुर में शनिवार को व्यापारियों ने नगर में घूम-घूम कर भाजपा के पक्ष में वोट मांगे। वहीं लोगों से अपील भी की, कि आप सभी अधिक संख्या में सभी लोग भाजपा के पक्ष में वोट करके सांसद को विजई बनाएं। सुबह से ही दिबियापुर के व्यापारी संगठन परमहंस बगिया में एकत्रित हुए। वहां से लोगो से मिलते हुए नगर भ्रमण के साथ भगवतीगंज सहायल रोड बेला रोड, आजाद नगर, कलेक्ट्री रोड, गुंजन रोड, रामकृष्ण नगर, ककराही बाजार, फफूंद रोड, थाने रोड, औरैया रोड पर जनता जनार्दन से भाजपा को वोट देने की अपील की। वहीं हाल में ही शामिल हुए भाजपा में कार्यकर्ताओं ने भी सभी से वोट देने की अपील की। भाजपा की प्रदेश और केंद्र सरकार के नाम पर लोगों से वोट देने की अपील की गई है।

सियासत — कैबिनेट मंत्री बीएल वर्मा ने प्रत्याशी राम शंकर कठेरिया के समर्थन में की जनसभा

# सपा ने परिवार के पांच लोगों को दिए टिकट

संवाददाता, अटसू/अजीतमल

**अमृत विचार।** नगर पंचायत अटसू में शनिवार को कैबिनेट मंत्री बीएल वर्मा ने भाजपा प्रत्याशी राम शंकर कठेरिया के समर्थन में चुनावी जनसभा की। इसमें सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये पार्टी परिवार वादी पार्टी है। एक ही परिवार के पांच सदस्यों को टिकट दे दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि बदायूं में सपा ने शिवपाल यादव को मैदान में उतारा था लेकिन हार के डर से शिवपाल यादव ने बदायूं की जनता से किनारा कर लिया और अपनी जगह अपने बेटे आदित्य यादव को मैदान में उतार दिया। कहा कि



सभा को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री बीएल वर्मा। अमृत विचार

इटावा में बड़े अंतर से राम शंकर कठेरिया चुनाव जीतने जा रहे हैं। बस आप लोग अपने समाज का एक एक वोट डलवा लेना। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह (बाबू जी) को याद करते हुए कहा की बाबू जी हम सबके आदर्श थे। और हम उन्हीं के आदर्श पर चलते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार को फिर से लायेंगे। साथ ही कहा की ये चुनाव सिर्फ सांसद चुनने का नहीं है। ये चुनाव प्रधान मंत्री चुनने का है। देश के भले के लिए सभी भजपा को वोट दें।

सोशल मीडिया प्रभारी रिचा राजपूत ने अपने समाज का आह्वान करते हुए कहा कि सबको पता है कि पूर्व की सरकारों में गुंडाराज का बोल बाला था महिलाओ को घर निकलने में भी डर लगता था। आज महिला घर से कभी भी किसी भी समय कहीं भी जा सकती है। इस दौरान जय श्री राम,भारत माता की जय और एक बार फिर मोदी सरकार के नारे गूंजते रहे।

जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, सदर विधायिक गुडिया कठेरिया, लोकसभा संयोजक/अजीतमल ब्लॉक प्रमुख रजनीश पांडेय, दिबियापुर नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा, अटसू नगर पंचायत अध्यक्ष स्वदेश प्रकाश पोरवाल, पूर्व प्रत्याशी नगर पंचायत अटसू रिचा राजपूत, शरद कांत राजपूत, राधे श्याम पोरवाल, कमलेश अवस्थी, आशीष तिवारी, आशा राम राजपूत, शिवेंद्र राजपूतमंडल अध्यक्ष, उत्तम राजपूत, तुलाराम राजपूत आदि मौजूद रहे।



मंत्री संदीप वर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट करतीं रिया शाक्य। अमृत विचार

### यह चुनाव राष्ट्र निर्माण का : संदीप वर्मा

**बिधूना, औरैया।** शनिवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के समर्थन में आयोजित जनसभा में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संदीप वर्मा ने कहा आज का चुनाव राष्ट्र के निर्माण का चुनाव है। एक तरफ राम को मानने वाले लोग हैं दूसरी तरफ तुष्टिकरण करने वाले और मुख्तार अंसारी की कब्र पर फातिहा पढ़ने वाले लोग हैं। कार्यक्रम के संयोजक एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी दिनेश वर्मा उर्फ गुड्डू ने कहा कि हमारे समाज को सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व भाजपा ने दिया है। भाजपा में सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व है। भाजपा की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं सांसद प्रतिनिधि रिया शाक्य ने समाज के लोगों से राष्ट्र हित मे भाजपा को जिताने की अपील की।

## एक नजर

### ग्रीष्म कालीन अवकाश 20 मई से 15 जून तक

अमृत विचार लखनऊ : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्मावकाश रहेगा। विद्यालय 18 मई से ही बंद हो जाएंगे। 19 मई को रविवार है। 16 जून को रविवार और 17 जून ईद उल अजहा का अवकाश होने के कारण स्कूल 18 जून को खुलेंगे।

### बच्चों ने किया मतदान के लिए जागरूक

अमृत विचार लखनऊ : बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी में शनिवार को प्रातः 8 बजे से मतदान के लिए जागरुकता रैली निकाली गई। इस रैली में लगभग 600 छात्र-छात्राओं एवं 70 शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। ये रैली विद्यालय के पास-पड़ोस की कालोनियों से होते हुए विद्यालय पहुंची। रैली में शामिल सभी बच्चों और शिक्षकों ने 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में से सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।

# मोदी सरकार ने सेना व सैनिकों के भविष्य को अंधकार में धकेला

## कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और मीडिया विभाग के चेयरमैन ने पत्रकार वार्ता कर लगाया आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मोदी सरकार ने न केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा से समझौता किया बल्कि अग्निपथ जैसी योजना लाकर सेना और सैनिकों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। ये आरोप शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने लगाया।

अभय के साथ पत्रकार वार्ता में मौजूद प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय, मीडिया कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा बाथम, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता, शुचि विश्वास ने कहा कि प्रदेश में वीरों का गौरवशाली इतिहास है। देश की स्वतंत्रता, अस्मिता और भूभागीय अखंडता के लिए उत्तर प्रदेश के वीरों ने प्राणों की आहुति दी है। 1857 की क्रांति में रानी लक्ष्मी बाई, बेगम हजरत महल, मंगल पांडेय और कारगिल युद्ध में शहीद कैप्टन मनोज पांडेय ने प्राणों की परवाह किये बिना प्रदेश की मिट्टी को गौरवान्वित किया।


प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार की अग्निपथ योजना लागू करने में सदन और भारतीय सेना की सहमति नहीं ली गई। हाल ही में पूर्व थल सेना अध्यक्ष एमएम नरवणे ने अपनी पुस्तक 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' में इसका खुलासा किया है। पुस्तक में उन्होंने लिखा है कि अग्निपथ योजना की घोषणा ने तीनों सेनाओं को चौंका दिया था। इतना ही नहीं नरवणे ने अपनी किताब में यह भी लिखा कि अग्निवीरों का वेतन सिर्फ 20 हजार रुपये ही निर्धारित किया गया था। सेना के हस्तक्षेप के बाद इसे 30 हजार रुपये किया गया।

## भाजपा ने शुरू किया मतदाता पर्ची वितरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर मतदाता पर्ची वितरित की। साथ ही रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की ओर से पिछले दस वर्षों में कराए गए विकास कार्यों से संबंधित पत्रक बांटे।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने शनिवार को अभियान की शुरुआत क। उन्होंने बूथ आवासीय पब्लिक स्कूल, गीतापल्ली वार्ड में घर-घर मतदाता पर्ची के साथ विकास कार्यों का पत्रक वितरण कर स्टीकर लगाया। भाजपा नेता नीरज सिंह ने पूर्व विधानसभा, पश्चिम विधानसभा में, उत्तर विधानसभा में विधायक डॉ. नीरज बोरा, मध्य विधानसभा में रजनीश गुप्ता ने पर्ची वितरण किया। इस दौरान लोकसभा चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा, उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव, क्षितिज, गोविंद कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।

# बाबू सिंह को उम्मीदवार बनाने से नाराज बाबा दुबे का सपा से इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **इस्तीफे में दिया कुशवाहा के आपराधिक रिकॉर्ड का ब्योरा**

**अमृत विचार:** बाबू सिंह कुशवाहा को जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए से नाराज पूर्व विधायक बाबा दुबे ने समाजवादी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। जौनपुर जिले के बदलापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे बाबा का कहना है कि बाबू सिंह सपा की विपरीत विचारधारा के व्यक्त हैं।

पूर्व विधायक ने शनिवार को अपने त्यागपत्र में लिखा है कि मैंने जीवन में कभी निजी व राजनीतिक जीवन में सिद्धांतों के विपरीत रहने वाले व्यक्त का कभी समर्थन या प्रचार नहीं किया है। न ही वर्तमान में ऐसा करना स्वीकार करूंगा। इसलिए समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्याग रहा हूं। यह पत्र उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नाम लिखा है।

बाबा दुबे वर्ष 2012 में पहली बार सपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीता था। उनकी गिनती उद्योगपतियों में भी होती है। उन्होंने अपना पहला चुनाव वर्ष 2004 में जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से बसपा के टिकट पर लड़ा था। इस चुनाव में वह सपा के पारसनाथ यादव से हार कर गए थे। उन्होंने 2009 में सपा के टिकट पर रारी विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ा था। सपा के टिकट पर 2017, 2022 में भी चुनाव लड़ा था। अपने पत्र में बाबा ने बाबू सिंह कुशवाहा की ओर से चुनाव आयोग को दिए गए हलफनामे में बताए गए आपराधिक मुकदमों का भी उल्लेख किया है।

# 10 वर्षों में दुनिया ने मोदी का ट्रेलर देखा, पिक्चर अभी बाकी : राजवीर

निज संवाददाता : बख्शी का तालाब

▶▶ **बख्शी का तालाब के बड़ी बाजार में भाजपा का पिछड़ा वर्ग सम्मेलन**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नारा दिया था कि अबकी बार पूर्ण बहुमत की सरकार। वर्ष 2017 के चुनाव में कहा था कि 300 पार तो हमने 375 सीटें जीतीं। 2024 के चुनाव में एक-एक सीट का आकलन करने के बाद मोदी ने 400 पार का नारा दिया है।

नारा सफल होता देख विपक्षियों को नींद नहीं आ रही है। दुनिया ने 10 साल में मोदी का ट्रेलर ही देखा है, असली पिक्चर अगले पांच वर्ष के कार्यकाल में देखेगी। ये बात मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र में हुए कार्यक्रम में एटा सांसद राजवीर सिंह राजू भईया ने कही। मोहनलालगंज क्षेत्र के बख्शी का तालाब बड़ी बाजार में शनिवार को भाजपा का पिछड़ा वर्ग सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें राजवीर ने कहा कि जो काम देश में 70 वर्षों में नहीं हुआ, उसे भाजपा की सरकार ने 10 वर्षों में करके दिखाया है। प्रधानमंत्री मोदी की हर घर जल, हर घर नल योजना भी ग्रामीण क्षेत्रों में साकार हो रही है। आने वाले समय में गैस भी पाइप लाइनों से सप्लाई होगी।

## इंडी गठबंधन के हर प्रत्याशी को अपना भरपूर समर्थन दें

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोक सभा चुनाव पर दुनिया भर की निगाहें लगी हुई हैं। इसके पीछे मुख्य कारण यह है कि पिछले 10 वर्ष से भारत के लोकतंत्र की लगातार हत्या हो रही है। सामाजिक सद्भाव सरकार द्वारा खत्म किया जा रहा है। यह आरोप शनिवार को इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस अमेरिका के प्रेसिडेंट मोहिंदर सिंह ने गोमती नगर स्थित एक होटल में लगाया। मोहिंदर सिंह ने कहा कि सरकार संविधान बदल कर दलितों और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त करना चाह रही है। इस दौर में सिर्फ एक उम्मीद राहुल गांधी ही हैं। इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के दुनिया भर के लोग इसीलिये भारत में आये हैं। मीडिया के माध्यम से देश की जनता से अनुरोध करना चाह रहे हैं कि देश को मजबूत बनाने और संविधान की रक्षा के लिये इंडिया गठबंधन के हर प्रत्याशी को अपना भरपूर समर्थन दें।

# सपा, बसपा व कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान से पहले समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बसपा के कई नेताओं ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया। सपा के पूर्व मंत्री मतेश सोनकर, प्रदेश सचिव प्रदीप सिंह बब्बू और उप्र कांग्रेस के प्रवक्ता रहे जीशान हैदर को भाजपा मुख्यालय पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इसके अलावा अश्विनी सिंह कुशवाहा, चंद्र प्रकाश सिंह और बब्बू जायसवाल जैसे स्थानीय नेता भी भाजपा की सदस्यता ले चुके हैं। प्रतापगढ़ से आशुतोष त्रिपाठी, अंबेडकर नगर हेमलता, लंबुआ से


भाजपा कार्यालय में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और विभिन्न दलों से आए नेताओं का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

चुनाव लड़ चुके अवनीश कुमार सिंह ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विधानसभा चुनाव लड़ चुके कौशांबी के चंद्रावली पटेल और बांदा से बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल निषाद भी भाजपा में शामिल हुए हैं। सीतापुर से अशोकानंद गिरि महाराज, शाहजहांपुर से प्रदेश अध्यक्ष माध्यमिक वित्त विहीन विद्यालय की रेनू मिश्रा, और बलिया से अंजनी उपाध्याय ने भी भाजपा की सदस्यता ली।

▶▶ **सपा के पूर्व मंत्री मतेश सोनकर प्रदेश सचिव प्रदीप सिंह बब्बू और उप्र कांग्रेस के प्रवक्ता रहे जीशान हैदर हुए शामिल**

### ब्रजेश पाठक ने किया स्वागत

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि ये नेता अपने-अपने दलों और क्षेत्रों के मजबूत और जनता के बीच लोकप्रिय नेता हैं भाजपा परिवार में उनका स्वागत है। भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर ये पार्टी में आए हैं। माना जा रहा है कि प्रदीप सिंह बब्बू एवं जीशान हैदर के भाजपाई बन जाने के बाद लखनऊ लोकसभा क्षेत्र के साथ ही लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र में हो रहे उपचुनाव पर भाजपा के पक्ष में इसका प्रभाव दिखेगा।

## मतदाता जागरूकता के लिए बांटे जाएंगे पंफलेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव सीट पर मतदान के लिए नगर निगम और एलडीए मतदाताओं को जागरूक करेगा। नगर निगम मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पंफलेट बांटेगा। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मतदाता जागरुकता को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि नगर निगम गृहकर एवं जलकर का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को उनके मोबाइल पर सप्ताह में तीन बार एसएमएस भेजकर मतदान के लिए जागरूक करेगा। निगम की ओर से पेड होर्डिंग्स पर सात दिनों तक मतदाता जागरुकता के संबंध में ही प्रचार-प्रसार करेगा। कालोनियों में सफाई कार्य के लिए लगे वाहन भी गीत के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे। स्मार्ट सिटी और सूचना विभाग की स्क्रीन पर चुनाव आयोग की ओर से जारी की गई मतदाता जागरुकता के संबंध में फिल्म एवं स्लोगन का प्रसारण किया जाएगा।

# निदेशक प्रशासन के निर्देश की स्वास्थ्य महानिदेशक से पहले उनके पास भेजी जाएं पत्रावली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर और निदेशक (प्रशासन) डॉ.राजा गणपति के बीच अधिकार को लेकर वर्चस्व की लड़ाई शुरू हो गई है। निदेशक प्रशासन ने निदेशालय की हर पत्रावली खुद के पास भेजने के निर्देश जारी किये तो पलटकर महानिदेशक ने आदेश जारी किया फाइलें पूर्व की भांति ही भेजी जाएंगी, मुखिया होने के नाते पत्रावलियों को अनावश्यक रूप से निदेशक प्रशासन के समक्ष भेजने का कोई औचित्य नहीं है। निदेशक प्रशासन डॉ.राजागपति ने गुरुवार को निर्देश दिये की महानिदेशक के समक्ष जाने से पहले पत्रावलियां उनके सामने लाई जाये। यह निर्देश महानिदेशालय के सभी 20 विभागों पर लागू किया गया है। अधिकारों की कटौती होते देख अगले ही दिन शुक्रवार को महानिदेशक ने शासनादेश के तहत उक्त आदेश का खंडन करते हुए कहा कि बतौर मुखिया पत्रावलियां सीधे उनके पास आनी चाहिये। पत्रावलियों में किसी भी प्रकार के अन्य अधिकारी के अनुमोदन या हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। शुक्रवार को इस पत्र के जारी होते ही निदेशक प्रशासन डॉ.राजागणपति ने पुनः शासनादेश 13 जनवरी 1982 का हवाला देते हुए बतौर विभागाध्यक्ष समस्त पत्रावलियां उनके पास भेजने के लिए निर्देश दिये हैं।

> प्रशासनिक दृष्टिकोण से पत्रावलियां, विभागाध्यक्ष के माध्यम से ही प्रस्तुत किया जाना चाहिये। इसमें किसी के अधिकारों का हनन नही है। संबन्धित शासनादेश के क्रम में ही निर्देश जारी किये गये हैं।
>
> -डॉ.राजा गणपति, निदेशक प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग

> निदेशक प्रशासन के पास लिपिक संवर्ग की जिम्मेदारी होती है, बावजूद विभाग के अधिकांश विभागों में हस्तक्षेप किया जा रहा है। उक्त आदेश महानिदेशक के अधिकारों का हनन है।
>
> -डॉ.अमित सिंह, महामंत्री पीएमएस, उप्र.

▶▶ **सीधे किसी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकेंगे स्वास्थ्य महानिदेशक**

## स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता रैली

**अमृत विचार, लखनऊः** ड्रीम इंडिया स्कूल इंदिरानगर के विद्यार्थियों ने शनिवार को प्रिंसिपल डॉ. रचना सक्सेना के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली क्षेत्र के विभिन्न रास्तों से गुजरते हुए वापस स्कूल परिसर पर समाप्त हुई। रैली में बच्चों ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो जैसे विभिन्न नारों के द्वारा लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। डॉक्टर सक्सेना ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए।


## वर्ग पहेली-67

**बाएं से दाएं**

1. महीने-महीने, हर महीने, मासिक, प्रतिमास।
3. रोब, रुआब, दबदबा।
6. आसमान में उड़ने वाला जहाज़, वायुयान।
9. बड़े-बड़े टुकड़ों वाला काला नमक।

**ऊपर से नीचे**

2. बेतार प्रणाली (वायरलैस) द्वारा इंटरनेट के माध्यम से कंप्यूटरों में परस्पर संपर्क स्थापित करने तथा सूचना एवं आँकडों को आदान-प्रदान करने का एक स्थानीय संचार जाल (लोकल एरिया नेटवर्क) जिसके लिए उच्च आवृत्ति की रेडियो तरंगों का प्रयोग किया जाता है।
4. 1. किसी शुभ अवसर पर अथवा किसी अच्छे कार्य के पूर्ण होने पर दिया जाने वाला संदेशा, मुबारकबाद 2. शुभ अवसर पर गाया जाने वाला गाना; मंगलाचार 3. बधावा, उत्सव 4. उक्त शुभ अवसर पर संबंधियों को दिया जाने वाला धन।
5. 1. व्यवस्थापक 2. प्रबंध करने वाला, प्रबंधक 3. एक पदवी।
7. हाथी की पीठ पर रख कर ले जाई जाने वाली पुरानी तोप, गजनाल।
8. 1. स्वर्ग 2. पानी, जल 3. ब्रह्म 4. पृथ्वी 5. सहारा, आश्रय 6. दूध पीने वाला बछड़ा 7. किसी वस्तु को सुरक्षित रखने का स्थान 8. अग्नि 9. संमति।



### वर्ग पहेली -66 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 सो | | | | 2 जु | |
| 3 जा | र | क | | 4 अँ | ग | ना |
| | दि | | 5 उ | | जु | |
| 6 जी | व | नो | प | यो | गी | |
| | स | | जी | | | 7 पू |
| 8 भा | | | व | | | र |
| 9 न | वी | नी | क | र | ण | |

# नौ मानकों से परखा जाएगा आश्रम पद्धति वाले सीबीएसई के स्कूलों का प्रदर्शन

राजीव शुक्ला, लखनऊ

▶▶ **94 आश्रम पद्धति विद्यालय प्रदेश में हैं संचालित, 40 स्कूल सीबीएसई से हैं संबद्ध**

▶▶ **10वीं और 12वीं की परीक्षा के परिणाम का इंतजार कर रहा समाज कल्याण विभाग**

**अमृत विचार:** आश्रम पद्धति वाले सीबीएसई के 40 स्कूलों को भी अब नौ मानकों पर परखा जाएगा। इसके लिए इन स्कूलों में ग्रेडिंग सिस्टम लागू किया जाएगा। इसके लिए समाज कल्याण विभाग दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित होने का इंतजार कर रहा है।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि ग्रेडिंग सिस्टम में तय अंकों के आधार पर विद्यालयों का मूल्यांकन कर उन्हें गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज श्रेणी की रैंकिंग दी जाएगी। हर श्रेणी में टॉप 10 विद्यालयों को रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यालयों का मूल्यांकन वर्ष में पांच बार होगा। मई, अगस्त, अक्टूबर, दिसंबर (अर्द्धवार्षिक परीक्षा) और फरवरी में (वार्षिक परीक्षा) के बाद। मई से अक्टूबर के बीच तीन बार यूनिट टेस्ट कराए जाएंगे।

ग्रेडिंग के लिए नौ मानक बनाए गए हैं। मानकों के आधार पर सौ नंबरों का एक प्रारूप तैयार किया जा रहा है। पहले मानक में छात्रों और शिक्षकों की मासिक उपस्थिति के दस-दस अंक होंगे। 91 सो 100 फीसदी तक उपस्थिति पर दस अंक, 81 से 90 फीसदी उपस्थिति पर आठ अंक तय किए गए हैं।

इसी क्रम में 50 फीसदी से कम उपस्थिति पर शून्य अंक दिए जाएंगे। इसी तरह हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणाम, पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक और खेलकूद की उपलब्धियों, विद्यालय की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था, नवाचार, समयावधि में पाठ्यक्रम की पूर्णता, ऑनलाइन शैक्षणिक कार्यक्रम, स्कूल की क्रियाशीलता और विद्यालय के छात्र-छात्राओं के सीयूईटी, नीट, जेईई और क्लैट की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन को मानकों में रखा गया है।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में आश्रम पद्धति के तहत 94 विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 54 यूपी बोर्ड के हैं।

## सुडोकू-146

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 2 | | 3 |
| | 2 | | | | 3 | | | 4 |
| | 5 | | | | | | | 7 |
| | | 3 | 4 | | | | | |
| | | 8 | | | | 9 | | |
| | | 1 | | 7 | 9 | 6 | | |
| 6 | | | 8 | | | | 1 | |
| 4 | | | 9 | | | | | |
| 7 | | 9 | | | | | | |

### सुडोकू -145 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 1 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 7 | 5 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 | 7 |
| 7 | 1 | 6 | 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 2 | 9 | 8 | 3 |
| 1 | 3 | 2 | 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 4 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 13 मई 02.03 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 10.27 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज विवाह से जुड़े मामलों में परिवार में चर्चा हो सकती है। संभव है कि आप परिजनों के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जाएं। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। व्यवसाय में लाभ तो होगा, लेकिन तनाव भी बढ़ सकता है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृष** — आज प्रतिद्वंद्वी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे। वैवाहिक जीवन की परेशानियों का निवारण होगा। आप घर पर आराम करना पसंद करेंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। अधिकारियों से आपको काफी अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

**मिथुन** — आज महंगे उत्पादों की खरीदारी में धन खर्च हो सकता है। गुप्त शत्रुओं से छुटकारा मिल सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता है। व्यापार में आपको पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है।

**कर्क** — आज धन की उधारी करने से बचना चाहिए। परिजनों से आप नाखुश हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले आपको उसकी योजना अच्छी तरह से बना लेनी चाहिए।

**सिंह** — आज का दिन कार्यक्षेत्र के दृष्टिकोण से भाग्यशाली रहेगा। समाज में आपका यश बढ़ेगा। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप अपनी कमियों का मूल्यांकन करेंगे जिससे आपके काम की गुणवत्ता में निखार आएगा।

**कन्या** — आज अटके हुए मामलों को समझदारी पूर्वक सुलझा लेंगे। पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपकी योजना सफल होगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। विदेशों में रह रहे प्रवासियों के लिए दिन शानदार है।

**तुला** — आज अपनी व्यवसायिक नीतियों में बदलाव ला सकते हैं। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी, किंतु किसी पुरानी गलती को लेकर पश्चाताप होगा। आपको बोलते समय शब्दों पर नियंत्रण रखना चाहिए। छात्र पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज अपनी कार्यप्रणाली में कोई बड़ा बदलाव न करें। गर्भवती महिलाओं को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना होगा। शांत होकर परिस्थितियों का अवलोकन करें। असंतुलित खानपान के कारण गैस और पेटदर्द की समस्या हो सकती है।

**धनु** — आज राजनेताओं के जनसंपर्क का दायरा विस्तृत होगा। घर में मेहमानों का आगमन होने की संभावना है। योग और मेडिटेशन को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार देखने को मिलेगा।

**मकर** — आज गलतफहमी को लेकर रिश्तों में अनबन हो सकती है। भावनाओं में बहकर महत्वपूर्ण बातों को सबके सामने शेयर न करें। व्यवसाय में गति सामान्य रहेगी। आपको कारोबार में बड़े बदलाव करने से बचना चाहिये। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है।

**कुंभ** — आज सरकारी जॉब कर रहे लोग छुट्टी के लिए विचार कर सकते हैं। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए किसी महंगे सामान की खरीदारी कर सकते हैं। अपने लक्ष्यों को लेकर एकाग्र रहेंगे, लेकिन आप अपनी उपलब्धियों से सतुष्ट नहीं रहेंगे।

**मीन** — आज युवाओं को अपने करियर की चिंता रहेगी। अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। धार्मिक क्रियाओं में आपका मन लगेगा। पीठ के दर्द से जूझना पड़ सकता है। घर के सदस्यों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

## आज की फिल्में

B4U Movies
होते होते प्यार हो गया — दोपहर : 12.00
देवता — रात : 07.48

&pictures
सर्कस — सुबह : 10.57
कंजूस मक्खीजूस — रात : 08.00

Sony PIX
सीजे 7 — सुबह : 11.09
जस्टिस लीग — रात : 09.00

Zee Cinema
ब्लैंक — सुबह : 09.10
भारत — शाम : 04.25

Colors Cineplex
रुध्रन — दोपहर : 01.11
ओएमजी 2 — शाम : 06.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर शाम : 04.25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है। हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा-मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

लड़के वाले- आपकी लड़की क्या करती है?
लड़की वाले- जी, इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करती है।
लड़के वाले- समझे नहीं।
लड़की वाले- गूगल से शायरियां उठाती है और वाट्सऐप पर चिपकाती है।

शुक्रिया आपका



नई दिल्ली के महरौली में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ रोड शो किया तो लोगों ने फूल बरसाए।

# बूथ के रण से निकलेगा जीत का समीकरण

**कन्नौज लोकसभा सीट**

इरा अवस्थी, कन्नौज



- सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए समर्थन तो दिख रहा, लेकिन भाजपा का वोटर भी लामबंद
- जातीय मतों में सेंधमारी डाल सकती भाजपा-सपा के लिए प्रतिष्ठा बनी सीट के परिणाम पर असर

**अमृत विचार।** भाजपा और सपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बनी कन्नौज लोकसभा सीट पर अंतिम समय में हार-जीत के समीकरण करीबी संघर्ष की तरफ बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव माना जा रहा है कि यहां भाजपा प्रत्याशी सांसद सुब्रत पाठक से पिछले चुनाव में मिली नजदीकी हार का बदला चुकाने उतरे हैं। 2019 के चुनाव में सुब्रत ने सपा अध्यक्ष की पत्नी डिंपल यादव को 12 हजार मतों से हरा दिया था। इस बार भी यहां भाजपा और सपा में सीधी और कांटे की टक्कर नजर आ रही है, कोई मुकाबला भाजपा, तो कोई सपा के पक्ष में जाता बता रहा है, ऐसे में माना जा रहा है कि जातीय समीकरणों के साथ जो बूथ जीतेगा, उसके ही चुनाव जीतने की संभावनाएं बलवती हो जाएंगी।

दो दिन पहले केके इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित प्रत्याशी अखिलेश यादव और कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी की सभा में भीड़ उमड़ी थी, तो प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में झींझक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हुंकार भरी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह तक जोर लगा गए हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश के यहां से चौथी बार चुनाव मैदान में हैं। उनके लिए यह सीट नाक का सवाल है। ऐसे में राष्ट्रीय नेता के रूप में राहुल का कन्नौज आना सपा के लिए फायदेमंद हो सकता है। इस सभा में राहुल गांधी का संविधान को लेकर जनता को उद्वेलित करने का प्रयास, अखिलेश का कन्नौज से पुराना नाता जोड़कर लोगों से सीधे जुड़ने का प्रयास, और कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी व आप सांसद संजय सिंह द्वारा सपा अध्यक्ष के अपमान की बात उठाने की चर्चा गली और चौराहों में गूंज रही है। इस हाल में भले ही समीकरण थोड़े गड़बड़ाते दिख रहे हों, लेकिन भाजपा किसी कीमत पर यह सीट हाथ से निकलने नहीं देना चाहती है। शनिवार को शहर में बड़ी बाइक रैली निकालकर पार्टी ने अपनी ताकत दिखाई।

### भाजपाइयों का भितरघात कर सकता नुकसान

- प्रचार बंद होने के साथ ही भाजपा के छाते के नीचे आक्रोश पनपने की चर्चा जोर पकड़ती सुनाई दी। सांसद व मौजूदा प्रत्याशी द्वारा पिछले पांच साल तक की गई अनदेखी व विकास के प्रति बेरुखी से कुछ निष्ठावान भाजपाइयों की नाराजगी को हवा देने की कोशिश की गई। हालांकि भाजपा नेताओं ने ऐसी खबरों को बकवास बताकर खारिज किया और कहा कि पूरा संगठन एकजुट होकर सुब्रत पाठक की जीत सुनिश्चित करने में लगा है।

### जातीय गणित का जोड़-तोड़

- चुनाव कोई भी हो मुद्दों से बात शुरू होती है और अंत में पूरा दारोमदार जाति और धर्म पर टिक जाता है। इस चुनाव में भी जाति और धर्म का गणित किसी का खेल बनाएगा तो किसी का बिगाड़ने का काम करेगा। समाजवादी पार्टी गठबंधन के बैनर तले चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस के साथ होने तथा संविधान की रक्षा का मुद्दा उठाए जाने से दलित वोटर गोलबंद होता नजर आ रहा है। ठाकुर और पाल बिरादरी के मतों में सेंध लगने की बात कही जा रही है। यादव और मुस्लिम मतदाता पहले ही अखिलेश की जीत के लिए मुखर है। ऐसे में ब्राह्मण और ओबीसी मतदाताओं का बंटवारा परिणाम पर असर डाल सकता है।



### पिछली बार 2019 में सपा-बसपा साथ होकर भी नहीं दिखा पाए थे कोई कमाल

# बुंदेलखंड में भाजपा की हैट्रिक में नहीं गांठ का बंधन

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर वाहनों की तेज रफ्तार वर्षों से उपेक्षित रहे इस इलाके में विकास पहुंचने का अहसास जरूर कराती है, लेकिन लोगों के बुनियादी सवाल अभी भी अनुत्तरित हैं। गरीबी, पानी की समस्या, पलायन और रोजगार के साधन नहीं होने जैसे मुद्दे सालों से समाधान की बाट जोट रहे हैं, इन्हीं मुद्दों के चलते इस इलाके में रह-रहकर उठने वाली अलग बुंदेलखंड प्रदेश की मांग शायद यह पहला चुनाव है, जब कहीं सुनाई नहीं देती। बुंदेलखंड के चार संसदीय क्षेत्रों हमीरपुर-महोबा, बांदा-चित्रकूट, झांसी-ललितपुर और जालौन-गरौठा में 2019 के चुनाव में सपा और बसपा के मजबूत माना जा रहा गठबंधन कोई कमाल नहीं दिखा पाया था। इसके बावजूद इस बार सपा ने कांग्रेस से गठबंधन करके भाजपा की घेराबंदी की है। चारों सीटों पर भाजपा और सपा- कांग्रेस गठबंधन में सीधे नजर आ रहे मुकाबले को बसपा प्रत्याशी त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं।

पिछले चुनाव में बुंदेलखंड की चारों सीटों पर भाजपा ने 2014 का चुनावी इतिहास दोहराते हुए कमल खिलाया था। इस बार पार्टी ने यहां हैट्रिक लगाने के लिए पूरी ताकत लगा रखी है।



भानु प्रताप वर्मा।



नारायण दास अहिरवार।



सुरेश चंद्र गौतम।

### जालौन-गरौठा में केंद्रीय मंत्री की प्रतिष्ठा दांव पर

- जालौन- गरौठा संसदीय सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा की प्रतिष्ठा दांव पर है। 2014 और 2019 के चुनाव में जीत चुके वर्मा को सपा के नारायण दास अहिरवार और बसपा के सुरेश चंद्र गौतम ने घेर रखा है। इन दलों के बनाए हुए चक्रव्यूह से निकलने के लिए एड़ी- चोटी का जोर लगाए हुए हैं। इस बार यदि वर्मा जीतते हैं तो उनकी हैट्रिक तो होगी ही इस सीट पर उनकी छठवीं बार जीत होगी। इसे पहले वे 1996 और 1998 में जीते पर हैट्रिक से चूक गए थे। 1999 में हारने के बाद 2004 में उन्हें फिर जीत मिली लेकिन 2009 का चुनाव उनके लिए बुरी खबर लेकर आया था।

### बांदा-चित्रकूट में अंतरकलह से जूझ रही भाजपा

- बांदा- चित्रकूट संसदीय सीट पर भाजपा के उम्मीदवार वर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल को अपनों की चुनौती से ही दो-चार होना पड़ रहा है। उन्हें अपनी ही पार्टी के पूर्व सांसद भैंरो प्रसाद की नाराजगी का सामना करना पड़ा रहा है। भैंरो न तो प्रचार के लिए निकल रहे हैं और न ही उनके समर्थक उत्साहित दिख रहे हैं। यहां पार्टी में जबरदस्त अंतरकलह दिख रही है। हालांकि आरके सिंह पटेल को पूरी उम्मीद है कि मोदी की गारंटी, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के दम पर वे यहां लगातार दूसरी बार जीतने में कामयाब होंगे और उनकी पार्टी हैट्रिक लगेगी। सपा ने भी यहां कुर्मी जाति की कृष्णा पटेल को मैदान में उतारा है। इससे कुर्मी वोटों का बंटवारा होने का डर भी भाजपा को है। इसमें बसपा के मयंक द्विवेदी अपना फायदा देख रहे हैं। वे मुकाबले को त्रिकोणीय बनाकर मैदान मारने की जुगत में हैं।

### हमीरपुर में रोचक मुकाबला जातीय समीकरण का खेल

- हमीपुर- महोबा संसदीय सीट पर भी मुकाबला इस बार रोमांचक दिख रहा है। कांग्रेस- सपा गठबंधन के उम्मीदवार अजेंद्र राजपूत जहां भाजपा के कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल की हैट्रिक रोकने के लिए लोगों को स्थानीय समस्याओं के समाधान के साथ ही संविधान बचाने के लिए साथ आने की अपील कर रहे हैं तो पुष्पेंद्र सिंह चंदेल यह बताने में जुटे हैं कि पानी की समस्या का समाधान उनकी सरकार ने किया है। मोदी की गारंटी के नाम पर वे वोट मांग रहे हैं। तो बसपा ने ब्राह्मण चेहरे निर्दोष दीक्षित पर दांव लगाया है। यहां चुनाव धीरे-धीरे जातीय आधार पर आधारित होता जा रहा है। सपा को लगता है कि ब्राह्मण वोट जितना बसपा काटेगी उतना ही भाजपा का नुकसान होगा। लोध व अन्य पिछड़ी जातियों के सहारे अजेंद्र राजपूत मैदान मारने की तैयारी कर रहे हैं।

### झांसी में राष्ट्रीय मुद्दों के आगे ठंडी पड़ी जाति-बिरादरी

- झांसी- ललितपुर संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय मुद्दे हाबी नजर आ रहे हैं। यहां जातीय समीकरण पूरी तरह से ठंडा नजर आ रहा है। बसपा ने जहां रवि प्रकाश कुशवाहा को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने वर्तमान सांसद अनुराग शर्मा और कांग्रेस ने पूर्व सांसद प्रदीप आदित्य जैन को। 2014 में यहां पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता उमा भारती जीतीं थीं लेकिन 2019 में पार्टी ने उनके स्थान पर अनुराग शर्मा को मैदान में उतारा था। वे भी जीते। कांग्रेस गठबंधन के सहारे जहां फिर से यहां स्थापित होना चाहती है तो भाजपा को अपनी हैट्रिक की पूरी उम्मीद है। वैसे यह सीट 1989 से 1998 तक हुए चार चुनावों में भाजपा का अभेद्य किला रही, लेकिन 1999, 2004 और 2009 में पार्टी यहां हारी। 2014 से फिर कब्जा है। कांग्रेस स्थानीय मुद्दों को उभारना चाहती है। साथ ही संविधान और आरक्षण बचाओ की बात कर रही है लेकिन भाजपा के लोग सिर्फ मोदी की गारंटी और भ्रष्टाचार के खात्मे पर वोट मांग रहे हैं।

# सुभासपा व भाजपा समर्थकों के बीच दूरी, घोसी में पड़ रही भारी



अरविंद राजभर।



राजीव राय।



बालकृष्ण चौहान।

**घोसी संसदीय सीट**

विनय जायसवाल, मऊ

घोसी संसदीय सीट पर मुकाबला तो सपा के राजीव राय और भाजपा की सहयोगी सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर के बीच है। बसपा के बालकृष्ण चौहान मुकाबले को त्रिकोणीय बनाना तो चाह रहे हैं पर कितना सफल होते हैं अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। बसपा से यह सीट छीनने को सपा और सुभासपा के उम्मीदवार आतुर तो दिख रहे हैं पर मतदाताओं की चुप्पी से ये समझाना कठिन हो गया है कि किसका पलड़ा भारी होगा। यहां सुभासपा और भाजपा भले ही एक साथ आ गए हैं पर धरातल पर दल के साथ दिल का मिलन होता नहीं दिख रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं के दिल भी सुभासपा के लोगों से मिले इसके लिए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत पार्टी के कई बड़े नेता प्रयास कर चुके हैं। अरविंद राजभर पूर्व में हुई बयानबाजी को लेकर माफी भी मांग चुके हैं पर उनका ये दांव कितना सफल होगा यह मतगणना के दिन ही पता चलेगा। फिलहाल सपा की नजर भाजपा के उन पदाधिकारियों पर टिकी है जो सुभासपा से नाराज हैं और सार्वजनिक बयानबाजी तो नहीं कर रहे हैं पर प्रचार से भी परहेज कर रहे हैं।

2014 में इस सीट पर कब्जा करने वाली भाजपा को उम्मीद थी कि वह 2019 में भी जीत दर्ज करेगी पर ऐसा हुआ नहीं। पार्टी के उम्मीदवार को बसपा के अतुल राय ने हरा दिया था। हालांकि इस बार अतुल राय मैदान में नहीं हैं। पार्टी ने उनका टिकट काटकर पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को दिया है। बालकृष्ण चौहान बसपा के परंपरागत वोटों को सहेजने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि भाजपा, बसपा के वोटों में लाभार्थी परक योजनाओं के जरिए सेधमारी पहले ही कर चुकी है। अब सुनिश्चित करने में लगी है कि ये मतदाता सुभासपा के अरविंद राजभर के खाते में जाएं। यहां कांग्रेस- सपा के नेताओं का गठजोड़ धरातल पर दिखने लगा है लेकिन सुभासपा और भाजपा के नेताओं में दूरियां दिख रही हैं। हालांकि भाजपा नेतृत्व लगातार इस दूरी को पाटने की कोशिश कर रहा है। दूरी पटी तो भाजपा 2014 का इतिहास दोहरा सकती है। यह सीट सुभासपा के खाते में जा सकती है।




इसे भी चुनें

ओडिशा के बारगढ़ में रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'वोकल फार लोकल' के तहत गोरक्षा पर पेंटिंग भेंट की गई तो उन्होंने लोगों से गाय की रक्षा का आह्वान किया।

# ध्रुवीकरण भाजपा के लिए कठिनाई भी मलाई भी

**कानपुर लोकसभा सीट**

अभिषेक वर्मा, कानपुर






रमेश अवस्थी।



आलोक मिश्रा।



कुलदीप भदौरिया।

### बसपा नहीं बनाती नजर आ रही त्रिकोण

- इस चुनाव में बसपा तमाम कोशिश के बाद भी त्रिकोण नहीं बना पा रही है। हालांकि पूर्व के चुनावों में भी पार्टी के उम्मीदवार कोई करिश्मा नहीं दिखा पाए थे। इस बार बसपा प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया कांग्रेस- भाजपा के मुकाबले प्रचार भी बहुत सक्रियता नहीं दिखा पाए हैं।

### विधानसभा चुनाव में भाजपा को लगा था झटका

- लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की पांच सीटें हैं। विधानसभा चुनाव में भाजपा को जबरदस्त झटका लगा था। आर्यनगर, कैंट और सीसामऊ सीट सपा के खाते में गई थी जबकि सिर्फ दो सीटें गोविंद नगर और किदवई नगर भाजपा के खाते में गई है।

**अमृत विचार।** कानपुर के चुनावी समर में इस बार चेहरे भले नए हों, लेकिन मुकाबला वही पुराना कांग्रेस और भाजपा के बीच है। पिछले दो चुनाव जीत चुकी भाजपा इस बार हैट्रिक लगाने के लिए पूरा जोर कसे है, तो कांग्रेस वापसी के लिए ताकत लगा रही है। इस सियासी माहौल से मुकाबला धीरे-धीरे कांटे का बनता नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो से बनी हवा को काटने का काम कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव साझा रैली से कर गए हैं। ऐसे में दोनों दलों के समर्थकों के अपने-अपने दावे और गुणा-गणित है, लेकिन मतदाता है कि जैसे अपनी खामोशी बूथ पर ही खोलने के लिए हवा का रुख भांपने में लगा है।

चुनावी अभियान समाप्त होने के साथ अब दोनों प्रत्याशी अपने-अपने ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाने की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। प्रचार के अंतिम दिन भाजपा जहां तीसरी जीत के लिए एड़ी- चोटी का जोर लगाती दिखी तो कांग्रेस उम्मीदवार आलोक मिश्रा पार्टी का वनवास खत्म करने के लिए सपा और आप नेताओं के साथ गली-गली दौड़ते नजर आए। फिलहाल, मतदाता जीत का आशीर्वाद तो सभी को दे रहे हैं पर वे किसके साथ हैं यह समझ में किसी को नहीं आ रहा है। हां घनी आबादी वाले इलाकों में एनआरसी, सीएए और तीन तलाक जैसे मुद्दों पर कांग्रेस के साथ लोग दिखते हैं पर इतना जोड़ देते हैं कि मोदी की गारंटी में भी दम है। भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बनी इस सीट पर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोड शो कर चुके हैं तो गृह मंत्री अमित शाह भी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर एक- एक वोट पाने की गणित समझा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जनसभा कर भाजपा के पक्ष में समीकरण धने का प्रयास किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जीआईसी मैदान में आयोजित जनसभा में आरक्षण और संविधान बचाने के नाम पर कांग्रेस को वोट देने के लिए मतदाताओं को समझा गए।

### ब्राह्मण वोटों पर कांग्रेस की पैनी निगाह

कानपुर संसदीय सीट पर ब्राह्मण मतदाताओं को निर्णायक मना जाता है। यही वजह है कि भाजपा पिछले कई चुनावों से ब्राह्मण चेहरे पर ही दांव लगाती रही है। कांग्रेस को भी यह बात समझ में आई और उसने भी इस बार आलोक मिश्रा के रूप में ब्राह्मण चेहरा समर में उतार दिया। कांग्रेस जहां इस चुनाव को स्थानीय बनाम बाहरी बनाने में लगी हुई है तो फर्रुखाबाद के मूल निवासी रमेश अवस्थी यह बताने में लगे हैं कि वर्षों से उनकी कर्मभूमि कानपुर रहा है। जन्म भले ही फर्रुखाबाद में हुआ पर वे वर्षों से कानपुर में ही रह रहे हैं। दोनों दलों की निगाह ब्राह्मण मतदाताओं पर है। ब्राह्मण समाज के गणमान्य नेताओं को ये दल आगे कर रहे हैं। कांग्रेस- सपा गठबंधन को यह उम्मीद है कि मुस्लिम मतदाता पूरी तरह से उसके साथ होगा। ऐसे में अगर ब्राह्मण मतदाता भी उसके पक्ष में आया तो जीत आसान हो जाएगी। जबकि रमेश अवस्थी को ब्राह्मण मतों के भाजपा के पक्ष में मजबूती से खड़े रहने के साथ ही मोदी की गारंटी पर भी भरोसा है।

**2014** और 2019 में चुनाव जीत चुकी भाजपा इस बार हैट्रिक लगाने की तैयारी में

- कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा सियासी गोटियां फिट कर दे रहे तगड़ी चुनौती



### 1991 में पहली बार खिला था कमल

- कानपुर लोकसभा सीट पर सपा और बसपा को कभी जीत नहीं मिली है। कभी यह सीट वामपंथ का गढ़ हुआ करती थी। जनता पार्टी के मनोहर लाल ने 1977 में यहां से जीत दर्ज की थी, जबकि इसके पहले के चार चुनाव श्रमिक नेता एसएम बनर्जी स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में जीत चुके थे। जब 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने आरिफ मोहम्मद खान को मैदान में उतारा था। वर्तमान में केरल के राज्यपाल हैं। उनकी यहां ससुराल है। 1984 में कांग्रेस ने नरेश चंद्र चतुर्वेदी को मैदान में उतारा था वे भी जीते, लेकिन जब देश में प्रचंड राम लहर थी तब यहां से माकपा की सुभाषिनी अली जीत गई थीं। यहीं से कांग्रेस का वनवास शुरू हो गया था। 1991, 96 और 98 में लगातार तीन बार जगतवीर सिंह द्रोण भाजपा के टिकट पर जीते। हालांकि 1999, 2004 और 2009 में कांग्रेस के श्रीप्रकाश जायसवाल सांसद बने और केंद्र सरकार में मंत्री भी रहे। लेकिन 2014 की मोदी लहर में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कांग्रेस से उसका किला जीत लिया। 2019 में उनका टिकट कटा तो सत्यदेव पचौरी मैदान में आए और उन्होंने भी श्रीप्रकाश जायसवाल को पटखनी दे दी। अब इस चुनाव में भाजपा के रमेश अवस्थी के सामने किला बरकरार रखने की चुनौती है।

# भाजपा में जल्द शामिल हो सकते हैं धनंजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पार्टी के एक बड़े नेता से दिल्ली में हुई मुलाकात



वायरल फोटो

**अमृत विचारः** जौनपुर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी रही श्रीकला का टिकट कटने के बाद उनके पति धनंजय सिंह जल्द ही भाजपा में शामिल हो सकते हैं। शुक्रवार को धनंजय की मुलाकात नई दिल्ली में भाजपा के एक बड़े नेता से हुई है। धनंजय से शनिवार को भगवा स्लोगन लिखे एक पंक्ति में अपनी फोटो सोशल मीडिया में डालकर इशारा किया है। स्लोगन लिखा है कि ,होइहैं वही जो राम रचि राखा,। धनंजय का फोटो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। भाजपा समर्थक इस पोस्ट पर उनका स्वागत भी करते दिखे।

मालूम हो कि धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला जौनपुर से बहुजन समाज पार्टी से प्रत्याशी थीं। पांच दिन पहले उनका टिकट काट दिया गया। इसके बाद पूर्वांचल में इस सीट को लेकर तरह-तरह की कयासबाजी भी हुई। श्रीकला के पति धनंजय सिंह ने टिकट काटने को लेकर बसपा मुखिया मायावती पर नाराजगी भी जाहिर की थी। पांच दिनों तक चले आरोप-प्रत्यारोपों के दौर के बीच शनिवार को अचानक फिर धनंजय सिंह चर्चा में आ गए। कारण था भगवा रंग में लिखी पंक्ति के साथ धनंजय की फोटो सोशल मीडिया में वायरल होना। उधर, सूत्रों के मुताबिक धनंजय सिंह शुक्रवार को भाजपा के एक बड़े नेता से नई दिल्ली में मुलाकात की। भाजपा नेता द्वारा धनंजय सिंह से भाजपा की सदस्यता लेने और साथ ही जौनपुर के भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह की खुलकर मदद करने को भी कहा गया है। धनंजय द्वारा सोशल मीडिया में नए तेवर-कलेवर में आने के निहितार्थ भी निकाले जा रहे हैं। चुनावी विश्लेषकों का मानना है कि इस नए समीकरण के बाद धनंजय अपनी टीम के साथ भाजपा प्रत्याशी की मदद करेंगे। इससे भाजपा की सीट आसान होगी।

# अयोध्या की राजनीति में सपा ने किया नया प्रयोग

▸ लोकसभा की सामान्य सीट पर उतारा अनुसूचित वर्ग का प्रत्याशी

▸ अंतर्धारा में जीत के लिए जातीय गणित साधने की कोशिश

▸ सपा के नए दांव पर मतदाताओं में मंथन, तरह-तरह की चर्चा



राजेंद्र कुमार पांडेय,अयोध्या

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में सपा ने अयोध्या में नया राजनीतिक प्रयोग किया है। सामान्य सीट पर अनुसूचित वर्ग से प्रत्याशी उतारा। इसकी अंतर्धारा में चुनाव की जातीय गणित साधने की कोशिश है। सपा की नई चाल पर मतदाताओं में मंथन के साथ चर्चा शुरू हो गई है। लाभ-हानि का विश्लेषण किया जाने लगा है।

भाजपा के साथ ही सपा के लिए अयोध्या राजनीतिक विकास की धुरी है। समाजवादी पार्टी की स्थापना ही उस समय हुई जब अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन चरम पर था। 4 अक्तूबर 1992 को सपा नई पार्टी के रूप में सामने आई। इसके पहले अयोध्या में कारसेवकों पर 30 अक्टूबर और 2 नवंबर 1990 का गोलीकांड हो चुका था। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव मंदिर आंदोलन के विरोध के अगुवा बन गए थे। सच कहा जाए तो सपा अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन के विरोध की उपज है। जितना आंदोलन तेज हुआ, समाजवादी पार्टी का ग्राफ भी उतनी ही तेजी से बढ़ा। छह दिसंबर 1992 को विवादित ढांचा ढहाए जाने के बाद सीएम कल्याण सिंह के नेतृत्व वाली सरकार गई तो अगले चुनाव में सपा अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव फिर मुख्यमंत्री बने। इसके बाद राजनीति में भाजपा और सपा के बीच चूहे बिल्ली का खेल शुरू हो गया।

सन् 1990 से बदली अयोध्या की सियासत में ऐसा देखने को नहीं मिला। प्रमुख किसी भी राजनीतिक दल ने यह प्रयोग नहीं किया। साल 1996, 1998, 1999, 2004, 2009, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव हुए। सपा ने ही अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग से प्रत्याशी दिए लेकिन लोकसभा चुनाव में अनुसूचित वर्ग से प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा। अयोध्या लोकसभा जैसी सीट से दलित वर्ग से प्रत्याशी उतारने के पीछे जातीय गणित के जरिए चुनावी वैतरणी पार करने का प्रयास है। सपा प्रत्याशी अनुसूचित जाति के पासी बिरादरी से आते हैं। सपा चुनाव में इसे सहेजना चाहती है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि सपा की सोच है कि उसके अपने वोट बैंक में इसके बढ़ने से स्थिति अच्छी हो सकती है। बता दें कि पिछले चुनाव में सप-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में आनंदसेन प्रत्याशी थे। चर्चा आई की इस बिरादरी से उन्हें वोट कम मिले। इस रणनीति के पीछे एक कारण यह भी है। जानकार मानते हैं कि यह तो केवल एक पक्ष है। नए प्रयोग से खतरा भी है। कहते हैं कि मतदाता जागरुक हो गया है। वह राजनीतिक चालों को समझता है। जाति के नाम पर कुछ जुड़ेंगे तो कुछ हट भी सकते हैं। वैसे भी दौर अब जातीय सियासत से आगे बढ़ने की ओर है। मतदाताओं में भी सपा के नए प्रयोग पर मंथन है। चर्चा शुरू हो गई। मतदाता दबी जुबान चर्चा करते हैं कि यह राजनीतिक दलों की अपनी सोच है। अब मतदाता स्वयं अपने हित की सरकार और प्रत्याशी का बेहतर विकल्प स्वयं चुन लेता है।

## राजनीति में उठापटक पसंद नहीं

फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र मिश्रित आबादी वाला क्षेत्र है। यहां हर वर्ग के लोग रहते हैं। साझी विरासत के वाहक है। सभ्य हैं, सुसंस्कृत है। चिंतन करते हैं। राजनीति में उठापटक पसंद नहीं है। राम की नगरी है इसलिए ज्यादातर मर्यादित आचरण करते हैं और दूसरों से ऐसी ही अपेक्षा करते हैं। आंदोलन के पक्ष व विपक्ष से प्रभावित हुए लेकिन अपवाद के रूप में विधानसभा चुनाव या फिर कुछ अवसरों को छोड़ दिया जाए तो जातिवाद के बहुत समर्थक नहीं महसूस किए गए। अच्छे प्रत्याशी चुनने की आदत है।

## 1998 में सपा को मिली थी जीत

सपा के गठन के बाद अब तक पांच लोक सभा चुनाव हो चुके हैं। यह लोकसभा का छठवां चुनाव है। सपा केवल सन 1998 में यह सीट जीत पाई। पूरी ताकत लगाई लेकिन फिर उसकी दाल नहीं गली। यह कसक सपा को है। जीत के लिए इस बार चुनाव मैदान में सपा ने नया प्रयोग किया है। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र सामान्य सीट है, लेकिन सपा ने सामान्य सीट पर अनुसूचित वर्ग से विधायक अवधेश प्रसाद को प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में भेजा है। वह मिल्कीपुर( सुरक्षित) से विधायक हैं। ऐसा करने में कोई रोक नहीं है लेकिन अमूमन ऐसा होता कम है। राजनीति के जानकार कहते हैं कि इसके पीछे लाभ के साथ हानि की भी संभावना होती है।


अवधेश प्रसाद

▸▸ सपा की रणनीति उनके वोट बैंक में हो सकती है बढ़ोतरी

▸▸ मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र से विधायक हैं सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद

## 1996 से अब तक फैजाबाद से सांसद

| वर्ष | सांसद |
|---|---|
| 1996 | विनय कटियार ( भाजपा) |
| 1998 | मित्रसेन यादव ( सपा) |
| 1999 | विनय कटियार ( भाजपा) |
| 2004 | मित्रसेन यादव ( बसपा) |
| 2009 | डॉ. निर्मल खत्री ( कांग्रेस) |
| 2014 | लल्लू सिंह ( भाजपा) |
| 2019 | लल्लू सिंह ( भाजपा) |

## पिछले लोकसभा चुनावों के सपा प्रत्याशी

मित्रसेन यादव , हीरालाल यादव
अशोक सिंह, आनंद सेन यादव

## भाजपा ने तैयार की राजनीतिक धारा

अयोध्या राजनीति की प्रयोगशाला रही है। भाजपा ने आंदोलन से अपनी राजनीतिक धारा तैयार की। फिर अयोध्या के जरिए सोशल इंजीनियरिंग को परवान चढ़ाया। सत्ता शीर्ष तक पहुंची। राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के जरिए इस चुनाव के लिए भी सोशल इंजीनियरिंग का प्रयास किया गया। बसपा ने अविभाजित फैजाबाद (अंबेडकरनगर) में सोशल इंजीनियरिंग पर धार रखी। एक समय जिले की पांचों विधानसभा सीटें जीती। सर्व समाज का नारा देकर प्रदेश के सत्ता शीर्ष तक पहुंच गई। राम मंदिर आंदोलन और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद सपा ने अयोध्या की प्रयोगशाला में एक नया प्रयोग डाल दिया है। इस पर धार रखी जा रही है। इसका परिणाम चार जून को आने के बाद फैसले की तस्वीर साफ होगी।

## इलेक्शन बायस्कोप



लखनऊ के डालीगंज स्थित प्राचीन मनकॉमेश्वर मंदिर में लोकसभा चुनाव में लखनऊ सीट के भाजपा प्रत्याशी व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को 5 लाख से ज्यादा मतों से जीत दिलाने के लिए शनिवार को महंत देव्यागिरी द्वारा हवन किया गया। -अमृत विचार

## जनता को मिल रहा है डबल इंजन की सरकार का लाभ : स्मृति ईरानी

**अमेठी :** भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को सवनगी में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान स्मृति इरानी ने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि भादर विकास खंड में 34,000 गरीब परिवारों के पक्के मकान बने हैं। हर परिवार में महिलाओं को स्वच्छ शौचालय और उज्जवला गैस कनेक्शन मिले हैं। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर दिए हैं। महिलाएं कम्प्यूटर चलाने के साथ बिजली के बिल भी जमा कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्रामीण अंचल की महिलाओं को रोजगार देकर लखपती दीदी बना रहे हैं। स्मृति ने कहा डबल इंजन की भाजपा सरकार में अमेठी का विकास तेजी से हुआ। अमेठी की जनता को भाजपा की सरकार ने मेडिकल कॉलेज दिया है। लंबे अंतराल के बाद भाजपा ने अमेठी को सैनिक स्कूल देने का काम किया।गांधी परिवार का कोई भी सदस्य अमेठी से चुनाव नहीं लड़ रहा है, यह अपने आप में एक संकेत है कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही अमेठी से अपनी हार स्वीकार कर ली है। इस लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा, भाजपा सभी 80 सीटें जीत रही है। जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ पांडेय और उनके सहयोगियों ने बड़ी माला से स्मृति का स्वागत किया। सभा को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, भाजपा काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष काशी तिवारी , मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

# हाथी के कदम तय करेंगे भाजपा और सपा का दम

▸ प्रतापगढ़ और कौशांबी लोकसभा सीट पर मुकाबले को रोचक बना रहे हैं बसपा के प्रत्याशी

▸▸ युवा प्रत्याशी दोनों सीटों पर अन्य प्रत्याशियों को दे रहे कड़ी टक्कर

▸▸ लोकसभा सीटों पर पांचवें और छठे चरण में क्रमशः 20 और 25 मई को होना है मतदान

रवि प्रकाश सिंह, प्रतापगढ़

**अमृत विचारः** कौशांबी और प्रतापगढ़ दो लोकसभा सीटों पर पांचवें और छठे चरण में क्रमशः 20 और 25 मई को मतदान होना है। चुनावी अखाड़ा पूरी तरह सजा हुआ है। इसमें दांव आजमाने वाले पहलवानों पर जनता भी बारीकी से निगाह गड़ाए हुए है।

कौशांबी और प्रतापगढ़ में दो प्रमुख पार्टियों से दो युवा प्रत्याशी मुकाबले को रोचक बना दिये हैं। दोनों चेहरे भले ही राजनीति में नए हैं, लेकिन पार्टी के परंपरागत वोट और युवा वर्ग के समर्थन से चुनाव को दिलचस्प बना दिये हैं। कौशांबी और प्रतापगढ़ क्षेत्र की दोनों संसदीय सीटों पर बसपा ने एक सीट से युवा ब्राम्हण चेहरा और आरक्षित सीट पर राजनीति के नए चेहरे सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी को उम्मीदवार उतारकर चुनाव में रोचक बना दिया है। राजनीतिक पण्डित यही गुणा गणित करने में लगे हैं कि यही हाल रहा तो हाथी के कदम से ही प्रतापगढ़ और कौशांबी में सपा और भाजपा का दम तय होगा।

## प्रतापगढ़ संसदीय सीट पर भाजपा ने दूसरी बार संगम पर जताया भरोसा


प्रतापगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता लोकसभा चुनाव में दूसरी बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वह 2019 के चुनाव में वह पहली बार सांसद बने थे। 2017 में पहली बार सदर विधानसभा से विधायक चुने गए। 52 वर्षीय संगम कक्षा आठ पास हैं, समाज में स्वयं की बेहतर पकड़ बताते हैं। सपा के पूर्व एमएलसी और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी डा. एसपी सिंह पटेल पहली बार लोकसभा के चुनाव मैदान में हैं। वनस्पति विज्ञान से एमएससी सपा प्रत्याशी डा .एसपी सिंह पटेल प्रतापगढ़ में वोटों के गुणा गणित में स्वयं को बेहतर बता रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे 33 वर्षीय प्रथमेश मिश्र सेनानी लखनऊ विश्वविद्यालय से बीए व डा. राम मनोहर लोहिया अवध विवि से एलएलबी करने के बाद से सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर रहे हैं। प्रथमेश पहली बार चुनाव मैदान में हैं लेकिन उन्होंने बचपन से घर में चुनाव का माहौल देखा है। राजनीति उनकी नसों में है। मौजूदा समय में प्रथमेश के पिता शिव कुमार मिश्र सेनानी और मां सिंधुजा मिश्र सेनानी भाजपा के सक्रिय सदस्य हैं। फिलहाल उनकी नजर बसपा के कहे जाने वाले वोटों के साथ ब्राह्मण वोट बैंक पर भी बनी हुई है।


संगम लाल गुप्ता


डॉ. एसपी सिंह पटेल



प्रथमेश मिश्र

### प्रतापगढ़ लोकसभा मतदाता




## कौशांबी लोकसभा सीट पर लड़ाई हुई दिलचस्प


कौशांबी ( अनुसूचित जाति) संसदीय सीट पर लड़ाई दिलचस्प दिखाई दे रही है। कैराना की इकरा हसन के बाद कौशांबी के पुष्पेंद्र सरोज दूसरे सपा उम्मीदवार है, जो सीधे लंदन से उत्तर प्रदेश की सियासी रणभूमि में उतरे हैं। लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी से स्नातक पुष्पेंद्र का राजनीति से कोई सरोकार तो नहीं लेकिन पांच बार के विधायक और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री पिता इंद्रजीत सरोज से सियासी ककहरा सीखा है। अकाउंटिंग एंड मैनेजमेंट में बीएससी करने के लिए लंदन जाने से पहले देहरादून के वेल्हम बॉयज स्कूल में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की थी। मिलनसार और लोगों के बीच हर परिस्थिति में अपने को संयोजित कर लेते हैं। जातीय समीकरण, उच्च शिक्षा और युवा के दम पर प्रतिस्पर्धी को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने दो बार से लगातार सांसद रहे विनोद सोनकर पर तीसरी बार भी भरोसा जताया है। इससे पहले विनोद सोनकर वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा के चुनाव में लगातार दो बार जीतकर देश की सबसे बड़ी पंचायत पहुंचे थे। बसपा प्रत्याशी शुभ नारायण गौतम चुनावी मैदान में पहली बार जरूर उतरे है, लेकिन राजनीति से इनका पुराना नाता रहा है। मूलरूप से यह देवरिया के रहने वाले गौतम छात्र राजनीति की उपज हैं। वर्तमान में प्रयागराज के गोविंदपुर में रहते हैं। यह पुलिस विभाग में क्षेत्राधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए है। भाजपा तीसरी बार इस सीट पर नजर गड़ाए है तो सपा गठबंधन पिछली हार का हिसाब बराबर करने की जुगत में दिखाई दे रही है। सपा और बसपा के सामने अपनों को जोड़कर साथ चलने की सबसे बड़ी चुनौती है।


विनोद सोनकर


पुष्पेन्द्र सरोज


शुभ नारायण गौतम

### कौशांबी लोकसभा मतदाता




## चुनावी चक्कर

**13 रुपए किलो चीनी की दुकान कहां है :**
अमेठी की सांसद ने यहां की जनता को 13 रुपए किलो चीनी देने के वादे किए थे वही मै ढूंढ रहा हूं, अमेठी में 13 रुपए किलो चीनी की दुकान कहां है। यह बात कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने शनिवार को अमेठी विधानसभा क्षेत्र के ठेंगहा गांव में आयोजित जनसभा में कहीं। शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी व मौजूदा सांसद स्मृति ईरानी पर निशाना साधते हुए कहा कि विरोधी लोग कहते हैं कि अमेठी में इन पैंतालीस सालों में क्या विकास हुआ? कहा कि उनका होमवर्क बहुत कमजोर है। अमेठी के लोगों में ये कहावत थी कि अगर न होता अमेठी में ऊसर तो राजा होते दऊ के दूसर । संजय गांधी के बाद राजीव गांधी ने जब कमान संभाली तो इस बात को समझकर अमेठी में नहरों का जाल बिछाया और सड़के बनवाई। 300 से अधिक फैक्ट्रियां स्थापित की। ऊसर सुधार के लिए भी कांग्रेस ने बहुत काम किया। पहले गरीबों के लिए इंदिरा आवास योजना के तहत उन्हें आवास मिलता था अब वही नाम बदलकर प्रधानमंत्री आवास देकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। कहा कि अमेठी से गांधी परिवार के सम्मान का रिश्ता है,अमेठी की जनता इस बार ज़बाब देगी। भाजपा की अलगाववाद की राजनीति को जनता भलिभांति से जान चुकी है। भाजपा के नेता अपनी होती हुई हार को देखकर पूरी तरह से हताश हैं, ऐसे में उनके वरिष्ठ नेता भी अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं पर गलत आरोप लगा ईडी-सीबीआई का प्रयोग कर जेल भेजने पर तुली हुई है। इंडी गठबंधन की सरकार बनते ही सब खत्म हो जाएगा।

# दर्द और दरिया के बीच इस बार भी करेंगे मतदान

▸ **300** से अधिक मतदाता हैं सीतापुर लोकसभा क्षेत्र के गांव अंदपुर में

▸ साल भर पानी से घिरा रहता है असईपुर ग्राम सभा का गांव

▸ गांव में अभी भी हैं नाम मात्र की सुविधाएं, ग्रामीण परेशान


नाव पर सवार हो नदी पार करते अंदपुर गांव के निवासी। अमृत विचार

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की राजधानी से सटे जनपद सीतापुर से करीब 90 किमी की दूर बिसवां तहसील और रेउसा ब्लॉक में स्थित घाघरा और शारदा नदी के से घिरे गांव अंदपुर के मतदाता इस बार भी 13 मई को नांव के सहारे मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करेंगे।

अंदपुर गांव असईपुर ग्राम सभा का मजरा है। 900 से अधिक आबादी वाले गांव के धनीराम, चन्द्रभाल, राजाराम बताते हैं कि बाढ़ आने पर गांव के लोगों की समस्या बढ़कर दोगुनी हो जाती है। गांव में आने- जाने के लिए पहले नाव का सहारा लेना पड़ता है, और अगर मतदान करना हो तो तीन किलोमीटर पैदल भी चलना पड़ता है।

## प्राथमिक विद्यालय तो है लेकिन बंद रहता है

शारदा और घाघरा नदियों से घिरे गांव में प्राथमिक विद्यालय तो है, लेकिन अक्सर बंद रहता है। ये दावा ग्रामीणों का है। गांव के रवि, श्याम, सोनू बताते हैं कि उनकी पढ़ाई कक्षा पांच के बाद बंद हो गई। क्योंकि आगे की पढ़ाई को पूरा करने के लिए नदी पार करनी पड़ती, ऐसे में समस्याओं के चलते दूसरे गांव नहीं जा सके।


प्राथमिक विद्यालय का जर्जर कक्ष। अमृत विचार

## आठ माह तक विद्युत आपूर्ति रहती है बाधित

शासन की ओर से गांव में बिजली की व्यवस्था तो कराई गई है, लेकिन साल में करीब आठ माह गांव वालों को बिना बिजली के ही रहना पड़ता। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद वाजपेई बताते हैं कि विद्युत आपूर्ति लखीमपुर जनपद से आई है, लेकिन साल भर में बड़ी मुश्किल से चार महीने ही बिजली आती है। अधिकारियों से बात की जाए तो वे कहते हैं तार के सहारे जमीन में करंट न उतर आए, इसलिए विद्युत आपूर्ति बाधित की जाती है।

## 900 के करीब है आबादी

गांव की आबादी करीब 900 से अधिक है। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मतदाता की बात करें तो यहां पर करीब 300 से अधिक मतदाता हैं। अपनी समस्याओं को लेकर इस गांव के लोग जल सत्याग्रह भी कर चुके हैं बावजूद हालात जस के तस हैं। गांव के धर्मपाल, कल्लू, सुखई और मनीजर का कहना है कि हर बार की तरह इस बार भी वह सब नाव के सहारे दरिया को पार कर अपना पसंदीदा प्रत्याशी चुनने के लिए मतदान करेंगे।

## अपनी ढपली अपना राग


विरोधी की गाड़ी में रुपया दिखे तो लपककर छीन लो, मैं भी आ जाऊंगा, गाड़ी में 10 लाख रुपया हैं, थानाध्यक्ष को एक लाख रुपए देना, 9 लाख रुपए अपने पास रख लो और मौज करो। – ओमप्रकाश राजभर


मणिशंकर अय्यर हो या कांग्रेस के सभी नेता, ये रहते भारत में हैं और गीत पाकिस्तान के गाते हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि रिश्ते में हम पाकिस्तान के बाप लगते हैं। –आचार्य प्रमोद कृष्णम


राहुल गांधी को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। जनता से कह रहे हैं है कि डरो मत,वह खुद अमेठी से डरकर वायनाड और फिर रायबरेली भाग गए हैं। –अनुपम मिश्र


तीसरे चरण के मतदान तक हताश हो चुके विपक्ष के नेता अब भगवान राम पर टिप्पणी करने लगे हैं। कोई कहता है कि राम मंदिर बेकार है तो कोई कहता है कि राम मंदिर से जनता को क्या लाभ है। –राघवेंद्र द्विवेदी


# भाजपा से लड़ाई में आप-कांग्रेस के सामने वोटों की लंबी चढ़ाई


## दोहराना होगा 2014 वाला प्रदर्शन : मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद माहौल बदलने पर टिकी गठबंधन की उम्मीद

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** देश की राजधानी दिल्ली में सभी सात लोकसभा सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरी भाजपा के लिए इस बार परिस्थितियां पहले जैसी नहीं हैं। इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस-आप मिलकर सभी सीटों पर तगड़ी चुनौती देते नजर आ रहे हैं। इस माहौल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अंतरिम जमानत पर बाहर आने से आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश हाई हो गया है। पिछले दो चुनावों में भाजपा, कांग्रेस और आप के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने से भाजपा की जीत की राह आसान रहती थी लेकिन इस बार आमने-सामने का संघर्ष होने से भाजपा के सामने जीत के लिए पिछले चुनाव की तरह 50 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त करने की चुनौती है। भाजपा ने 2019 के चुनाव में 56.86 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। पार्टी को हर लोकसभा सीट पर 52 प्रतिशत से ज्यादा मत मिले थे। इसके मुकाबले कांग्रेस को 22.51 तथा आम आदमी पार्टी को 18.11 प्रतिशत मिले थे। किसी भी सीट पर आप व कांग्रेस के मतों का जोड़ 45 प्रतिशत का आंकड़ा नहीं छू पाया था। इस तस्वीर से साफ है कि भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए कांग्रेस-आप गठबंधन को कम से कम 10-12 प्रतिशत मत बढ़ाने होंगे। हालांकि कांग्रेस-आप गठबंधन को इस कोशिश में 2014 लोकसभा चुनाव के परिणाम हौसला बढ़ाने वाले हैं। 2014 में सभी सातों सीटों पर जीत दर्ज करने के बाद भी भाजपा का मत प्रतिशत किसी भी सीट पर 50 प्रतिशत नहीं पहुंच सका था। भाजपा को कुल मिलाकर 46.60 प्रतिशत मत ही मिले थे, जबकि कांग्रेस और आप के वोट शेयर का जोड़ 48 प्रतिशत था। पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट को छोड़कर किसी भी सीट पर भाजपा को आप और कांग्रेस को मिले कुल मतों से ज्यादा वोट नहीं मिले थे। 2014 में आम आदमी पार्टी को 32.90 प्रतिशत तो कांग्रेस को 15.10 प्रतिशत मिले थे।






**07** सीटों पर भाजपा तीसरी बार जीत दर्ज करने की कोशिश में

**04** सीटों पर आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ रही है

**03** सीटों पर कांग्रेस ने उतारे हैं अपने उम्मीदवार

**10-12 %** प्रतिशत मत बढ़ाने होंगे कांग्रेस-आप गठबंधन को भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए

### किस लोकसभा सीट पर कितने मतदाता

| लोकसभा क्षेत्र | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | थर्ड जेंडर | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| चांदनी चौक | 8,83,760 | 7,62,030 | 168 | 16,45,958 |
| उत्तर पूर्वी दिल्ली | 13,26,040 | 11,36,970 | 149 | 24,63,159 |
| पूर्वी दिल्ली | 11,51,211 | 9,69,269 | 104 | 21,20,584 |
| नई दिल्ली | 8,30,190 | 6,94,803 | 78 | 15,25,071 |
| उत्तर पश्चिम दिल्ली | 13,83,711 | 11,83,450 | 262 | 25,67,423 |
| पश्चिम दिल्ली | 13,70,398 | 12,17,448 | 131 | 25,87,977 |
| दक्षिण दिल्ली | 12,67,484 | 10,23,944 | 336 | 22,91,764 |

### कहां कौन मुकाबले में

| सीट | भाजपा | इंडिया गठबंधन (कांग्रेस और आप) |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | बांसुरी स्वराज | सोमनाथ भारती (आप) |
| चांदनी चौक | प्रवीण खंडेलवाल | जेपी अग्रवाल (कांग्रेस) |
| पूर्वी दिल्ली | हर्ष मल्होत्रा | कुलदीप कुमार (आप) |
| उत्तर-पूर्वी दिल्ली | मनोज तिवारी | कन्हैया कुमार (कांग्रेस) |
| उत्तर-पश्चिमी दिल्ली | योगेंद्र चंदोलिया | उदित राज (कांग्रेस) |
| पश्चिमी दिल्ली | कमलजीत सहरावत | महाबल मिश्रा (आप) |
| दक्षिणी दिल्ली | रामवीर सिंह बिधूड़ी | सहीराम पहलवान (आप) |

### चुनाव लड़ने का खूब रिवाज

| लोकसभा क्षेत्र | 2024 में प्रत्याशी | 2019 में प्रत्याशी |
|---|---|---|
| चांदनी चौक | 25 | 26 |
| उत्तर पूर्वी | 28 | 24 |
| पूर्वी दिल्ली | 20 | 26 |
| नई दिल्ली | 17 | 27 |
| उत्तर पश्चिमी | 26 | 11 |
| पश्चिमी दिल्ली | 24 | 23 |
| दक्षिण दिल्ली | 22 | 27 |



**07** सीटों पर दिल्ली में 162 उम्मीदवार, हर बूथ पर लगेंगी दो-दो ईवीएम

**02** बार भाजपा कर चुकी है दिल्ली में क्लीन स्वीप अब हैट्रिक को तैयार

## उत्तर पूर्वी सीट: पूर्वांचल व बिहार के चर्चित चेहरे मनोज तिवारी व कन्हैया कुमार में जंग

उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर इस बार पूर्वांचल और बिहार से आने वाले दो चर्चित चेहरों के बीच रोचक मुकाबला हो रहा है। यहां से भाजपा सांसद भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी हैं। भाजपा ने उन्हें तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है, बाकी दिल्ली की छह सीटों पर प्रत्याशी बदल दिए हैं। कांग्रेस से उनके सामने जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार ताल ठोंक रहे हैं। कन्हैया कुमार ढाई साल पहले माकपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 2019 में कन्हैया ने बिहार की बेगूसराय सीट पर भाजपा के गिरिराज सिंह के सामने चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे। कन्हैया कुमार राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उनके साथ चले थे। मनोज तिवारी और कन्हैया कुमार दोनों ही नेता अपने दलों की स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं। कन्हैया कुमार को तमाम स्थानीय नेताओं की नाराजगी के बाद भी राहुल गांधी की पसंद के कारण टिकट मिला है। यही नहीं पार्टी ने उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान के नेता सचिन पायलट को जिम्मेदारी भी दी है। कन्हैया कुमार के साथ युवाओं का एक वर्ग प्रचार में उत्साह से शामिल रहता है। उनके भाषणों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निशाने पर रहते हैं, तो मोदी ने भी उनकी उम्मीदवारी पर कह दिया था कि कांग्रेस पार्टी टुकड़े-टुकड़े गैंग का सुल्तान बनी हुई है। उधर, मनोज तिवारी पूर्वांचल का अपना गढ़ संभालने के साथ बीते दस साल के काम, राम मंदिर और मोदी की गारंटी पर वोट मांग रहे हैं। 2009 में हुए पहले चुनाव में उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर कांग्रेस को जीत मिली थी। कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश अग्रवाल ने भाजपा के बीएल शर्मा प्रेम को 2.22 लाख वोटों से हरा दिया था। 2014 के चुनाव में भाजपा ने मनोज तिवारी को यहां से उम्मीदवार बनाया था। मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी के आनंद कुमार को 1,44,084 वोटों से पराजित कर दिया था। 2019 के चुनाव में मनोज तिवारी और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बीच मुकाबला हुआ था। इसमें शीला दीक्षित को 3,66,102 के बड़े अंतर से हार मिली थी।

### पिछली बार इस सीट पर आप को सबसे कम सिर्फ 13 फीसदी वोट मिले थे

2019 में उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर मनोज तिवारी को 54 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस और आप को मिलाकर 32 फीसदी वोट मिले थे। इस बार दोनों पार्टियां साथ लड़ रही हैं। कन्हैया कुमार के लिए सबसे बड़ी चुनौती वोट प्रतिशत का बड़ा अंतर पाटना है। पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तर पूर्वी दिल्ली की सीट पर आप को सबसे कम 13 प्रतिशत वोट ही मिले थे। हालांकि 2014 के चुनाव में आप और कांग्रेस का वोट प्रतिशत करीब 51 प्रतिशत था, जबकि मनोज तिवारी को 45.25 प्रतिशत मत ही मिले थे।


कन्हैया कुमार तथा मनोज तिवारी।

## उत्तर पश्चिम सीट: सांसदों से निराश यहां की जनता, तलाश रही विकास का रास्ता

उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। भाजपा ने यहां के अपने सासंद हंसराज हंस का टिकट काटकर दलित चेहरे करोलबाग के रैगरपुरा निवासी योगेंद्र चंदोलिया पर दांव लगाया है। कांग्रेस से यहां दलित नेता उदित राज मैदान में उतरे हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में शहरी इलाके के साथ कच्ची कालोनियां और ग्रामीण क्षेत्र जुड़ा है। यहां करीब 125 गांव और 200 से अधिक अनाधिकृत कालोनियां हैं, जो बेहतर बुनियादी सुविधाओं और मेट्रो कनेक्टिविटी की राह देख रही हैं। इस सीट से 2019 में भाजपा के हंसराज हंस जीते थे तो कांग्रेस प्रत्याशी उदित राज भी 2014 में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। साल 2009 में कांग्रेस की कृष्णा तीरथ ने इस सीट से जीत हासिल की थी। यह संसदीय क्षेत्र दिल्ली के सबसे घनी आबादी वाले इलाकों में गिना जाता है। कांग्रेस प्रत्याशी उदित राज का पार्टी में ही काफी विरोध हुआ था। बाहरी होने के सवाल पर वह कहते हैं कि मैं 1980 से दिल्ली में हूं। जेएनयू में पढ़ाई की है। यहीं मेरी पोस्टिंग हुई। 2014 में सांसद बना। इसी इलाके में मेरी जमीन भी है, तो मैं बाहरी कैसे हो गया। ऐसे तो आधी से ज्यादा दिल्ली बाहरी हो जाएगी। वह लोगों से बता रहे हैं कि अपने सांसद कार्यकाल में उन्हें दो साल श्रेष्ठ सांसद चुना गया था। वह जनता दरबार लगाकर सबका काम करवाने की कोशिश करते थे। वह अपने बाद बने सांसद बने हंसराज हंस को निशाना बनाते हुए कहते हैं कि अगर मेरा काम अच्छा लगे तो ही मुझे वोट देना। इसके जबाव में भाजपा प्रत्याशी चंदोलिया का कहना है कि उदित राज ने पांच साल के कार्यकाल में कोई काम नहीं किया, सिर्फ जातिवाद की राजनीति की। इस कारण लोग उनसे नाराज हैं। हंसराज हंस सेलेब्रिटी थे, इलाकों में थोड़ा कम गए मगर मोदी सरकार ने क्षेत्र में 2200 करोड़ का एनआईटी बनाया। विकास कार्यों की झड़ी लगा दी। 50 बेड का होम्योपैथिक अस्पताल दिया। मैं लोगों से साफ कह रहा हूं कि अगर मैं सांसद बनता हूं तो आपको नई दिल्ली नहीं आना पड़ेगा, मैं क्षेत्र में रहूंगा। मैं इस सीट पर अपना वोट ट्रांसफर कर लिया है, किराए पर फ्लैट ले लिया है। 24 घंटे मेरा दफ्तर खुला रहेगा। आम आदमी की वादाखिलाफी से लोग गुस्से में हैं। यहां टैंकर माफिया का राज है। पानी की बड़ी समस्या है। राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड के लिए लोग परेशान हैं।



योगेंद्र चंदोलिया, उदित राज।

## जेल, जमानत और जनतंत्र से जीत पाएंगे जनता के जज्बात

### दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रचार से कितनी बदलेगी चुनावी तस्वीर

राजपुरुष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अक्सर यह आरोप लगाया जाता रहा है कि वह मीडिया में हेड लाइन मैनेजमेंट करने में महारथ रखते हैं, तो इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी कम नहीं है, मीडिया में हाईप पाना और चर्चा में बने रहना उन्हें खूब आता है। अंतरिम जमानत पर बाहर आते ही उन्होंने अपनी इस सियासी कला का नमूना पेश भी कर दिया। दिल्ली में तमाम लोगों ने इसे लेकर कहा कि 'अब रायता फैल गया है'। केजरीवाल का चुनावी प्रचार दिल्ली में जनता के जज्बात पर कितना असर डालेगा और आप-कांग्रेस की जीत की संभावनाओं को कितना बल प्रदान करेगा, यह तो समय बताएगा, लेकिन इतना तय है कि आप कार्यकर्ताओं को बूस्टर डोज वाला टॉनिक जरूर मिल गया है। वर्ना अभी तक केजरीवाल की पत्नी सुनीता जहां सहानुभूति की चादर ओढ़े रोड शो कर रही थीं, वहीं पार्टी के नेता 'जेल का जवाब वोट से' अभियान छेड़े हुए थे। जाहिर है, केजरीवाल के बाहर आने के बाद अब गठबंधन नए सिरे से चुनावी रणनीति बनाने में जुट गया है, जिसका असर अगले दो-तीन दिन में जमीन पर नजर भी आने लगेगा। लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या केजरीवाल 25 मई को होने वाले मतदान से पहले उतने मत प्रतिशतों का इंतजाम कर पाएंगे, जितने दिल्ली में भाजपा को हराने के लिए जरूरी हैं। फिलहाल, केजरीवाल के प्रचार से इंडिया गठबंधन को कुछ फायदा होने की उम्मीद भले लगाई जा रही हो, लेकिन इससे कांग्रेस को पंजाब में नुकसान भी संभावित है, जहां आप और कांग्रेस दोनों अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं।



## पश्चिमी सीट: अनुभव और नए चेहरे के बीच नजर आ रही है कड़ी टक्कर

पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा नेता प्रवेश वर्मा 2014 में 2.68 लाख और 2019 में 5.78 लाख वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे। इसके बावजूद भाजपा ने उनकी जगह पूर्व मेयर कमलजीत सेहरावत को मैदान में उतारा है। आम आदमी पार्टी ने यहां पूर्व सांसद महाबल मिश्रा पर दांव लगाया है। लोकसभा क्षेत्र में शहरी आबादी के साथ झुग्गी बस्तियां भी हैं। महाबल मिश्रा चुनाव प्रचार में भाजपा प्रत्याशी को यह कहकर घेर रहे हैं कि मैं पूर्व सैनिक हूं, पार्षद और तीन बार विधायक तथा एक बार सांसद चुना गया हूं। क्षेत्र में पहले भी काम किया है। इसके मुकाबले भाजपा की प्रत्याशी सहरावत मोदी की गांरटी का जिक्र करते हुए गांवों और अनाधिकृत कालोनियों में पार्क, ओपन जिम, सामुदायिक हॉल बनवाने के साथ बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा कर रही हैं। महाबल इस क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर 2009 में सांसद चुने गए थे। वह पूर्वांचल समाज पर पकड़ रखते हैं। दिल्ली के सीएम केजरीवाल के जमानत पर रिहा होने से पहले तक 'जेल का जवाब वोट से' अभियान चला रहे थे। वह अपनी जीत का आधार क्षेत्र में आने वाली सभी 10 विधानसभा सीटों पर आप पार्टी का कब्जा और जीत का अंतर 2.5 लाख होना बताते हैं। उधर, भाजपा को नया चेहरा होने के बावजूद संगठन पर भरोसा है। प्रवेश वर्मा की ही तरह कमलजीत भी जाट समुदाय से हैं। वह 2017 में पहली बार पार्षद बनीं और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की मेयर रही हैं। वर्तमान में भी पार्षद हैं।

## नई दिल्ली सीट: सुषमा स्वराज के संस्कारों की बांसुरी के सामने तीन बार के विधायक सोमनाथ भारती

नई दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा ने अपनी दो बार की सांसद मीनाक्षी लेखी के स्थान पर दिवंगत वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को चुनाव मैदान में उतारा है। बांसुरी के सामने मुकाबले में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और तीन बार के विधायक वकील सोमनाथ भारती हैं। अपनी पहली चुनावी लड़ाई के लिए प्रचार कर रही बांसुरी हर भाषण में अपनी मां का जिक्र जरूर करती हैं। वह अपनी सौम्य मुस्कान के साथ मतदाताओं के साथ रिश्ता बनाते समय कहती हैं, मैं सुषमा स्वराज के संस्कारों का प्रतीक हूं, मैं कभी आपको निराश नहीं करूंगी। उधर, सोमनाथ भारती सांसद मीनाक्षी लेखी पर क्षेत्र की अनदेखी करने के साथ केंद्र की भाजपा सरकार को निशाना बना रहा हैं। 2019 के चुनावों में मीनाक्षी लेखी ने लगभग 55% (5.04 लाख) वोट हासिल किए थे। उन्होंने कांग्रेस के अजय माकन और आप के बृजेश गोयल को हराया था। अजय को 2.47 लाख और बृजेश को 1.50 लाख वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में मीनाक्षी लेखी ने लगभग 47% (4.53 लाख) वोट पाए थे। उन्होंने कांग्रेस के अजय माकन और आप के आशीष खेतान को हराया था। अजय को 1.82 लाख और आशीष को 2.90 लाख वोट मिले थे, जो कि मीनाक्षी लेखी को मिले मतों से अधिक थे। यहां भी सोमनाथ भारती को जीत के लिए 2014 जैसे वोट शेयर की तलाश है।


बांसुरी स्वराज, सोमनाथ भारती।

### पहले आडवाणी फिर शत्रुघ्न सिन्हा से किया था राजेश खन्ना ने मुकाबला

- नई दिल्ली सीट से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी भी 1777 और 1980 में सांसद चुने गए थे। 1991 से 96 के बीच इस सीट पर दो बार चुनाव हुए। भाजपा से लाल कृष्ण आडवाणी के सामने कांग्रेस ने सिने स्टार राजेश खन्ना को उतारा। कड़े मुकाबले में राजेश खन्ना 1589 वोटों से हार गए थे। लेकिन आडवाणी ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था। उन्होंने नई दिल्ली लोकसभा सीट छोड़ दी, इस पर 1992 में उप चुनाव हुआ तो भाजपा ने राजेश खन्ना के सामने शत्रुघ्न सिन्हा को उतार दिया। एक बार फिर बड़ा रोचक मुकाबला हुआ, लेकिन राजेश खन्ना ने जीत हासिल की।

## दक्षिण सीट: दो विधायकों के संघर्ष में जाति-बिरादरी का समर्थन पाने के लिए जोर आजमाइश

दक्षिण दिल्ली लोककसभा सीट पर भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद रमेश बिधूड़ी को बदलकर इस बार रामवीर सिंह बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। रामवीर सिंह बिधूड़ी बदरपुर से विधान सभा क्षेत्र से विधायक हैं और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। वहीं उनके मुकाबले आम आदमी पार्टी ने तुगलकाबाद से दो बार के अपने विधायक गुर्जर नेता सहीराम पहलवान पर दांव लगाया है। सहीराम इससे पहले बसपा में रह चुके हैं और दो बार पार्षद भी चुने गए थे। सहीराम दक्षिण दिल्ली नगर निगम के उप महापौर भी थे। इस बार लोकसभा क्षेत्र में मुकाबला बराबरी का माना जा रहा है। 2019 लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा के रमेश बिधूड़ी ने अपनी जीत कायम रखी थी। उन्होंने आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा को 3,67,043 वोटों के अंतर से हराया था। रमेश बिधूड़ी को 6,87,014 मत मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के कर्नल देविंदर सेहरावत को शिकस्त दी थी। इस चुनाव में रमेश बिधूड़ी को 497980 और कर्नल देविंदर सेहरावत को 390980 वोट मिले थे। कांग्रेस के रमेश कुमार 125213 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

## चांदनी चौक : कांग्रेस के सामने यहां भगवा प्रचार से निपटने की चुनौती

चांदनी चौक लोकसभा सीट पर भाजपा-कांग्रेस ने वैश्य समाज के प्रत्याशी उतारकर व्यापारी वर्ग को साधने की कोशिश की है। यहां कांग्रेस के पुराने नेता जेपी अग्रवाल का सामना भाजपा के व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल से है। भाजपा ने दो बार से जीत रहे सांसद डॉ. हर्षवर्धन की जगह खंडेलवाल को मौका दिया है, जबकि कांग्रेस ने 2019 में चुनाव हारने वाले अग्रवाल पर भरोसा कायम रखा है। वह यहां से पहले जीत चुके हैं, इसलिए कांग्रेस को उम्मीद है कि इस बार आप का साथ पाकर जीत का परचम फहरा देंगे। कांग्रेस प्रत्याशी को साफ-सुथरी छवि और पुराने रिश्तों का लाभ मिलने के साथ मुस्लिम मतदाताओं का एक मुश्त समर्थन मिलता नजर आ रहा है। दिल्ली सरकार द्वारा चांदनी चौक का विकास कराने का फायदा भी उनके खाते में है। इसके मुकाबले खंडेलवाल बड़े व्यापारी नेता माने जाते हैं। व्यापारियों के विभिन्न मुद्दों पर उन्होंने केंद्र सरकार से समाधान निकालने की कोशिश की है। इस संघर्ष का चुनाव में उन्हें लाभ मिल रहा है। खंडेलवाल ने प्रचार भगवामय कर रखा है। कभी त्रिशूल तो कभी गदा लेकर निकल पड़ते हैं। ढोल की थाप पर जय श्री राम के नारे लगाती भीड़ साथ चलती है। रोड शो व जनसंपर्क में वह मोदी सरकार के कामकाज तथा राम मंदिर की स्थापना को गारंटी बता रहे हैं। 2019 में इस सीट से भाजपा के डॉ. हर्ष वर्धन ने कांग्रेस के जय प्रकाश अग्रवाल को 2.28 लाख वोटों से हराया था।

## पूर्वी सीट: मिश्रित आबादी क्षेत्र में वोटों के गणित पर टिका जीत का समीकरण

पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर इस बार कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। यहां के भाजपा सांसद पूर्व क्रिकेटर ने चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई थी। भाजपा ने यहां हर्ष मल्होत्रा को प्रत्याशी बनाया है वह मेयर रह चुके हैं। आम आदमी पार्टी ने विधायक कुलदीप कुमार को मैदान में उतारा है। इस लोकसभा क्षेत्र में पंजाबी, ब्राह्मण, गुर्जर, दलित और मुस्लिम के साथ उत्तराखंड के लोग बहुतायत में हैं। इस क्षेत्र में पॉश इलाके भी आते हैं, जिनमें विवेक विहार, प्रीत विहार, निजामुद्दीन ईस्ट, न्यू फ्रैंड्स कॉलोनी शामिल हैं। इसके अलावा जेजे क्लस्टर, त्रिलोकपुरी, कल्याणपुरी, खिचड़ीपुर, शाहीन बाग और ओखला जैसे इलाके भी शामिल हैं। भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनों दलों के प्रत्याशी जनता से वादा कर रहे हैं कि चुने जाने पर वह क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई प्रदान करेंगे। इसके साथ ही दोनों एक-दूसरे के दलों को भी कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी मोदी की गारंटी और योजनाएं लेकर लोगों के बीच जा रहे हैं तो आप प्रत्याशी बेटा बनकर आत्मीयता जोड़ने के साथ मुख्यमंत्री केजरीवाल को लेकर सहानुभूति बनाने का प्रयास करने में जुटे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से भाजपा प्रत्याशी पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर 6,96,156 वोट पाकर जीते थे। कांग्रेस प्रत्याशी अरविंदर सिंह लवली 3,04,934 वोटों के साथ दूसरे स्थान और आप प्रत्याशी आतिशी मार्लेना 2,19,328 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रही थीं।

# पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का : शाह

## तेलंगाना के विकाराबाद और नागरकुर्नूल की चुनावी रैली में केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस को घेरा

हैदराबाद, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और उसके नेताओं पर तीखा प्रहार करते हुए शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने के डर से सबसे पुरानी पार्टी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर भारत का अधिकार छोड़ना चाहती है। राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन तेलंगाना के विकाराबाद और नागरकुर्नूल में चुनावी रैलियों में शाह ने याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आज ही के दिन 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था और देश को परमाणु शक्ति बनाया था।



● देश की पुरानी पार्टी के पास सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमला करने का साहस नहीं

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले करने का साहस नहीं है। देश पर पाकिस्तानी आतंकवादियों के हमले के दस दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक एवं हवाई हमले किए और आतंकवादियों का खात्मा कर दिया।

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर एवं नेशनल कांफ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला के पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने संबंधी बयान पर शाह ने कहा कि वह राहुल गांधी से पूछना चाहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है इसलिए क्या पाक के कब्जे वाले कश्मीर को पड़ोसी देश को दे देना चाहिये। जब तक यहां भाजपा है, ऐसा कभी नहीं हो सकता और पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे। शाह ने कहा कि परमाणु बम के डर से वे पीओके पर हमारा अधिकार छोड़ना चाहते हैं। लेकिन आप चिंता न करें, मोदी जी फिर से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और पाकिस्तान की गोलियों का जवाब तोप से दिया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की कथित टिप्पणी कि तेलंगाना के लोगों का कश्मीर से क्या लेना देना है, शाह ने कहा तेलंगाना के युवा कश्मीर के लिये अपनी जान दे सकते हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की टिप्पणी पर शाह ने कहा कि रेवंत रेड्डी आपका दिमाग ठिकाने पर नहीं है। क्या आपने इसे इटली में रखा है। रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को कहा था कि पुलवामा हमला खुफिया विफलता का नतीजा था। मोदी ने पुलवामा घटना के बाद सर्जिकल स्ट्राइक से राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की। मेरा मोदी से सवाल है कि आप क्या कर रहे हैं?

### आतंकवाद के प्रति कांग्रेस का रुख नरम : सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि आतंकवाद के प्रति उसका रुख नरम रहा है। आपने कांग्रेस की दस साल के शासनकाल के दौरान देखा कि कैसे आतंकवादी हमलों को बर्दाश्त किया गया.... उपयुक्त जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के युवाओं के साथ संवाद के दौरान कहा कि वे इस हद तक पाकिस्तान को डोजियर भेजने में यकीन करते थे कि आपको स्मरण आएगा कि मुंबई में हमला कराने वालों को दंडित नहीं किया गया। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर 26/11 के आतंकवादी हमले के बाद इस डर से कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया कि उसका 'वोटबैंक' खिसक जाएगा। सीतारमण ने कहा कि भारत उस दौर को कभी नहीं भुला पाएगा जब देश में बार-बार आतंकवादी हमले होते थे और कांग्रेस के नेता आतंकवाद के अपराधियों के साथ बैठा करते थे।

# स्पष्ट करें, छेड़खानी के आरोपों पर राज्यपाल को इस्तीफा क्यों नहीं देना चाहिए : ममता

सप्तग्राम (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को राज्यपाल सी वी आनंद बोस पर लगे छेड़खानी के आरोपों को लेकर उनकी आलोचना की और कहा कि उनको यह स्पष्ट करना चाहिए कि उन्हें पद से इस्तीफा क्यों नहीं दे देना चाहिए।

हुगली लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार रचना बनर्जी के समर्थन में चुनावी रैली में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक बोस राज्यपाल बने रहेंगे तब तक वह राजभवन के अंदर कदम नहीं रखेंगी। तृणमूल प्रमुख ने कहा, राज्यपाल कहते हैं कि दीदीगीरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी... लेकिन, श्रीमान राज्यपाल मैं कहती हूं कि आपकी दादागीरी अब काम नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि बोस को साफ



● 24 अप्रैल और दो मई को महिला कर्मी से छेड़खानी का सीवी आनंद बोस पर लगा आरोप

करना चाहिए कि उनके खिलाफ इस तरह के आरोप लगाए जाने के बाद उन्हें इस्तीफा क्यों नहीं देना चाहिए। राजभवन की एक संविदा महिला कर्मचारी ने पिछले हफ्ते कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बोस ने 24 अप्रैल और दो मई को राजभवन में उसके साथ छेड़खानी की थी। बोस ने अपने खिलाफ लगाए आरोपों पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए नौ मई को राजभवन की कई सीसीटीवी फुटेज दिखाई थीं। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्यपाल ने संपादित वीडियो जारी किया। मैंने पूरी फुटेज देखी है।

### महिला कर्मचारी से दुर्व्यवहार की मंत्री ने की आलोचना

**कोलकाता।** प. बंगाल के मंत्री अखिल गिरि ने राजभवन की अस्थायी कर्मचारी से राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा कथित तौर पर दुर्व्यवहार किए जाने की आलोचना की। राज्य के पूर्व मेदिनीपुर जिले के रामनगर में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार उत्तम बारिक के समर्थन में सार्वजनिक रैली में प्रशासनिक सुधार मंत्री गिरि ने कहा कि राज्यपाल बूढ़े हो गए हैं और अत्यधिक गर्मी से अपना आपा खो बैठे हैं। उन्होंने आकर्षित होकर राजभवन की एक महिला कर्मचारी बांहों में खींच लिया होगा। अगर ऐसा है तो उन्हें दक्षिण भारत जाने दें और इस कृत्य को दोहराने दें।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग 43 गुमला-रांची मार्ग पर बतौली थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतिपारा के पास दो वाहनों में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गये। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। शव वाहन में फंसे होने की वजह से पुलिस द्वारा गैस कटर मशीन से वाहन को काट शवों को निकाला गया। बतौली पुलिस के अनुसार शुक्रवार देर रात तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। बताया जा रहा है कि कार अंबिकापुर से सीतापुर की ओर तथा दूसरा वाहन सीतापुर से अंबिकापुर की ओर आ रहा था तभी यह हादसा देखने को मिला।

### दो पक्षों में संघर्ष में दो की मौत, एक दर्जन घायल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के भोपाल जिले के नजीराबाद थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए संघर्ष में दो लोगों की मौत हो गई और लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नजीराबाद इलाके के शुक्ला गांव में जमीन को लेकर दो परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार सुबह जमीन पर कब्जे को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इसी दौरान जसवंत गुर्जर और रंगलाल गुर्जर पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया गया, जिससे उनकी मौत हो गई।

# एसआईटी जांच संबंधी याचिका पर जल्द होगी सुनवाई

कोलकाता, एजेंसी

**चुनावी बॉण्ड घोटाला**

● वकील प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की निगरानी में एसआईटी के गठन की उठाई मांग

वकील प्रशांत भूषण ने चुनावी बॉण्ड को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सबसे बड़ा घोटाला करार देते हुए शनिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय उस याचिका पर शीघ्र सुनवाई शुरू करेगा जिसमें कॉरपोरेट संस्थाओं और राजनीतिक दलों के बीच लाभ लेकर फायदा पहुंचाने की कथित व्यवस्था की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराए जाने का अनुरोध किया गया है।

उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एसआईटी का गठन किया जाना चाहिए। भूषण ने कोलकाता प्रेस क्लब में कहा, शीर्ष अदालत में दायर की गई उस याचिका पर जल्द सुनवाई शुरू होगी जिसमें एसआईटी गठित करने का अनुरोध किया गया है। उच्चतम न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में एक निष्पक्ष एसआईटी का गठन किया जाना चाहिए। एसआईटी में सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को शामिल नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि वे भी इस मामले में आरोपी हैं। भूषण ने कहा कि जांच से पता चलेगा कि चुनावी बॉण्ड घोटाले में कौन शामिल था और राजनीतिक दलों से पैसा कैसे वसूला जा सकता है।

### नोट का जवाब नोटा, तुम्हारा सिक्का खोटा के गूंजे नारे

**इंदौर।** इंदौर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम की ऐन मौके पर नाम वापसी के तगड़े झटके के बाद पार्टी के नोटा के समर्थन में खुलकर मैदान में आने से सोशल मीडिया नये चुनावी नारों से दो-चार हो रहा है। 'नोटा' के पक्ष और विपक्ष में गढ़े गए इन नारों के जरिये कांग्रेस और भाजपा 13 मई को होने वाले मतदान के मद्देजर जनमानस को अपने पाले में खींचने की कवायद में जुटी हैं। इंदौर सीट के 72 साल के इतिहास में पहली बार चुनावी दौड़ से बाहर कांग्रेस ईवीएम पर उपलब्ध 'नोटा' (उपरोक्त में से कोई नहीं) के विकल्प को इंदौर को अपने समर्थित प्रत्याशी के तौर पर पेश करने की हर-मुमकिन कोशिश कर रही है। इस पर भाजपा ने 'नोटा' के खिलाफ जोरदार अभियान छेड़ दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने स्थानीय मतदाताओं से आह्वान किया है कि वे भाजपा को सबक सिखाने के लिए इस बार नोटा का इस्तेमाल करें।

# सेना के जवान की ससुर ने गोली मारकर की हत्या

जम्मू-कश्मीर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शनिवार को सैनिक की उसके ससुर ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि केम्बल डांगा गांव में विलेज डिफेंस गार्ड (वीडीजी) के सदस्य दौलत राम ने अपने दामाद एवं सेना के जवान अमित सिंह पर कथित तौर पर गोली चलाई, जिससे उनकी मौत हो गई।

● वैवाहिक विवाद को लेकर बेटी की पिटाई से नाराज पिता ने गुस्से में मारी गोली

पनासा गांव निवासी दौलत राम छुट्टी पर आए अपने दामाद अमित से मिलने पहुंचा था। जब दौलत राम को पता चला कि अमित सिंह ने वैवाहिक विवाद को लेकर अपनी पत्नी की पिटाई की है तो उसने गुस्से में आकर गोली चला दी, जिससे अमित घायल हो गए। गोलीबारी की घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और अमित सिंह तथा उनकी पत्नी को अस्पताल पहुंचाया। अमित की पत्नी भी पिटाई से घायल हुई हैं। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक उपचार के बाद अमित सिंह को सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन जम्मू ले जाते समय उन्होंने दम तोड़ दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### संदेशखालि से जुड़ी घटनाओं की हकीकत से राष्ट्रपति को अवगत कराने की जरूरत

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शनिवार को कहा कि पार्टी के लिए यह जरूरी हो गया है कि वह संदेशखालि की उन घटनाओं की सच्चाई से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अवगत कराए जिनके चलते सत्तारूढ़ पार्टी और भाजपा के बीच वार-पलटवार शुरू हो गया। पश्चिम बंगाल की मंत्री एवं टीएमसी नेता शशि ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि भाजपा पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि से एक टीम ले गई और देश की राष्ट्रपति के समक्ष झूठी तस्वीर पेश की। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी ओर से संदेशखालि से एक टीम ले जाने जाने की जरूरत है ताकि राष्ट्रपति को अवगत कराया जा सके कि जमीनी स्तर पर असल में क्या हुआ था। हम इसके लिए अपने शीर्ष नेतृत्व से अनुमति मांगेंगे। राष्ट्रपति से मुलाकात करने वाली भाजपा की टीम ने उन्हें गुमराह किया है और भाजपा के लोग झूठ का सहारा ले रहे हैं।

### धमतरी-गरियाबंद जिले की सीमा पर मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के धमतरी और गरियाबंद जिलों की सीमा पर शनिवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

धमतरी जिले के पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि यह मुठभेड़ शनिवार दोपहर तब हुई जब धमतरी से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक दल नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था। उन्होंने बताया कि गोलीबारी रुकने के बाद सुरक्षाबलों ने एक नक्सली का शव बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मारे गए नक्सली की पहचान अब तक नहीं हो पाई है और आस-पास के इलाकों में अब भी तलाश जारी है।

# वेब सीरीज देख रची साजिश, संयोग से हुआ पर्दाफाश

नोएडा, एजेंसी

**कुणाल हत्याकांड**

● पांच मई को जनपद बुलंदशहर की एक नहर में मिला था शव

● मामले में एमबीबीएस छात्रा समेत चार आरोपी गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा में साहूकार के बेटे का अपहरण कर उसकी हत्या के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस का मानना है कि एक संयोग से इसे एक दिन में सुलझाया जा सकता था। जब पुलिस ने जांच शुरू की तो उन्होंने रेस्तरां के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें नजर आया कि 14 वर्षीय कुणाल महिला के बुलाने पर उसके पीछे-पीछे जा रहा था, लेकिन फुटेज में महिला का चेहरा नजर नहीं आया। रेस्तरां में भी सीसीटीवी था, लेकिन आश्चर्य यह है कि जब पुलिस ने जांच की तो एक मई को दोपहर दो बजे के आसपास सीसीटीवी बंद था और इसी समय महिला कुणाल को रेस्तरां से बाहर लेकर गई थी। कुणाल के किशोर रिश्तेदार ने ही सीसीटीवी कैमरे को बंद किया था, क्योंकि वह अक्सर उसके पिता का दोपहिया वाहन बिना पूछे ले जाता था और पकड़े जाने के डर से सीसीटीवी कैमरा बंद कर देता था। नोएडा पुलिस ने बृहस्पतिवार को इस मामले में एमबीबीएस की छात्रा समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने खुलासा किया कि कुणाल के रिश्तेदार मनोज शर्मा (42) और हिमांशु चौधरी ने मिलकर हत्या की साजिश रची थी। दोनों ने कुणाल के पिता कृष्ण कुमार शर्मा से कर्ज लिया था, लेकिन वे इसे चुका नहीं पाए। पुलिस ने बताया कि इस मामले में हिमांशु के दोस्त कुणाल भाटी और उसकी प्रेमिका तन्वी को भी गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ''रेस्तरां के अंदर का सीसीटीवी बंद मिला। जिसके बाद ग्रेटर नोएडा और नोएडा में लगभग 200 अलग-अलग स्थानों के सीसीटीवी फुटेज देखने पड़े। जांच के दौरान पता चला कि रेस्तरां का सीसीटीवी कुणाल के एक रिश्तेदार ने ही बंद किया था। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह कुणाल के पिता का दोपहिया वाहन बिना अनुमति के ले जाता था इसलिए वह अक्सर सीसीटीवी बंद कर देता था ताकि पकड़ा न जाए। पुलिस के अनुसार, कुणाल के किशोर रिश्तेदार का उसकी हत्या से कोई संबंध नहीं था, लेकिन जब उससे पूछा गया कि वह घटना के समय कहां था तो वह बार-बार अपने उत्तर बदल देता था।

### ट्रॉली बैग में भरकर बुलंदशहर ले गए थे शव

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार ने बताया, आरोपियों ने वेब सीरीज के माध्यम से हत्याकांड के सबूत छिपाने और नष्ट करने का तरीका सीखा था, जिससे वे पुलिस को गुमराह कर सकें। उन्होंने बताया, उन्होंने वेब सीरीज देखकर सबूतों को नष्ट करने के लिए कुछ तरकीबों का इस्तेमाल किया, जैसे कार पर स्टिकर बदलना, कपड़े बदलना, शव और ट्रॉली बैग से अपनी उंगलियों के निशान हटाना। साथ ही उन्होंने यह भी सीखा कि अपने मोबाइल फोन से कैसे निपटा जाए। पुलिस के मुताबिक, आरोपी कुणाल के शव को ट्रॉली बैग में भरकर बुलंदशहर ले गये और फिर नहर में फेंकने से पहले उसके सारे कपड़े उतार दिए।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-995 फ्लैग-1115 डीएमओ-880 बोल्ड-1165
**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग-1110 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 950

### कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| गेहूँ दड़ा | 2350-2500 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूँ फारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2000 -4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200 -2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| चना | 5900 -6000 |
| अरहर | 9000 -10000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 3700 -4000 |
| उड़दहरा | 10000 -11000 |
| उड़दकाला | 6000 -8000 |
| मूँग | 8500 -8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहर फूल | 15800-16000 |
| अरहर स्पेशल | 13500-13600 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 4800-4900 |
| मसूरमलका | 7050-7100 |
| मसूरदाल | 7300-7350 |
| उड़ददाल | 9000- 13000 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूँगदाल | 9500 -10500 |
| मूँग धोवा | 10000-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती न01. | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती न02. | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| शाहपसंद | 1325-1350 |

# 15 हजार महिलाएं करेंगी ड्रोन से खेती

## ड्रोन दीदी योजना के लिए महिंद्रा और कौशल विकास तथा उद्यमिता मंत्रालय ने की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

कृषि उपकरण निर्माता कंपनी और ट्रैक्टर निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने ड्रोन दीदी योजना के तहत दो पायलट परीक्षण करने के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के साथ एक समझौता किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साल के आरंभ में शुरू की गई इस योजना का लक्ष्य 15,000 महिलाओं को उर्वरक बुआई, फसल निगरानी और बीज बुआई जैसे कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन संचालन के लिए प्रशिक्षित करना है, जिससे नई प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में कौशल प्रदान करके महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर पैदा हो सकें। इस साझेदारी के तहत, महिंद्रा और एमएसडीई हैदराबाद और नोएडा में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) में 500



● फसल निगरानी और बुआई जैसे कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन संचालन का दिया जाएगा प्रशिक्षण

महिलाओं को कौशल प्रदान करने के लिए दो पायलट कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसमें केवल 20 महिलाओं वाले विशेष बैच होंगे।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित 15 दिवसीय पाठ्यक्रम इन केंद्रों पर आरपीटीओ (रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन) प्रशिक्षकों के माध्यम से वितरित होगा। महिंद्रा ग्रुप के ग्रुप सीईओ और एमडी डॉ. अनीश शाह ने कहा, हमारे इस उदयोन्मुखी दर्शन के अनुरूप, महिंद्रा ग्रुप महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्हें वर्कफोर्स में शामिल होने और आर्थिक स्वतंत्रता हासिल करने के लिए कौशल प्रदान किया जाएगा। एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा कि हम व्यापक प्रशिक्षण के लिए उनकी कृषि विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। कृषि में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ हैदराबाद और नोएडा में दो एनएसटीआई को पायलट कार्यक्रम के लिए चुना गया है। राष्ट्र निर्माण के लिए महिलाओं को कुशल बनाने का हमारा यह मिशन, विशेष रूप से उभरते व्यवसायों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ड्रोन दीदी कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन के माध्यम से यह सहयोग आगे भी बरकरार रहेगा।

### जहीराबाद, तेलंगाना और नागपुर, महाराष्ट्र में दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण केन्द्रों पर एनएसटीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के लिए बुनियादी ढांचा, प्रतिभागियों के लिए छात्रावास सुविधा प्रदान करेगा और भागीदारी बढ़ाने के लिए स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों और गैर सरकारी संगठनों से संपर्क करेगा। महिंद्रा समूह सिमुलेशन मशीनरी/ड्रोन, सिम्युलेटर नियंत्रक, सिम्युलेटर सॉफ्टवेयर, आई5 प्रोसेसर और प्रशिक्षकों के साथ कंप्यूटर के माध्यम से प्रारंभिक सेट-अप सहायता प्रदान करेगा और डीजीसीए लाइसेंस धारक प्रशिक्षकों की लागत सहित पायलट परियोजना की अवधि के लिए परिचालन लागत को पूरा करेगा। देश भर में चिह्नित एनएसटीआई/आईटीआई में ड्रोन दीदी योजना को आगे बढ़ाने में एमएसडीई की सहायता करेंगे। योजना आगे बढ़ाने के लिए, महिंद्रा जल्द ही जहीराबाद, तेलंगाना और नागपुर, महाराष्ट्र में कंपनी के कौशल केंद्रों में महिलाओं के लिए ड्रोन प्रशिक्षण शुरू करेगी।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 86300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55650-55850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 84,100 |
| चांदी तैयार | 84,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 73000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72000 |
| चांदी पक्की | 825 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,100 |
| चांदी आभूषण | 83,500 |

# ऑस्ट्रेलिया में लिथियम संपत्ति का अधिग्रहण करने की तैयारी में खनिज विदेश इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी

खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (काबिल) को इस साल ऑस्ट्रेलिया में लिथियम ब्लॉक हासिल करने की उम्मीद है। खान सचिव वीएल कांथा राव ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि विदेश में खनिज संपत्तियों की खोज के तहत काबिल पिछले साल से ऑस्ट्रेलिया में काम कर रहा है। राव ने यहां काबिल के पंजीकृत कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर कहा, काबिल के ऊपर अन्य देशों पर ध्यान देने की जिम्मेदारी है। हमें ऑस्ट्रेलिया में अपने प्रयासों को बढ़ाना होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान हम एक और संपत्ति को लक्षित करें।

काबिल का स्वामित्व तीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को), हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) और मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (एमईसीएल) के पास है। उन्होंने अगले



● खनिज संपत्तियों की खोज के तहत पिछले साल से ऑस्ट्रेलिया में काम कर रहा है काबिल

अधिग्रहण के बारे में बताया, मैं उम्मीद कर रहा हूं कि यह ऑस्ट्रेलिया होना चाहिए, क्योंकि हम (वहां) पिछले साल से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना के विपरीत, ऑस्ट्रेलिया थोड़ा महंगा होगा, इसलिए काबिल की चुकता पूंजी बढ़ानी होगी।

इस समय काबिल की चुकता पूंजी 100 करोड़ रुपये है। राव ने बताया, हम 500 करोड़ रुपये तक जाने के लिए अधिकृत हैं और हमारे पास 200 करोड़ रुपये तक की मंजूरी है। उन्होंने कहा कि अगले दो से तीन वर्षों में अर्जेंटीना के लिथियम ब्लॉकों में खनन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

# एक जून से बेंगलुरु-देवघर के बीच सीधी उड़ान शुरू करेगी इंडिगो

कोलकाता, एजेंसी

इंडिगो ने एक जून से झारखंड के देवघर और बेंगलुरु के बीच सीधी उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। सीधी उड़ानें सप्ताह में तीन बार मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होंगी।

एयरलाइन ने बताया कि उड़ान संख्या 6ई 6435 बेंगलुरु से सुबह 10.05 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 12.25 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी की उड़ान 6ई 6437 दोपहर 12.55 बजे देवघर से रवाना होगी और 3.25 बजे बेंगलुरु में उतरेगी। इंडिगो ने कहा कि नया मार्ग भारत के दक्षिणी



हिस्से से झारखंड के प्रसिद्ध धार्मिक केंद्रों तक संपर्क बढ़ाएगा। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा कि बेंगलुरु और देवघर के बीच सीधी उड़ान से न केवल ग्राहकों को झारखंड के पवित्र शहर तक पहुंच मिलेगी, बल्कि छात्रों और रोजगार चाहने वालों को भी सुविधा होगी। देवघर प्रसिद्ध बैद्यनाथ मंदिर है, जो भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में एक है।

### गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का आईपीओ 15 मई को खुलेगा

**अहमदाबाद।** गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम आईपीओ 15 मई को खुलेगा। कंपनी ने शनिवार को बयान दिया कि आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 15 मई बुधवार को खुलेगा और 17 मई शुक्रवार को बंद होगा। प्राइस बैंड 258 से 272 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया है। निवेशक न्यूनतम 55 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। 55 शेयरों के मल्टीपल यानी गुणक में बोली लगाई जा सकती है। दस रुपये प्रति इक्विटी शेयर की फेस वैल्यू वाला यह ऑफर फ्रेश इश्यू और ओएफएस यानी ऑफर फॉर सेल का मिक्स है।

# भारत का कपास निर्यात 27 % बढ़कर 28 लाख गांठ होने का अनुमान

मुंबई, एजेंसी

भारतीय कपास संघ (सीएआई) ने शनिवार को अनुमान लगाया कि 24 सितंबर को समाप्त होने वाले फसल वर्ष 2023-24 के दौरान कपास निर्यात लगभग 27 प्रतिशत बढ़कर 28 लाख गांठ हो जाएगा।

सीएआई ने कहा कि फसल सत्र 2022-23 (अक्टूबर-सितंबर) में कपास का निर्यात 22 लाख गांठ था। एक गांठ 170 किलोग्राम के बराबर होती है। सीएआई के अध्यक्ष अतुल गनात्रा ने बताया कि दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान



● अंतर्राष्ट्रीय कीमतों की तुलना में 8-10 प्रतिशत कम होने से भारतीय कपास की मांग बढ़ी

कीमतें अंतर्राष्ट्रीय कीमतों की तुलना में 8-10 प्रतिशत कम होने के कारण भारतीय कपास की मांग बढ़ गई। हमारा कपास मुख्य रूप से बांग्लादेश, चीन और वियतनाम जैसे देशों को निर्यात किया जाता है। सीएआई ने वर्ष 2023-24 के लिए कपास उत्पादन 309.70 लाख गांठ होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले महीने के अनुमान के समान है। हालांकि उत्पादन पिछले सत्र के 318.90 लाख गांठ से कम रहने की उम्मीद है।

अप्रैल 2024 के अंत तक कुल कपास आपूर्ति 315.86 लाख गांठ होने का अनुमान है। अप्रैल 2024 तक कपास की अनुमानित खपत 192.50 लाख गांठ है जबकि निर्यात 21.50 लाख गांठ आंका गया है।

## एक नजर

### शोपियां में दो आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शोपियां पुलिस, सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 14 बटालियन की संयुक्त टीम ने दोनों आतंकवादी सहयोगियों को मलिक चेक क्रॉसिंग पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि दोनों आतंकवादी सहयोगियों के नाम सुहैब इकबाल मलिक और तुफैल यूसुफ मलिक है और दोनों शोपियां के बाबा मोहल्ला में रहते हैं।

### पाकिस्तानी ड्रोन पर जवानों ने की फायरिंग

**श्रीनगर।** बीएसएफ के सतर्क जवानों ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब मंडरा रहे पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि बीएसएफ के जवानों ने शुक्रवार देर रात सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर के नारायणपुर इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन देखा। ड्रोन को रोकने के लिए कुछ राउंड गोलीबारी की।

### कई रॉकेट को लॉन्च करने वाली प्रणाली का परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने एक साथ कई रॉकेट को लॉन्च करने वाली प्रणाली का परीक्षण किया, इस दौरान उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन मौजूद रहे। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया की समाचार समिति ने कहा कि शुक्रवार के परीक्षण से कई रॉकेट को लॉन्च करने की प्रणाली और उसमें उपयोग किए जाने वाले गोलों तथा उनकी विनाशकारी शक्ति का पता चला। समाचार समिति ने कहा कि इस प्रणाली को 2024 से 2026 तक लड़ाकू इकाइयों में तैनात किया जाएगा।

### पाकिस्तान में मुठभेड़ में पांच सैनिक मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में शनिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में पांच सैनिकों की मौत हो गयी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ स्थानीय समयानुसार सुबह पूर्वाह्न 8 :30 बजे हुई। प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में बम निरोधक दल को ले जा रहे एक सैन्य वाहन शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण की चपेट में आ गया। जिसके बाद वाहन पर घात लगाकर बैठे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलाई और मुठभेड़ शुरू हो गयी। मुठभेड़ में दो सैनिक और दो आतंकवादी घायल भी हुए हैं, जबकि घटना के बाद से एक सैनिक लापता है।

### अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** फार्मा ओपियोइड्स को बड़ा झटका देते हुये, स्पेशल टास्क फोर्स (एस टी एफ) ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में एक फार्मा फैक्ट्री से चल रहे अवैध साइकोट्रोपिक पदार्थों और आपूर्ति इकाइयों के निर्माण के एक अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि 70 .42 लाख नशीली गोलियां/कैप्सूल, 725 .5 किलोग्राम नशीली ट्रामाडोल पाउडर और 2 .37 लाख रुपये की नशीली दवाओं की जब्ती के साथ पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में फैले ऑपरेशन चला रहे मास्टरमाइंड सहित सात ड्रग तस्करों/आपूर्तिकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

---

### कैमरे में कैद हुई दुर्लभ तस्वीरें

# ऑरोरा की रंग बिरंगी रोशनी से नहाया लदाख का आसमान

संवाददाता, नैनीताल

● **दोरजे अंगचुक देश के सर्वश्रेष्ठ एस्ट्रो फोटोग्राफरों में से एक**

**अमृत विचार :** लदाख में दुर्लभ ऑरोरा रंग बिरंगी रोशनी की दुर्लभ खगोलीय घटना देखी गई। लद्दाख वेधशाला के प्रभारी इंजीनियर का दोरजे अंगचुक ने ऑरोरा की तस्वीर कैमरे में कैद की हैं। आने वाले दिनो में भी यह घटना देखी जा सकेगी।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक व सौर विज्ञानी प्रो दीपांकर बनर्जी ने बताया कि लदाख से पिछली बार, लगभग एक वर्ष पूर्व लदाख के हानले स्थित वेदशाला से डिटेक्ट की गई थी। भारत के लदाख में ऑरोरा देखा जाना देश ही नही बल्कि दुनिया के लिए बड़ी खबर है। इनके भविष्य में देखे जाने के संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

मगर यह पृथ्वी की दिशा में आने वाले सौर तूफानों पर निर्भर करता है। उन्होंने बताया कि का दोरजे अंगचुक देश के सर्वश्रेष्ठ एस्ट्रो फोटोग्राफरों में से एक हैं। लदाख में ऑरोरा की तस्वीरें कैमरे मे उतारने के लिए जुटे हुए हैं। यह 25 वा सोलर साइकिल चल रहा है। इन दिनों सूर्य मैक्सिमा यानी अत्यधिक सक्रियता के दौर से गुजर रहा है।

जिस कारण पृथ्वी के ध्रुवीय व चुम्बकीय क्षेत्रों में मनमोहक रंग में ऑरोरा नजर आते रहेंगे। लदाख के का दोरजे अंगचुक से फोन पर हुई वार्ता में उन्होंने बताया कि बीती रात तीन बजे तक ऑरोरा की तलाश में जुटे रहे। रात दो से तीन बजे के बीच स्याह अंधेरे में ऑरोरा की तस्वीरें कैमरे में कैद करने की सफलता मिल गई। इन दिनों सूर्य बेहद सक्रिय है और सूर्य की सतह से निरंतर सौर भभुकाएँ उठ रही हैं।



### उड़ान में अभद्र बर्ताव को लेकर यात्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मंगलुरु।** एअर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल की शिकायत के बाद दुबई और मंगलुरु के बीच उड़ान के दौरान अभद्र व्यवहार करने को लेकर एक यात्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि उड़ान के सुरक्षा समन्वयक सिद्धार्थदास ने बाजपे पुलिस थाने में मोहम्मद बी सी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी।

घटना 9 मई की सुबह हुई और उसी दिन शाम को प्राथमिकी दर्ज की गई। मोहम्मद ने 8 मई की रात को एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान से दुबई से मंगलुरु की यात्रा की और अगले दिन सुबह 7.30 बजे मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। विमान के दुबई के लिए उड़ान भरने के बाद उसने चालक दल से कृष्णा नामक व्यक्ति के बारे में पूछा। कृष्णा नाम उस उड़ान के यात्रियों की सूची में नहीं था।

---

# कुवैत के अमीर ने भंग की संसद

## राजनीतिक उठापटक के बीच विभाग कंट्रोल में लिए, कहा-देश के लिए मुश्किल फैसला लिया

कुवैत, एजेंसी

तेल की अकूत संपदा से मालामाल खाड़ी देश कुवैत के नए अमीर शेख मिशाल ने संसद को भंग कर दिया है। अमीर ने सरकारी टीवी पर एक संबोधन में इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने संविधान के कुछ अनुच्छेदों को भी निलंबित कर दिया है। कहा गया है कि ये संविधान पर निलंबन चार साल से ज्यादा नहीं होगा। इस दौरान देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सभी पहलुओं का अध्ययन किया जाएगा। सरकारी टीवी के मुताबिक, इस दौरान नेशनल असेंबली की सभी शक्तियां अमीर और देश की कैबिनेट के पास होंगी।

83 साल के कुवैती अमीर ने कहा कि कुवैत हाल ही में कुछ कठिन समय से गुजर रहा है, जिससे देश को बचाने और अपने उच्चतम हितों को सुरक्षित करने के लिए कड़े फैसले लेने में झिझक या देरी के लिए कोई जगह नहीं बचती है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों राज्य के अधिकांश विभागों में भ्रष्टाचार की पहुंच से कुवैत का माहौल खराब हुआ है। दुर्भाग्य से भ्रष्टाचार सुरक्षा और आर्थिक संस्थानों तक पहुंच गया है। उन्होंने न्याय प्रणाली में भी भ्रष्टाचार होने की बात कही है।

सालों से चल रहा राजनीतिक संकटकुवैत पिछले कुछ सालों से घरेलू राजनीतिक विवादों से घिरा रहा है. देश का वेल्फेयर सिस्टम इस संकट का एक प्रमुख मुद्दा रहा है और इसने सरकार को कर्ज लेने से रोका है. इसकी वजह से अपने तेल भंडार से भारी मुनाफे के बावजूद सरकारी खजाने में पब्लिक सेक्टर के कर्मचारियों को वेतन देने के लिए बहुत कम पैसे बचे हैं. कुवैत में भी दूसरे अरब देशों की तरह शेख वाली राजशाही सिस्टम है, लेकिन यहां की विधायिका पड़ोसी देशों से ज्यादा पावरफुल मानी जाती है।

कुबैत की संसद भंग होने के बाद प्रमुख देश यहां की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।



### लोकतंत्र के गलत इस्तेमाल की कही बात

कुवैती अमीर ने कहा कि मैं देश को बर्बाद करने के लिए लोकतंत्र के गलत इस्तेमाल की अनुमति कभी नहीं दूंगा। क्योंकि कुवैत के लोगों का हित सबसे ऊपर है। कुवैत ने लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक गतिरोध से बाहर निकलने की कोशिश में इसी अप्रैल में राष्ट्रीय चुनाव करवाए थे, जो पिछले कुछ वर्षों में चौथी बार था। कुवैत में भी अरब देशों की तरह शेख वाली राजशाही व्यवस्था है, लेकिन यहां पर विधायिका पड़ोसियों के मुकाबले अधिक प्रभाव रखती है। पिछले कई वर्षों से कुवैत घरेलू राजनीतिक विवाद में फंसा हुआ है। इस गतिरोध ने शेखशाही व्यवस्था को कर्ज लेने से रोक दिया है। इसके चलते तेल भंडार से अपार धन कमाने के बावजूद कुवैत के खजाने में सरकारी कर्मचारियों को वेतन देने के लिए बहुत कम राशि बची है।

### 28 सालों में 12 बार कुवैत की संसद भंग हुई है

कतर की संसद में 50 सदस्य होते हैं, जिसका नेता प्रधानमंत्री होता है। ये सारे सदस्य निर्दलीय रूप से चुने जाते हैं, क्योंकि कुवैत में राजनीतिक पार्टियां पर प्रतिबंध है। इसके अलावा 16 सदस्यों की एक कैबिनेट होती है, जिसे पीएम खुद चुनते है। हालांकि प्रधानमंत्री का पद पर नियुक्ति कुवैत के अमीर ही करते है। और संसद पर भी उन्हीं की ही पकड़ होती है।वे जब चाहे संसद को भंग कर सकते हैं। हालांकि असेंबली भंग करने के 2 महीनों के अंदर ही चुनाव करवाने होते हैं। इससे पहले भी कुवैत की संसद कई बार भंग की जा चुकी है। 2006 से 2024 के बीच लगभग 12 बार कुवैत की जनरल असेंबली को भंग किया जा चुका है। बीबीसी के मुताबिक कुवैत के इतिहास में राजनीतिक उठापटक के कारण 4 बार संसद को भंग किया गया है।

### आईएमएफ को कर्ज चुकाने की पाकिस्तान की क्षमता पर संदेह

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि पाकिस्तान को कर्ज चुकाने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वैश्विक वित्तीय निकाय ने नकदी की कमी से जूझ रहे देश की कर्ज चुकाने की क्षमता पर संदेह किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के बारे में वाशिंगटन स्थित बैंक का आकलन ऐसे वक्त में आया है, जब आईएमएफ सहायता दल शुक्रवार को यहां अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए पहुंचा है। ईएफएफ के तहत नए राहत पैकेज का अनुरोध किया था।

### जम्मू-कश्मीर : छह आतंकवादियों के पुलिस ने जारी किए स्केच

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में हुई मुठभेड़ में शामिल छह आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इन आतंकवादियों ने पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसपैठ की और घने जंगलों में भागने से पहले गोलीबारी में एक गांव के रक्षा गार्ड की गोली मारकर हत्या कर दी।

उधमपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जोगिंदर सिंह ने आतंकवादियों के एक सहयोगी की गिरफ्तारी के साथ इस मामले में पहली सफलता मिलने की घोषणा की। आतंकवादियों के इस सहयोगी ने सीमा पार से घुसपैठ के बाद आतंकियों को इलाके तक पहुंचने में मदद की थी। एसएसपी सिंह ने कहा कि छह आतंकवादियों के ''स्केच'' विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों, जनता और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के आधार पर तैयार किए गए हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा हमें उम्मीद है कि लोग आगे आएंगे और आतंकवादियों को ढेर करने में सुरक्षा एजेंसियों की मदद करेंगे। ग्राम रक्षक (वीडीजी) मोहम्मद शरीफ 28 अप्रैल को बसंतगढ़ के पनारा गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान के बाद आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए थे।

### सांबा में दो अपराधी गिरफ्तार, मामला दर्ज

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में पुलिस ने शनिवार को दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर एक गैंगस्टर सहित तीन लोगों के खिलाफ सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया।

पुलिस ने बताया कि जिले में आपराधिक गिरोहों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गटरू गिरोह के दो कुख्यात अपराधियों को हिरासत में लेकर जेल भेजा गया है। एक की पहचान गिरोह के मुखिया सुमित जंडियाल उर्फ गटारू के रूप में की गई और उस पर जम्मू-कश्मीर सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया गया। गैंगस्टर सुमित और गटारू गिरोह के सदस्य सौरव गुप्ता दोनों सांबा जिला के विजयपुर निवासी ओम प्रकाश के पुत्र हैं और इनके खिलाफ संगठित तरीके से आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इस गिरोह के कारण सार्वजनिक शांति और व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। गैंगस्टर गटारू जिले में अपने भाई सौरव तथा अन्य सदस्यों के साथ मिलकर गटारू गिरोह का संचालन कर रहा है।



● **सार्वजनिक शांति और व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा थे दोनों अपराधी**

---

### दस नेपाली पेशेवर पर्वतारोहियों ने माउंट एवरेस्ट फतह की

काठमांडू, एजेंसी

● **इस मौसम में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने वाला पहला अभियान दल**

नेपाल के दस पेशेवर पर्वतारोहियों ने शुक्रवार रात को माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफलता हासिल की। यह इस मौसम में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने वाला पहला अभियान दल है। इस पर्वतारोहण अभियान का आयोजन करने वाले सेवन समिट ट्रैक के कर्मी थानी गुरगैन ने कहा कि डेंडी शेरपा के नेतृत्व में पर्वतारोहियों की टीम शुक्रवार रात सवा आठ बजे 8,848.86 मीटर ऊंची शिखर पर पहुंची।

पर्वतारोही रस्सियां लगाते हुए पर्वत शिखर पर पहुंचे। ये रस्सियां पर्वतारोहियों को पर्वत पर चढ़ने में सुविधा प्रदान करेंगी। पर्यटन विभाग के पर्वतारोहण अनुभाग के एक अधिकारी चुन बहादुर तमांग ने शुक्रवार रात एक नोटिस जारी करते हुए कहा कि रस्सी लगाने का काम पूरा होने के बाद माउंट एवरेस्ट अब नेपाल और विदेशी पर्वतारोहियों की चढ़ाई के लिए खुल गया है। विभाग के मुताबिक एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ने वाले अन्य पर्वतीय गाइडों में तेनजिंग ग्यालजेन शेरपा, पेम्बा ताशी शेरपा, लकपा शेरपा, दावा रिनजी शेरपा, दावा शेरपा, पाम सोरजी शेरपा, सुक बहादुर तमांग, नामग्याल दोरजे तमांग और लकपा रिनजी शेरपा शामिल हैं। कुल मिलाकर 41 पर्वतारोहण अभियानों से संबद्ध 414 पर्वतारोहियों को इस सीज़न में एवरेस्ट पर चढ़ने की अनुमति मिली है।

### आपातकालीन सेवाओं के लिए पूरे साल खुला रहेगा भारतीय वाणिज्य दूतावास

**न्यूयॉर्क।** यहां भारत के महावाणिज्य दूतावास ने घोषणा की है कि आपात स्थिति के मामले में लोगों की भारत यात्रा में मदद और सुविधा प्रदान करने के लिए यह सभी छुट्टियों सहित पूरे वर्ष खुला रहेगा। वाणिज्य दूतावास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह आम जनता की आपातकालीन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शनिवार और रविवार सहित अन्य सार्वजनिक छुट्टियों के दौरान अपराह्न दो बजे से शाम चार बजे तक खुला रहेगा। यह सुविधा वास्तविक आपात स्थिति वाले लोगों के लिए है। उसने आवेदकों को सलाह दी कि किसी भी आपातकालीन सेवा के लिए आने से पहले उन्हें संबंधित सेवा से जुड़े सहायक दस्तावेजों के बारे में पता लगाने के वास्ते दूतावास के आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे अनुरोध आपातकालीन सेवाओं की श्रेणी में आते हैं।

### गाजा में इजरायली बमबारी में 31 लोगों की मौत, कई घायल

गाजा, एजेंसी

गाजा पट्टी के विभिन्न इलाकों में इजरायली बमबारी में करीब 31 लोग मारे गये व कई अन्य घायल हो गये। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी। इजरायली लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार को मध्य गाजा पट्टी के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिसमें करीब 24 लोग मारे गए। इसके गाजा के उत्तरी क्षेत्र जबालिया में सात अन्य लोग मारे गये।

मिस्र के काहिरा में गुरुवार को इजरायल-हमास संघर्ष विराम पर आयोजित वार्ता विफल होने के बाद इजराइल ने राफा पर हमले तेज कर दिये हैं। संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा कि शहर में इजरायली बमबारी तेज होने के कारण सुरक्षा की तलाश में लगभग 110,000 लोगों को राफा से विस्थापित होना पड़ा। एजेंसी ने बताया कि राफा में 34 यूएनआरडब्ल्यूए चिकित्सा बिंदुओं में से दस को बंद कर दिया गया था और क्षेत्र में इसके तीन परिचालन स्वास्थ्य केंद्र कम क्षमता पर काम कर रहे थे।



### पाकिस्तान की शीर्ष अदालत के फैसले के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन ने 27 आरक्षित सीट गंवायी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पीएमएल-एन की अगुवाई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि प्रांतीय एसेम्बली के अध्यक्ष ने 27 जन प्रतिनिधियों की सदस्यता स्थगित कर दी है। मीडिया ने यह जानकारी दी है। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने एक निचली अदालत के उस फैसले को निलंबित कर दिया जिसमें उसने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल को महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीट में उसका हिस्सा देने से इनकार कर दिया था।

प्रांतीय एसेंबली के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद खान ने आरक्षित सीट पर नियुक्त की गयी महिलाओं और गैर मुसलमानों की सदस्यता स्थगित कर दी। उन्हें पाकिस्तान निर्वाचन आयोग की पिछली अधिसूचनाओं के मार्फत आरक्षित सीट पर नियुक्त किया गया था। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने यह खबर दी है।

---

# रूस ने उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के पांच गांवों पर नियंत्रण का दावा किया

कीव, एजेंसी

रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दावा किया कि रूसी बलों ने उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के पांच गांवों पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। यूक्रेन के पत्रकारों ने शुक्रवार को बताया कि रूसी सैनिकों ने बोरिसिव्का, ओहिरत्सेव, पिल्ना और स्ट्राइलेचा गांवों पर कब्जा कर लिया है और ये सभी गांव यूक्रेन के खार्किव क्षेत्र में स्थित हैं।

रूसी अधिकारियों ने यह भी दावा किया कि उन्होंने प्रांत पर किए गए हालिया हमले में एक अन्य गांव प्लेटेनिव्का पर भी कब्जा कर लिया है। यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि रूसी बलों के हमले के कारण 1,700 से अधिक आम लोगों को क्षेत्र से निकलना पड़ा। खार्किव के गवर्नर ओलेह एस. ने कहा कि हवाई हमलों और बमबारी में 30 से अधिक विभिन्न कस्बों और गांवों को निशाना बनाया गया, जिसमें कम से कम तीन लोग मारे गए और पांच घायल हो गए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेनी बलों ने ड्रोन और मिसाइलों से हमले किये। उसने कहा कि हवाई सुरक्षा प्रणाली ने 21 रॉकेट और 16 ड्रोन को नष्ट कर दिया, जो रूस के बेलगोरोद, कुर्स्क और वोल्गोग्राद प्रांत को निशाना बनाकर दागे गए थे।



### लुगांस्क पर हमले में तीन लोगों की मौत

**लुगांस्क।** यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले शहर लुगांस्क के बाहरी क्षेत्र रोवेंकी में एक तेल डिपो पर मिसाइल हमला किया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गये। स्थानीय नेता लियोनिद पासेचनिक ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा लुगांस्क के रोवेन्की पर आज का हमला संभवत : क्लस्टर हथियारों से लैस अमेरिकी निर्मित एटीएसीएमएस मिसाइलों के साथ किया गया। हमले से तेल डिपो आग की चपेट में आ गया और इसके आसपास के घर भी क्षतिग्रस्त हो गये।

### अगरतला महिला कॉलेज में मोबाइल फोन पर लगा प्रतिबंध

**अगरतला।** त्रिपुरा के अगरतला में महिला कॉलेज की प्रधानाचार्या ने पढ़ाई में विघ्न पढ़ने के कारण मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रधानाचार्या सरबरी नाथ ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा हमारे संज्ञान में आया है कि किशोरियां मोबाइल फोन की आदी होती जा रही हैं और अगर अध्यापिका उनके पास से गुजर भी जाएं तो उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, यानी कि शिक्षण-अधिगम गतिविधियों को प्रभावित करने के साथ-साथ छात्रों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन जाता है। ज्यादातर विद्यार्थी पूरी तरह से फोन में व्यस्त होते जा रहे हैं, हालांकि उनके आस-पास बहुत सी चीज़ें घटित होती हैं, फिर भी वे ऊपर तक नहीं देखते जो बहुत निराशाजनक है। किशोर और किशोरियां कॉलेज आते हैं और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हैं लेकिन अब कॉलेज परिसर में कोई शोर नहीं है, हर कोई मोबाइल पर व्यस्त है।

**एतराज** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष बोली- प्रशासन ने पुलवामा को लक्षित करके लगाए प्रतिबंध

# महबूबा ने चुनाव फिक्सिंग करने का लगाया आरोप

श्रीनगर, एजेंसी

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को पुलवामा जिले में धारा 144 लागू करने पर सवाल उठाया और प्रशासन पर लोकसभा चुनाव को गड़बड़ी करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। महबूबा ने कहा कि अधिकारियों ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में अपराध प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत शनिवार शाम 6.30 बजे से 48 घंटे के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। पुलवामा श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां पर सोमवार को मतदान होना है।

उन्होंने श्रीनगर में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि यह अभूतपूर्व है और ऐसा पहले नहीं हुआ है कि जहां चुनाव होने हैं, वहां प्रतिबंध लगाए गए हैं और वह भी चुनाव प्रचार के समापन के समय में। उन्होंने कहा कि ये प्रतिबंध पुलवामा को लक्षित करके लगाए गए हैं। उधर, महबूबा के आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, पुलवामा के उपायुक्त ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए चुनाव आयोग के पिछले 72 और 48 घंटों से संबंधित विशिष्ट मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत इसे अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि ईसीआई दिशानिर्देश पिछले 72 घंटों और पिछले 48 घंटों के लिए विशिष्ट एसओपी को अनिवार्य करते हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 और धारा 130 और एसओपी संस्करण 2 पैरा 4.1.1, 4.1.2, 4.1.3 के तहत सीआरपीसी की धारा 144 लागू करने का प्रावधान है। ऐसे आदेश अन्य जिलों द्वारा भी जारी किए गए हैं जहां चुनाव हुए थे/ चुनाव होने वाले हैं।

मौन अवधि होने के कारण प्रतिबंध अभियान आदि से संबंधित विशिष्ट गतिविधियों पर लागू होते हैं। पुलवामा के उपायुक्त ने एक्स पर कहा कि प्रतिबंध केवल क्रम में निर्दिष्ट बिंदुओं से संबंधित हैं, सामान्य प्रतिबंधों से नहीं वहीं, महबूबा ने कहा कि पीडीपी कार्यकर्ताओं (जो पार्टी के चुनाव अभियान में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं) पुलिस द्वारा बुलाया जा रहा है और चुनाव से पहले हिरासत में भी लिया जा रहा है। उन्होंने कहा यह केवल पुलवामा तक ही सीमित नहीं है। कुछ दिन पहले सुरनकोट पुंछ में हमला हुआ था।

उसके बाद, हमारे 50-60 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है और एक अजीब माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव आयोग को 1987 के चुनाव दोहराने हैं, तो चुनाव का यह नाटक क्यों? अगर उन्हें इख्वान (सरकार समर्थक बंदूकधारी) या इख्वानों की पार्टी बनानी है, तो उन्हें ऐसा कहना चाहिए।



पत्रकारों को संबोधित करतीं महबूबा मुफ्ती। ● एजेंसी